@haryanavatika www.haryanavatika.in @haryanavatika @haryanavatika

हरियाणा वाटिका

राष्ट्रीय हिंदी दैनिक

लोहारू से प्रकाशित सोच बिल्कुल निष्पक्ष

RNI No-HARHIN/2019/79021 वर्ष : 06, अंक: 117 पृष्ठ: 08, मूल्य: रू. 1.00 मंगलवार, 25 फरवरी 2025 haryanavatika@gmail.com +91-9255149495

प्रेरणास्रोतः स्व. डॉ. एलसी वालिया

प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने पीएम किसान सम्मान निधि के तहत 19वीं किस्त की जारी

हरियाणा के 16 लाख 38 हजार किसानों के खातों में लगभग 360 करोड़ रुपये की राशि डाली गई। मुख्यमंत्री नायब सिंह सैनी ने झज्जर में आयोजित राज्य स्तरीय समारोह में बतौर मुख्य अतिथि की शिरकत

हरियाणा वाटिका/ब्यूरो

झज्जर/चंडीगढ़। आत्मनिर्भर भारत की पहचान सशक्त और समृद्ध किसान की अवधारणा को धरातल पर उतारते हुए प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने आज बिहार के भागलपुर से पीएम किसान सम्मान निधि के तहत देशभर के किसानों के खातों में 19वीं किस्त जारी की। इसमें हरियाणा के 16 लाख 38 हजार किसानों के खातों में लगभग 360 करोड़ रुपये की राशि डाली गई। इस उपलक्ष्य में जिला झज्जर में राज्य स्तरीय किसान सम्मान समारोह का आयोजन किया गया, जिसमें हरियाणा के मुख्यमंत्री नायब सिंह सैनी ने बतौर मुख्य अतिथि शिरकत की। इसके अलावा, सभी जिलों में भी किसान सम्मान समारोह का आयोजन किया गया, जहां कैबिनेट व राज्य मंत्रियों ने शिरकत की। कार्यक्रमों के दौरान प्रधानमंत्री द्वारा किसानों को दिए गए संबोधन को लाइव सुना गया।

अपने संबोधन में मुख्यमंत्री नायब सिंह सैनी ने किसानों का आह्वान किया कि खेती को व्यावसायिक रूप देने के लिए किसान खेती में नवाचार और नई तकनीकों को अपनाएं। अपने उत्पादों की मार्केटिंग स्वयं करें, तभी कृषि को और अधिक लाभकारी बनाया जा सकता है। जैविक और प्राकृतिक खेती की ओर भी कदम बढ़ाएं। संसाधनों का सही उपयोग कर अपनी खेती को समृद्ध बनाएं। सरकार की योजनाओं का लाभ उठाकर स्वयं को आर्थिक रूप से मजबूत बनाएं।

नायब सिंह सैनी ने कहा कि आज झज्जर जिले के भी 77 हजार किसानों के खातों में 17 करोड़ 41 लाख रुपये की राशि डाली गई है। इससे पहले 18 किस्तों में प्रदेश के लगभग 20 लाख किसानों को कुल 6 हजार 203 करोड़ रुपये की राशि दी जा चुकी है।

कृषि को लाभकारी बनाने व किसानों के आर्थिक उत्थान के लिए केन्द्र सरकार ने चलाई अनेक योजनाएं

मुख्यमंत्री ने कहा कि प्रधानमंत्री श्री नरेन्द्र मोदी ने लघु और सीमांत किसानों के आर्थिक हालात को समझते हुए 24 फरवरी, 2019 को 'प्रधानमंत्री किसान सम्मान निधि' योजना का शुभारंभ किया। इसके तहत लघु और सीमांत किसानों को हर वर्ष 6 हजार रुपये की आर्थिक सहायता तीन समान किस्तों में दी जाती है। कृषि को और अधिक लाभकारी बनाने किसानों के आर्थिक उत्थान के लिए केन्द्र सरकार ने प्रधानमंत्री फसल बीमा योजना, किसान क्रेडिट कार्ड योजना, प्रधानमंत्री किसान मानधन योजना, पशुधन बीमा योजना, मृदा स्वास्थ्य कार्ड योजना और परंपरागत कृषि विकास योजना आदि शुरू की हैं।

उन्होंने कहा कि प्रधानमंत्री श्री नरेन्द्र मोदी ने वर्ष 2047 तक विकसित भारत के संकल्प को पूरा करने के लिए 4 स्तम्भों- किसान, गरीब, महिला व युवा पर विशेष जोर देने का आह्वान किया है। प्रधानमंत्री का मानना है कि किसानों की समृद्धि के बिना देश में खुशहाली नहीं आ सकती। उनके इसी विजन को साकार करने के लिए हरियाणा सरकार प्रदेश में किसानों की खुशहाली और कृषि क्षेत्र को लाभकारी बनाने के लिए निरंतर प्रयासरत हैं। हरियाणा सरकार केन्द्र सरकार की विभिन्न योजनाओं को भी कारगर ढंग से लागू कर रही है। ये योजनाएं डबल इंजन सरकार की संकल्पबद्धता का प्रतीक हैं।

उन्होंने कहा कि वर्ष 2014 से पहले देश का कृषि बजट 24 हजार करोड़ रुपये था, जो प्रधानमंत्री श्री नरेंद्र मोदी के नेतृत्व में आज बढ़कर 1,26,000 करोड़ रुपये हो गया है। उन्होंने कहा कि

किसानों को नई तकनीक से जोड़ने, नई सुविधाएं देने, पैदावार बढ़ाने और उसे उपज का लाभकारी मूल्य मिले, इसके लिए प्रधानमंत्री के नेतृत्व में पिछले 10 वर्षों में अनेक योजनाएं चलाई गई हैं। नमो ड्रोन दीदी योजना के माध्यम से आज खेतों में कीटनाशकों व यूरिया का छिड़काव आसानी से हो रहा है, जिससे किसानों को सुविधा हुई है।

प्राकृतिक खेती को हरियाणा सरकार दे रही बढ़ावा

नायब सिंह सैनी ने कहा कि हरियाणा सरकार जैविक खेती को बढ़ावा दे रही है। इसके लिए 'प्राकृतिक खेती पोर्टल' पर लगभग 24 हजार किसानों ने पंजीकरण किया है। इनमें से लगभग 10 हजार किसान 15 हजार 170 एकड़ भूमि पर प्राकृतिक खेती कर रहे हैं। प्रगतिशील किसानों को प्राकृतिक खेती के बारे में शिक्षित करने के लिए गुरुकुल कुरुक्षेत्र, घरौंडा करनाल, हमेटी जींद तथा मंगियाना-सिरसा में प्रशिक्षण केंद्र स्थापित किए गए हैं।

सभी फसल एमएसपी पर खरीदने वाला हरियाणा पहला राज्य

मुख्यमंत्री ने कहा कि हरियाणा देश का ऐसा पहला राज्य बन गया है, जहां न्यूनतम समर्थन मूल्य पर 24 फसलों की खरीद की जाती है। सरकार ने किसानों को सीधे लाभ पहुंचाने के लिए ई-खरीद पोर्टल के माध्यम से पिछले 9 सीजन में 12 लाख किसानों के खातों में एम.एस.पी. पर फसल खरीद के 1 लाख 25 हजार करोड़ रुपये डाले हैं। इसके अलावा, पिछले साल मानसून देरी से आने के कारण किसान को खरीफ फसलों की बिजाई के लिए अतिरिक्त संसाधन जुटाने पड़े। इससे फसल की लागत बढ़ी। इसमें राहत के लिए सभी खरीफ फसलों के लिए हर किसान को 2 हजार रुपये प्रति एकड़ की दर से 1345 करोड़ रुपये का बोनस दिया है।

उन्होंने कहा कि सरकार ने पट्टेदार किसानों और भूमि मालिकों के बीच विश्वास बहाल किया है। पहले भू-मालिकों और काश्तकारों के बीच में जमीन के कब्जे तथा मुआवजे इत्यादि को लेकर विवाद होते रहते थे। अब कृषि भूमि पट्टा एक्ट लागू करके इन विवादों को जड़ से खत्म कर दिया गया है। इसी प्रकार, हमने शामलात भूमि पर 20 वर्षों से काबिज कृषक पट्टेदारों को उस भूमि का मालिकाना हक दिया है।

उन्होंने कहा कि सरकार ने खेतों से गुजरने वाली बिजली की हाई टेंशन लाइनों के लिए मुआवजा नीति बनाई है। इसमें टावर एरिया की जमीन के लिए मार्केट रेट के 200 प्रतिशत व लाइन के नीचे की भूमि के लिए मार्केट रेट के 30 प्रतिशत मुआवजे का प्रावधान किया है।

मुख्यमंत्री ने कहा कि जल संरक्षण के लिए हरियाणा सरकार मेरा पानी-मेरी विरासत' योजना के तहत धान की जगह वैकल्पिक फसलें उगाने के लिए किसानों को 7 हजार रुपये प्रति एकड़ की दर से वित्तीय सहायता प्रदान कर रही है। इस योजना में 1 लाख 29 हजार किसानों के खातों में 148 करोड़ रुपये की वित्तीय सहायता डाली गई।

मुख्यमंत्री नायब सिंह सैनी के नेतृत्व में किसानों के कल्याण के लिए निरंतर कार्य कर रही हरियाणा सरकारः ओम प्रकाश धनखड़

पूर्व कृषि मंत्री ओम प्रकाश धनखड़ ने कहा कि मुख्यमंत्री श्री नायब सिंह सैनी के नेतृत्व में हरियाणा सरकार किसानों के कल्याण के लिए निरंतर कार्य कर रही है। उन्होंने कहा कि किसानों की सभी फसलें एमएसपी पर खरीदने वाला हरियाणा पहला राज्य है। किसानों को जोखिम फ्री बनाने के लिए भावांतर भरपाई जैसी योजनाओं को लागू किया है। उन्होंने कहा कि झज्जर के आस-पास के क्षेत्र में जलभराव के कारण मछली पालन के क्षेत्र में काफी संभावनाएं हैं। ओरनामेंटल मछली पालन का एक्सीलेंस सेंटर स्थापित करने की दिशा में कार्य किया जाना चाहिए।

इस अवसर पर भाजपा प्रदेशाध्यक्ष मोहन लाल बडौली, विधायक राजेश जून सहित बड़ी संख्या में किसान उपस्थित थे।

'नेता प्रतिपक्ष ना होने से लोकायुक्त सहित अन्य पदों पर नहीं हो पा रही नियुक्ति'

रांची

राज्य में लोकायुक्त, मानवाधिकार आयोग के अध्यक्ष, मुख्य सूचना आयुक्त, सूचना आयुक्त सहित अन्य संवैधानिक पदों पर नियुक्ति की मांग को लेकर दाखिल जनहित याचिका पर सोमवार को हाईकोर्ट में सुनवाई हुई। इस दौरान राज्य सरकार की ओर से कोर्ट को बताया गया कि नेता प्रतिपक्ष का चुनाव नहीं होने के कारण उक्त नियुक्तियां नहीं हो पा रही हैं। इसके बाद अदालत ने इस मामले की अगली सुनवाई के लिए मार्च माह के अंतिम सप्ताह की तिथि निर्धारित की है।

दिल्ली विधानसभा - मंत्री विधायकों ने ली सदस्यता की शपथ

नई दिल्ली/हरियाणा वाटिका/एजेंसी

भारतीय जनता पार्टी (भाजपा) की सरकार बनने का बाद आज से नवनिर्वाचित दिल्ली विधानसभा का तीन दिवसीय सत्र शुरू हुआ। आठवीं विधानसभा के पहले सत्र के पहले दिन आज मुख्यमंत्री, मंत्रियों एवं नवनिर्वाचित विधायकों ने सदस्यता की शपथ ली। शपथ ग्रहण के बाद सर्वसम्मति से वरिष्ठ भाजपा नेता विजेन्द्र गुप्ता को दिल्ली विधानसभा का अध्यक्ष निर्वाचित किया गया। विधानसभा सत्र के शुरू होने से उपराज्यपाल वीके सक्सेना ने प्रोटेम स्पीकर के तौर पर वरिष्ठ भाजपा विधायक अरविंदर सिंह लवली को शपथ दिलाई। इसके बाद विधानसभा में अरविंदर सिंह लवली ने एक-एक कर मुख्यमंत्री, मंत्रियों और विधायकों

को सदस्यता की शपथ दिलाई। मुख्यमंत्री रेखा गुप्ता ने सबसे पहले शपथ ली। इसके बाद उनके छह कैबिनेट मंत्रियों प्रवेश वर्मा, आशीष सूद, मनजिंदर सिंह सिरसा, रविंदर इंद्राज सिंह, कपिल मिश्रा और पंकज कुमार सिंह ने शपथ ली। इसके शेष सभी विधायकों ने क्रमानुसार शपथ ली।

शपथ ग्रहण के बाद सदन की कार्यवाही दोबारा शुरू होने पर दिल्ली की मुख्यमंत्री रेखा गुप्ता ने विजेन्द्र गुप्ता को सदन का अध्यक्ष बनाए जाने का प्रस्ताव रखा।

इस प्रस्ताव का मंत्री मनजिंदर सिंह सिरसा और अन्य सदस्यों ने समर्थन किया। विजेन्द्र गुप्ता के अलावा किसी अन्य का अध्यक्ष बनाने का प्रस्ताव नहीं आया। इसके बाद प्रस्ताव पर सदन की सहमति ली गई और उन्हें अध्यक्ष निर्वाचित घोषित किया गया।

महाकुम्भ में बॉलीवुड और अध्यात्म का अद्भुत मिलन, अभिनेता अक्षय व सोनाली बेंद्रे ने लगाई आस्था की डुबकी

महाकुम्भ नगर/हरियाणा वाटिका/एजेंसी

भारतीय संस्कृति के सबसे बड़े आयोजन महाकुम्भ में बॉलीवुड और अध्यात्म का अद्भुत संगम देखने को मिल रहा है। फिल्म इंडस्ट्री के दिग्गज कलाकार अक्षय कुमार ने सोमवार को जहां एक ओर त्रिवेणी संगम में आस्था की डुबकी लगाई और आध्यात्मिक अनुभूति प्राप्त की तो वहीं एक्ट्रेस कटरीना कैफ ने भी स्वामी चिदानंद सरस्वती के आश्रम में पहुंचकर सनातन संस्कृति के पावन पर्व की सुखद अनुभूति प्राप्त की। महाकुम्भ में बॉलीवुड सितारों की उपस्थिति यह दशार्ती है कि चाहे आप किसी भी पेशे में हों, आध्यात्मिक शांति और संतुलन अत्यंत आवश्यक है।

संगम में स्नान करने के बाद बॉलीवुड स्टार अक्षय कुमार ने कहा कि मैंने खूब आनंद लिया। इस बार की व्यवस्था बहुत शानदार है। मैं मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ को धन्यवाद देना चाहता हूं कि उन्होंने इतनी बेहतरीन व्यवस्था करवाई। 2019 के कुम्भ में लोगों को काफी दिक्कतें होती थीं, लेकिन इस बार सब कुछ बहुत सुव्यवस्थित है। अंबानी और अदानी समेत बड़े उद्योगपति, बड़े सितारे यहां आ रहे हैं, जिससे महाकुम्भ की भव्यता और बढ़ गई है। कटरीना कैफ ने किया आध्यात्मिक अनुभवबॉलीवुड की प्रसिद्ध अभिनेत्री कटरीना कैफ ने भी महाकुम्भ में आध्यात्मिक यात्रा का अनुभव किया। उन्होंने परमार्थ निकेतन शिविर में स्वामी चिदानन्द सरस्वती और साध्वी भगवती सरस्वती से भेंटवार्ता की। इस अवसर पर उन्हें भगवान शिव की मूर्ति और रुद्राक्ष का पौधा भेंट किया गया।

स्वामी चिदानन्द सरस्वती जी ने कहा कि जब बॉलीवुड जैसी लोकप्रिय इंडस्ट्री के सितारे महाकुम्भ में आते हैं, तो यह युवाओं को धर्म और संस्कृति से जोड़ने का कार्य करता है। यह संदेश देता है कि आध्यात्मिकता केवल साधु-संतों तक सीमित नहीं, बल्कि जीवन का अभिन्न अंग हो सकती है। साध्वी भगवती सरस्वती ने कहा कि युवा पीढ़ी को यह समझना चाहिए कि अध्यात्म सिर्फ बुजुर्गों या साधु-संतों के लिए नहीं है।

एफटीए पर बातचीत शुरू करने के लिए भारत पहुंचे ब्रिटेन के मंत्री

नई दिल्ली/हरियाणा वाटिका/एजेंसी

यूनाइटेड किंगडम (यूके) के व्यापार और वाणिज?य मंत्री जोनाथन रेनॉल्ड्स भारत और यूनाइटेड किंगडम के बीच मुक्त व्यापार समझौते (एफटीए) पर बातचीत को फिर से शुरू करने के लिए सोमवार को नई दिल्ली पहुंचे। भारत पहुंचने पर उन्होंने केंद्रीय वाणिज्य मंत्री से मुलाकात की। भारत-ब्रिटेन आठ महीने के अंतराल के बाद एफटीए पर बातचीत की शुरूआत फिर से करेंगे। केंद्रीय वाणिज्य एवं उद्योग मंत्री पीयूष गोयल ने ह्यएक्सह्व पोस्ट पर जारी बयान में कहा, "ब्रिटेन के व्यापार और वाणिज्य सचिव जोनाथन रेनॉल्ड्स से मिलकर और उनका अतुल्य भारत में स्वागत करके बहुत खुशी हुई। उन्होंने आगे लिखा है कि चचाओं से भरपूर एक दिन का बेसब्री से इंतजार है।" ब्रिटेन के व्यापार और व्यापार सचिव जोनाथन रेनॉल्ड्स और वाणिज्य एवं उद्योग मंत्री पीयूष गोयल के बीच एफटीए पर 15वें दौर की बातचीत ट्रंप के नए टैरिफ की छाया में होगी, जिसने दुनिया को अनिश्चितता में डाल दिया है। उधर, यूके सरकार के एक बयान के अनुसार दोनों देशों के बीच एफटीए पर दो दिवसीय बातचीत का उद्देश्य एक आधुनिक आर्थिक सौदे पर चर्चा को आगे बढ़ाना है, जो द्विपक्षीय व्यापार संबंधों को मजबूत करेगा। इसके साथ ही दोनों देशों के लिए आर्थिक विकास प्रदान करेगा।

इस बार का हाउस टैक्स जमा कराने वालों का पिछला बकाया होगा माफः आप

नई दिल्ली/हरियाणा वाटिका/एजेंसी

दिल्ली नगर निगम की सत्ता में काबिज आम आदमी पार्टी ने ऐलान किया है कि समय से वित्तीय वर्ष 2024-25 के हाउस टैक्स का भुगतान करने वालों का पिछला बकाया सारा हाउस टैक्स माफ कर दिया जाएगा। इसके साथ ही वित्तीय वर्ष 2025-26 में 100 से 500 गज के मकानों का हाउस टैक्स आधा किया जाएगा। आम आदमी पार्टी के नेताओं ने आज पत्रकार वार्ता कर इसकी जानकारी दी। आम आदमी पार्टी के वरिष्ठ नेता व सांसद संजय सिंह, नेता दुर्गेश पाठक, मेयर महेश खींची और नेता सदन मुकेश गोयल ने सोमवार को पार्टी मुख्यालय में संयुक्त प्रेसवार्ता की।

इसमें उन्होंने कहा कि जो भी तय समय सीमा के अंदर वित्तीय वर्ष 2024-25 का पूरा हाउस टैक्स जमा कर देंगे, उनका पिछला बकाया सारा हाउस टैक्स माफ कर दिया जाएगा। उन्होंने बताया कि दिल्ली के तेरह सौ हाउसिंग अपार्टमेंट को हाउस टैक्स में कोई रियायत नहीं मिलती थी। अब इनका भी अगले वित्तीय वर्ष में 25 फीसद हाउस टैक्स माफ कर दिया जाएगा। 25 फरवरी को होने वाले एमसीडी सदन में आम आदमी पार्टी इस प्रस्ताव को पास कराएगी। संजय सिंह ने कहा कि आम आदमी पार्टी ने हमेशा से आम लोगों के फायदे और उनकी जिंदगी में सहूलियत देने के लिए काम किया है। आआपा ने एमसीडी के बारे में कुछ महत्वपूर्ण निर्णय लिए हैं।

संयुक्त राष्ट्र शांति स्थापना मिशनों में महिलाओं की मौजूदगी दीर्घकालिक शांति समझौते में अधिक प्रभावी : राष्ट्रपति

नई दिल्ली/हरियाणा वाटिका/एजेंसी

राष्ट्रपति द्रौपदी मुर्मू ने सोमवार को राष्ट्रपति भवन में वैश्विक दक्षिण की महिला शांति सैनिकों के सम्मेलन की प्रतिभागियों से मुलाकात की। इस अवसर पर राष्ट्रपति ने कहा कि संयुक्त राष्ट्र शांति स्थापना मिशनों में महिलाओं की अधिक मौजूदगी हिंसा को कम करने और दीर्घकालिक शांति समझौते हासिल करने में अधिक प्रभावी होती है।

प्रतिभागियों को संबोधित करते हुए राष्ट्रपति ने कहा कि शांति स्थापना मिशन में महिलाओं की मौजूदगी इसे और अधिक विविधतापूर्ण और समावेशी बनाती है। महिला शांति रक्षकों की अक्सर स्थानीय समुदायों तक बेहतर पहुंच होती है और वे महिलाओं और बच्चों के लिए रोल मॉडल के रूप में काम कर सकती हैं। वे लिंग आधारित हिंसा से निपटने, विश्वास बनाने और संवाद को बढ़ावा देने के

लिए बेहतर ढंग से सुसज्जित हैं। राष्ट्रपति ने कहा कि महिला कर्मियों के उच्च प्रतिशत वाले शांति मिशन हिंसा को कम करने और दीर्घकालिक शांति समझौते हासिल करने में अधिक प्रभावी रहे हैं। इसलिए यह आवश्यक है कि हम संयुक्त राष्ट्र शांति मिशनों में अधिक महिलाओं को शामिल करें। राष्ट्रपति ने संयुक्त राष्ट्र शांति स्थापना में भारत के योगदान के गौरवशाली इतिहास को याद किया, जिसमें 2,90,000 से अधिक भारतीय शांति सैनिकों ने 50 से अधिक संयुक्त राष्ट्र शांति मिशनों में सेवा की है। आज, अंतरराष्ट्रीय शांति और सुरक्षा के लिए, अक्सर प्रतिकूल परिस्थितियों में तैनात 9 सक्रिय मिशनों में 5000 से अधिक भारतीय शांति सैनिक हैं। उन्हें यह जानकर खुशी हुई कि भारतीय महिला शांति सैनिक कर्तव्य की पुकार में सबसे आगे रही हैं। आज छह चल रहे संयुक्त राष्ट्र मिशनों में 154 से अधिक भारतीय महिला शांति सैनिक तैनात हैं। 1960 के दशक में कांगो से लेकर 2007 में लाइबेरिया में पुलिसिंग तक, हमारी महिला शांति सैनिकों ने व्यावसायिकता और आचरण की उच्चतम परंपराओं का प्रदर्शन किया है। महिला शांति सैनिक नई दिल्ली में शांति स्थापना में महिलाएंः वैश्विक दक्षिण का परिप्रेक्ष्यह्व विषय पर आयोजित सम्मेलन में भाग लेने के लिए आई हैं। इस सम्मेलन का आयोजन भारत सरकार के विदेश मंत्रालय द्वारा रक्षा मंत्रालय और संयुक्त राष्ट्र शांति स्थापना केंद्र, नई दिल्ली के साथ साझेदारी में किया जा रहा है। इस सम्मेलन का उद्देश्य वैश्विक दक्षिण की महिला अधिकारियों को एक साथ लाना है ताकि शांति स्थापना के लिए समकालीन प्रासंगिकता के मुद्दों और शांति स्थापना मिशनों के सामने आने वाली विभिन्न चुनौतियों पर चर्चा की जा सके।

महिला संदिग्ध परिस्थितियों में लापता

हरियाणा वाटिका/रवि कुमार

सिरसा, 24 फरवरी। गांव ढाणी संता सिंह से एक महिला संदिग्ध परिस्थितियों में लापता हो गई।

पुलिस को दी शिकायत में महिला के पति ने बताया कि उसकी पत्नी बीती 22 फरवरी की शाम को राजस्थान में अपने मायके जाने के घर से निकली थी, लेकिन वह न तो मायके पहुंची और न ही घर वापस। उन्होंने अपने स्तर पर आस पड़ोस व रिश्तेदारी में उसकी काफी तलाश की लेकिन कोई सुराग नहीं लगा। जिसके पुलिस को सूचित किया गया। पुलिस ने शिकायत के आधार पर केस दर्जकर आगामी कार्रवाई शुरू कर दी है।

एक पेड़ मां के नाम अभियान के तहत ट्रस्ट ने किया पौधारोपण

हरियाणा वाटिका/रवि कुमार

सिरसा, 24 फरवरी। प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी व हरियाणा के मुख्यमंत्री नायब सिंह सैनी द्वारा चलाए गए एक पेड़ मां के नाम अभियान के तहत सोमवार को बाबा सरसाई नाथ सेवा ट्रस्ट की ओर से सोमवार को शहर के राधा-कृष्ण पार्क व भाई कन्हैया पार्क में पौधारोपण अभियान चलाया गया।

ट्रस्ट के प्रधान रविंद्र सैनी ने बताया कि इस अभियान केतहत दोनों पार्कों में अनेक फलदार, फूलदार, छायादार व औषधीय पौधे लगाए गए। ट्रस्ट के प्रधान नेता रविंद्र सैनी ने कहा कि मुख्यमंत्री नायब सिंह सैनी के आह्वान पर ट्रस्ट द्वारा लगातार शहर के विभिन्न पार्कों में पौधे लगाने का अभियान जारी है। उन्होंने बताया कि पौधारोपण अभियान से जहां जहां ग्लोबल वार्मिंग की समस्या का समाधान होगा, वहीं आमजन को हरा भरा वातावरण मिलेगा। उन्होंने आमजन से आह्वान किया कि वे पर्यावरण संरक्षण के लिए अधिक से अधिक पौधे लगाएं। इस अवसर पर समाजसेवी रणजीत टक्कर, प्रवीन कपूर, डॉ. सुमित सैनी, प्रमोद कुमार, मायादेवी, शांति देवी, पिंटू, नव्या व प्रिंस मौजूद रहे।

बाहर की स्वच्छता के साथ, अंदर की स्वच्छता भी जरूरी: माता सुदीक्षा

हरियाणा वाटिका/रवि कुमार

सिरसा, 24 फरवरी। संत निरंकारी मिशन के प्रोजेक्ट अमृत के अंतर्गत स्वच्छ जल-स्वच्छ मन परियोजना के तृतीय चरण के तहत माता सुदीक्षा एवं सत्कार योग्य निरंकारी राजपिता रमित के आशीर्वाद से राष्ट्रव्यापी जल संरक्षण एवं स्वच्छता अभियान चलाए गए। इसके तहत सिरसा के रेलवे स्टेशन, रेलवे अस्पताल व साथ जुड़े भवनों में स्वच्छता अभियान चलाया गया, जिसमें निरंकारी सेवादल के सैकड़ों स्वयंसेवकों ने पूरी तन्मयता से सफाई की।

माता सुदीक्षा ने अपने संदेश में कहा कि जल अमृत है और सबसे जरूरी प्राकृतिक उपहार है, इसको स्वच्छ रखना और इसका संरक्षण करना हमारी सभी की जिम्मेदारी है। इन सेवाओं को अगर मन से किया जाएगा, तभी ये सेवा कहलाती हैं वरना ये सिर्फ एक दिन की क्रियाएं बन कर रह जाती है। उन्होंने कहा कि जैसे बाहर की स्वच्छता जरूरी है उसी तरह हमारे मन की स्वच्छता भी जरूरी है। उन्होंने आह्वान किया कि जल संरक्षण को सिर्फ एक दिन का अभियान न समझ कर हर दिन का अभियान समझें और जरूरत से ज्यादा जल का इस्तेमाल न करते हुए इसे व्यर्थ होने से बचाएं। इसके साथ ही उन्होंने बाबा हरदेव सिंह के संदेश को दोहराते हुए सभी को अध्यात्म के रास्ते पर चलते हुए मानव कल्याण कल्याण का संदेश दिया। जोनल इंचार्ज रमन नागपाल ने बताया कि प्रोजेक्ट अमृत के अंतर्गत आज टोहाना जोन के 28 स्थानों पर सरकारी हॉस्पिटल, डिस्पेंसरी, रेलवे स्टेशन, सार्वजनिक स्थल, जलाशय, तालाबों पर सफाई अभियान चलाया गया, जिसमें सिरसा समेत डबवाली, ऐलनाबाद, टोहाना, कालांवाली में रेलवे स्टेशनों, रेलवे अस्पतालों व रेलवे भवनों की सफाई की गई। वहीं चौटाला, रानियां, बप्पां, पंजुआना, नेजाडेला कलां, रोड़ी, भूना, जाखल, रतिया, नरवाना, बड़ौदा, सफीदों, दाहोला समेत कई अन्य स्थानों के हजारों निरंकारी भक्त और सेवादल सदस्य अपने निश्चित स्थानों पर एकत्रित हुए और अस्पतालों, सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्रों में सफाई अभियान चलाया। जींद व जुलाना में विभिन्न धार्मिक स्थानों पर भी सफाई अभियान चलाया गया। इस दौरान जींद में हरियाणा के डिप्टी स्पीकर कृष्ण मिढा ने व नरवाना में कैबिनेट मंत्री कृष्ण बेदी ने निरंकारी मिशन के अभियान में शामिल होकर जल संरक्षण व स्वच्छता मुहिम की तारीफ की। मंडल के सचिव जोगिंदर सुखीजा ने बताया कि यह वृहद अभियान देशभर में 27 राज्यों एवं केंद्र शासित प्रदेशों के 900 से अधिक शहरों में 1650 से भी अधिक स्थानों पर आयोजित किया गया।

गाड़ी चोरी के दो युवक काबू, गाड़ी बरामद

हरियाणा वाटिका/रवि कुमार

सिरसा, 24 फरवरी। नाथूसरी चौपटा थाना पुलिस ने जांच के दौरान गांव कागदाना क्षेत्र में मेले से पिकअप गाड़ी चोरी की घटना को सुलझाते हुए दो युवकों को काबू कर लिया है।

नाथूसरी चौपटा थाना प्रभारी इंस्पेक्टर सुखदेव सिंह ने बताया कि गिरफ्तार किए गए आरोपियों की पहचान सुखजिंद्र सिंह उर्फ चूई पुत्र दर्शन सिंह निवासी गांव केलिया, जिला संगरुर पंजाब व रिंकू उर्फ लाल पुत्र पाला राम निवासी गांव सिंघानी जिला फतेहाबाद के रुप में हुई है। उन्होंने बताया कि कंगनपुर निवासी गुलशन कुमार पुत्र बहादुर चंद ने पुलिस को दी शिकायत में बताया था कि वह मेले में खिलौने बेचने का काम करता है।

बीती 8 फरवरी को वह गांव कागदान में लगे मेले में खिलौने बेचने में व्यस्थ था। इसी दौरान कोई अज्ञात युवक उसकी गाड़ी चोरी करके ले गया। उन्होंने बताया कि शिकायत के आधार पर नाथूसरी चौपटा थाना में गाड़ी चोरी का मामला दर्ज कर जांच शुरू की गई। उन्होंने बताया कि थाना की एक पुलिस टीम ने जांच के दौरान महत्वपूर्ण सूचना के आधार पर कार्रवाई करते हुए गांव रामपुरा बगडियां क्षेत्र से दो युवकों को काबू कर उनकी निशानदेही पर चोरीशुदा पिकअप गाड़ी बरामद कर ली है। उन्होंने बताया कि गिरफ्तार किए गए आरोपियों का अपराधिक रिकार्ड खंगाला जा रहा है। थाना प्रभारी ने बताया की गिरफ्तार किए गए आरोपियों को अदालत में पेश किया गया जहां से उसे न्यायिक हिरासत में जेल भेजा गया है।

पेयजल को लेकर नागरिकों को न हो परेशानी: उपायुक्त महावीर कौशिक

अधिकारियों को दिए पेयजल का उचित प्रबंधन करने के निर्देश

हरियाणा वाटिका/मनोज मलिक

भिवानी, 24 फरवरी। उपायुक्त महावीर कौशिक ने सुचारू रूप से पेयजल सप्लाई सुनिश्चित करने के निर्देश दिए हैं। उपायुक्त आज अपने कार्यालय में पेयजल आपूर्ति को लेकर अधिकारियों की समीक्षा बैठक की अध्यक्षता कर रहे थे।

महावीर कौशिक ने अधिकारियों को पेयजल का उचित प्रबंध करने के निर्देश देते हुए कहा कि आम नागरिक को पेयजल को लेकर कोई समस्या नहीं होनी चाहिए। इसके साथ ही उन्होंने अधिकारियों से आपसी तालमेल के साथ कार्य करने के निर्देश दिए और कहा कि पेयजल के उचित प्रबंधन के लिए हर संभव कदम उठाए जाएं। उन्होंने कहा कि अधिकारी पेयजल की उपलब्धता को लेकर सभी विकल्पों पर विचार करें ताकि निर्बाध गति से पेयजल आपूर्ति हो सके। उन्होंने कहा कि पंप हाउस पर एडवांस मोटर रखें ताकि खराब होने की स्थिति में तुरंत बदला जा सके। उन्होंने बिजली विभाग के अधिकारियों को निर्देश दिए कि मिताथल हैड पर निर्बाध गति से बिजली आपूर्ति की जाए। इसके साथ ही उन्होंने नहर के अंदर ही पानी स्टोरेज करने के विकल्प पर भी कार्य करने के निर्देश दिए।

उन्होंने नागरिकों से भी अपील की कि वे पानी को बर्बाद ना करें। उन्होंने कहा कि अक्सर घरों के पार्कों में पानी देने व गाड़ी धोने में पानी की बबार्दी की जाती है, जिससे बचना चाहिए। बैठक में सिंचाई विभाग के अधिकारियों ने बताया कि नागरिकों को पेयजल आपूर्ति करने के लिए तीन वाटर वर्क्स बनाए गए हैं। उनकी क्षमता 211 करोड़ लीटर प्रतिदिन की है। उन्होंने बताया कि 24 दिन नहर बंद रहती है और 16 दिन नहर में पानी आता है। इस दौरान ही स्टोरेज का कार्य किया जाता है। इसके लिए मिताथल हेड बनाया गया है, जहां से पाइपलाइन के माध्यम से पानी जल घरों तक लाया जाता है। बैठक में सीवरेज व्यवस्था को लेकर भी समीक्षा की गई और उपायुक्त महावीर कौशिक ने आवश्यक दिशा निर्देश जारी किए। उन्होंने कहा कि सीवरेज की सफाई का कार्य जल्द से जल्द शुरू किया जाए। अधिकारियों ने उपायुक्त को बताया कि सीवरेज को साफ करने के लिए टेंडर लगा दिया गया है और जल्द ही कार्य शुरू हो जाएगा। बैठक में वन विभाग से डॉ. राजेश वत्स, सिंचाई विभाग के एसई दिनेश राठी, बिजली विभाग का कार्यकारी अभियंता संजय रंगा, एसई जनस्वास्थ्य विभाग से डीएस दलाल व सुनील रंगा अधिकारी मौजूद रहे।

विधि विभाग के छात्रों ने लिया राष्ट्रीय मूट कोर्ट प्रतियोगिता में भाग- 9 राज्यों से 26 टीमों ने लिया भाग

हरियाणा वाटिका/रवि कुमार

सिरसा, 24 फरवरी। चौधरी देवीलाल विश्वविद्यालय के विधि विभाग की मूट कोर्ट टीम ने विभाग के अधिष्ठाता प्रोफेसर अशोक कुमार मक्कड़ व विभागाध्यक्ष प्रोफेसर मुकेश गर्ग के दिशा-निर्देशन में टांटिया विश्वविद्यालय, श्रीगंगानगर द्वारा आयोजित प्रथम एस.एस. टांटिया मूड कोर्ट प्रतियोगिता में भाग लिया।

विभाग की मूट कोर्ट टीम का नेतृत्व असिस्टेंट प्रोफेसर डॉ. विकास पूनिया व वकील मेहरा ने किया जिसमें बीए एलएलबी 8वें सेमेस्टर से कशिश भटनागर, एलएलबी द्वितीय सेमेस्टर से महक वर्मा व बीए एलएलबी चौथे सेमेस्टर से कृष शर्मा ने भाग लिया।

इस प्रतियोगिता में देश के नौ राज्यों से आई 26 टीमों जिसमें महाराष्ट्र, कर्नाटक, गुजरात, पंजाब, राजस्थान, हरियाणा, दिल्ली, उत्तर प्रदेश व उत्तराखंड आदि से प्रतिभागियों ने भाग लिया व अपनी प्रतिभा का प्रदर्शन किया। चौधरी देवीलाल विश्वविद्यालय के विधि विभाग की टीम ने उत्कृष्ट प्रदर्शन करते हुए पहले दो राउंड को पार करते हुए प्रथम आठ टीमों में अपना स्थान बनाया। इस प्रतियोगिता में विधि विभाग के असिस्टेंट प्रोफेसर डॉ. विकास पूनिया ने जज की भूमिका निभाई। डॉ. पूनिया ने बताया कि विभाग द्वारा समय-समय पर विभिन्न प्रतियोगिताओं में भाग लिया जाता है जो विधि विभाग के छात्रों के विधिक ज्ञान वृद्धि और व्यवहारिक ज्ञान को बढ़ाने में महत्वपूर्ण भूमिका निभाते हैं।

हरियाणा में किसी सरकारी विभाग में बिना रिश्वत दिए कोई काम नही होता है: बजरंग गर्ग

हरियाणा वाटिका/सुरेंद्र सोढी

हिसार, 24 फरवरी। व्यापारी प्रतिनिधियों की एक मीटिंग हरियाणा प्रदेश व्यापार मंडल के प्रांतीय अध्यक्ष व हरियाणा कांन्फैड के पूर्व चेयरमैन बजरंग गर्ग की अध्यक्षता में हुई। इस मीटिंग में मुख्य सचिव अनुराग रस्तोगी द्वारा भ्रष्ट अधिकारियों पर कार्रवाई करने पर घोषणा पर खुशी जाहिर कि। बजरंग गर्ग ने उपस्थित व्यापारी प्रतिनिधियों को सम्बोधित करते हुए कहा कि हरियाणा में सरकारी विभागों में खुलेआम भ्रष्टाचार हो रहा है। हरियाणा में किसी सरकारी विभाग में बिना रिश्वत दिए कोई काम नही होता, जो बात हम बार-बार कहते आ रहे है वह बात हरियाणा सरकार ने भी मानी है। बजरंग गर्ग ने कहा कि हरियाणा के मुख्य सचिव अनुराग रस्तोगी ने कहा है कि जो भी भ्रष्ट सरकारी अधिकारी होगा उसको जबरन 50 साल में रिटायर किया जाएगा, जो निर्णय सहरानीय है मगर भ्रष्ट अधिकारियों को 50 साल में रिटायरमेंट करने के साथ सरकार को भ्रष्ट अधिकारियों की प्रोपर्टी जब्त करनी चाहिए। भ्रष्ट सरकारी अधिकारियों ने खुलेआम पैसे खाने का काम किया जा रहा है। सरकारी अधिकारियों ने काम करवाने के लिए दलाल छोड़ रखे है। भ्रष्ट अधिकारी कहते है पैसे लाओ काम करवाओं।

मुख्यमंत्री कहते है कि बिना खर्ची व पर्ची हरियाणा में काम हो रहे है जबकि बिना खर्ची सरकारी अधिकारी कोई काम तक नही करते है। बजरंग गर्ग ने कहा कि जब व्यापारी व आम जनता पैसे देने का विरोध करते है तो सरकारी अधिकारी कहते है कि हमें भी ऊपर हर महीने मंथली देनी पड़ती है। मुख्यमंत्री नायब सैनी को देखना चाहिए कि ऊपर कौन सरकारी अधिकारियों से मंथली ले रहे है। सरकार भ्रष्टाचार को रोकने के लिए ऊपर जो सरकारी अधिकारियों से मंथली लेने का जो काम हो रहा है उस पर रोक लगानी चाहिए ताकि भ्रष्टाचार पर अंकुश लग सकें और सरकारी अधिकारियों के मजबूती से लगाम लगाई जा सके। सरकार को भ्रष्ट अधिकारियों की पहचान करके उनके खिलाफ सख्त कार्रवाई करके उनकी प्रोपर्टी जब्त करनी चाहिए ताकि कोई भी भ्रष्ट अधिकारी पैसे खाने के चक्कर में व्यापारी, उद्योगपति व आम जनता को नाजायज तंग ना कर सके।

माता-पिता और गुरुजनों का सम्मान विद्यार्थी का नैतिक कर्त्तव्य : आचार्य देवव्रत

गुरुकुल के छात्रों को आचार्य देवव्रत ने दिये जीवनोपयोगी सूत्र, सफलता हेतु ईमानदारी से कड़ा परिश्रम करने के लिए किया प्रेरित

हरियाणा वाटिका/एकजोत

कुरुक्षेत्र, 24 फरवरी। गुरुकुल कुरुक्षेत्र में गुजरात के महामहिम राज्यपाल आचार्य देवव्रत का छात्रों के मध्य ओजस्वी व्याख्यान हुआ जिसमें आचार्यश्री ने विद्यार्थियों को जीवन में सफलता हेतु पूरी ईमानदारी से परिश्रम करने हेतु प्रेरित किया। कार्यक्रम में 12वीं कक्षा के छात्रों द्वारा आचार्यश्री को स्मृति-चिह्न देकर सम्मानित भी किया गया। इस दौरान गुरुकुल के निदेशक ब्रिगेडियर डॉ. प्रवीण कुमार, प्राचार्य सूबे प्रताप सहित सभी अध्यापक एवं संरक्षकगण मौजूद रहे। मंच का सफल संचालन मुख्य संरक्षक संजीव आर्य द्वारा किया गया। आचार्यश्री ने कहा कि अभिभावकों को अपने बच्चों से यह अपेक्षा होती है कि वे बुढ़ापे में उनकी सेवा करे, समाज में उनका मान सम्मान बढ़ाए। इसी आशा के साथ अभिभावक अपने बच्चों को गुरुकुलों में भेजते हैं, जहां बच्चों को सही मायने में संस्कारवान बनाया जा रहा है। विद्यार्थियों का यह नैतिक कर्त्तव्य है कि वे अपने माता-पिता और गुरुओं का हमेशा सम्मान करें। उन्होंने कहा कि 9वीं से 12वीं कक्षा के दौरान छात्रों में शारीरिक बदलाव आते हैं, इस दौर में बच्चे दिमाग से कम और दिल से ज्यादा निर्णय लेते है जो कई बार उनके भविष्य के लिए सही साबित नहीं होते। विद्यार्थियों को हमेशा विनम्र होना चाहिए क्योंकि विन्रमता से ही विद्या आती है। उन्होंने कहा कि कुछ बच्चे दुनिया की चकाचौंध से भ्रमित होकर अपने जीवन के लक्ष्य से भटक जाते है, गुरुकुलीय शिक्षा पद्धति इसी भटकाव से छात्रों को रोकती है, गुरुकुल के संस्कार ब्रह्मचारी को गलत आदतें, गलत संगत से बचाकर एक सभ्य नागरिक बनने के लिए प्रेरित करते हैं जिससे वो देश, समाज की उन्नति में सहायक बने। आचार्यश्री ने कहा कि विद्या, ताकत और धन यही सही हाथों में हो तो उसका सदुपयोग होगा और यदि ये तीनों गलत हाथों में चले जाएं तो विनाश का कारण बनते हैं।

रावण, कंस, दुर्योधन सहित ओसामा बिन लादेन का जिक्र करते हुए उन्होंने कहा कि इन लोगों के पास भी ज्ञान था मगर उन्होंने अपने ज्ञान का उपयोग अपने स्वार्थ हेतु दूसरों को नुकसान पहुंचाने में किया, इसके विपरीत श्रीकृष्ण, श्रीराम चन्द्र आदि महापुरुष हुए जिन्होंने अपने ज्ञान से समाज का कल्याण किया। आज दुनिया श्रीकृष्ण और श्रीराम को श्रद्धा से स्मरण करती है जबकि रावण, कंस, दुर्योधन आदि का नाम भी कोई सम्मान से नहीं लेता। इसलिए जीवन में उन्नति के लिए हमेशा बड़ो का सम्मान करो, पुस्तकों से प्रेम करो और समय के एक-एक क्षण का सदुपयोग अपने लक्ष्य को प्राप्त करने में करो।

स्पोर्ट्स ट्रॉमा सेंटर की मांग उठाना किरण चौधरी की भिवानी के समुचित विकास की सोच : जयसिंह

हरियाणा वाटिका/मनोज मलिक

भिवानी, 24 फरवरी। वरिष्ठ भाजपा नेता जयसिंह वाल्मीकि ने कहा कि हरियाणा के मुख्यमंत्री नायब सिंह सैनी, राज्यसभा सांसद किरण चौधरी व सिंचाई एवं जल संसाधन और महिला एवं बाल विकास मंत्री श्रुति चौधरी प्रदेश के समुचित एवं चौतरफा विकास के लिए गंभीरता से कार्य कर रहे है। जिसका उदाहरण राज्यसभा सांसद किरण चौधरी ने केंद्रीय स्वास्थ्य एवं परिवार कल्याण मंत्री को पत्र लिखकर भिवानी में नवनिर्मित मैडिकल कॉलेज में स्पोर्ट्स ट्रॉमा सेंटर की स्थापना करने की मांग करके एक बार फिर से दिया है। जयसिंह वाल्मीकि ने कहा कि राज्यसभा सांसद किरण चौधरी का यह कदम भिवानी के समुचित विकास की सोच को दशार्ता है, जिसके लिए वे आभार की पात्र है। जयसिंह वाल्मीकि ने कहा कि भिवानी में मैडिकल कॉलेज का निर्माण कार्य पूरा होने के बाद वहां पर स्पोर्ट्स ट्रॉमा सैंटर का महत्व और अधिक बढ़ जाएगा, क्योंकि जहां पर खेल गतिविधियां अधिक होती हैं, वहां यह सेंटर खेल से संबंधित चोटों के त्वरित और प्रभावी उपचार के लिए आवश्यक है। उन्होंने कहा कि सही समय पर उपचार ना मिलने से खिलाड़ी का करियर खतरे में पड़ सकता है। ऐसे में स्पोर्ट्स ट्रॉमा सेंटर इस जोखिम को कम करता है। स्पोर्ट्स ट्रॉमा सेंटर खिलाडि?ों के स्वास्थ्य और उनके करियर को सुरक्षित रखने में महत्वपूर्ण भूमिका निभाते हैं। जयसिंह वाल्मीकि ने कहा कि उन्हे पूरा विश्वास है कि राज्यसभा सांसद किरण चौधरी ने स्पोर्ट्स ट्रॉमा सेंटर की स्थापना को लेकर गंभीरता से कार्य करेंगी, ताकि यहां के खिलाडि?ों को बेहतर व तत्पर चिकित्सा सुविधाएं मिल सकें।

जिला से गाड़ी व बाइक चोरी

हरियाणा वाटिका/रवि कुमार

सिरसा, 24 फरवरी। जिला में अलग-अलग स्थानों से चोर एक बाइक व गाड़ी चोरी कर ले गए।

पुलिस को दी शिकायत में पहले मामले में कांडा कॉलोनी निवासी मोनू ने बताया कि उसने बीती 22 फरवरी की रात्रि को अपनी गाड़ी घर के बाहर खड़ी की थी। देर रात्रि को चोर गाड़ी चोरी कर ले गए। सुबह उन्हें घटना का पता चला। दूसरे मामले में पटेल बस्ती निवासी अमीलाल ने बताया कि वह रानियां रोड स्थित तारा बाबा कुटिया में पत्नी व बेटे के साथ कथा सुनने के लिए बाइक लेकर गया था। बाइक कुटिया के सामने गली में खड़ी की थी। कथा सुनने के बाद आया तो बाइक गायब मिली। उन्होंने अपने स्तर पर काफी तलाश की लेकिन कोई सुराग नहीं लगा। जिसके बाद पुलिस को सूचित किया गया। पुलिस ने शिकायत के आधार पर केस दर्जकर आगामी कार्रवाई शुरू कर दी है।

हथियारों के साथ फोटो डालने पर केस दर्ज

हरियाणा वाटिका/रवि कुमार

सिरसा, 24 फरवरी। हथियारों के साथ सोशल मीडिया पर फोटो डालने पर पुलिस ने ढुढियांवाली निवासी रजत मुंजाल पर केस दर्ज किया है।

उल्लेखनीय है कि सरकार की ओर से लगातार सोशल मीडिया पर निगरानी की जा रही है, जिसके तहत फोटो के साथ हथियारों की फोटो डालने पर कार्रवाई की जा रही है। इसी कड़ी में मॉनिटरिंग में सामने आया कि गांव ढुडियांवाली निवासी रजत मुंजाल ने इंस्टाग्राम आईडी पर हथियारों के साथ फोटो डाल रखी थी, जिसपर तुरंत कार्रवाई करते हुए पुलिस प्रशासन ने उसके खिलाफ केस दर्ज किया गया है।

15.79 ग्राम हैरोइन सहित तीन युवक गिरफ्तार

हरियाणा वाटिका/रवि कुमार

सिरसा, 24 फरवरी। सीआईए ऐलनाबाद व एंटी नारकोटिक्स सेल सिरसा की पुलिस टीमों ने गश्त व चैकिंग के दौरान अलग-अलग जगहों से तीन युवकों को 15 ग्राम 79 मिलीग्राम हैरोइन सहित गिरफ्तार किया है।

सीआईए ऐलनाबाद प्रभारी उप निरीक्षक जगदीश चंद्र ने बताया थाना की एक पुलिस टीम गश्त व चैकिंग के दौरान वार्ड नंबर 13 रानियां क्षेत्र में मौजूद थी। इसी दौरान पुलिस पार्टी को सामने से एक युवक आता हुआ दिखाई दिया। उक्त युवक सामने पुलिस की गाड़ी को देखकर अचानक वापस मुडकर तेज कदमों से चलकर भागने का प्रयास करने लगा। शक के आधार पर पुलिस पार्टी ने उक्त युवक को काबू कर राजपत्रित अधिकारी की मौजूदगी में तलाशी ली, तो उसके कब्जा से 8 ग्राम 18 मिलीग्राम हैरोइन बरामद हुई। आरोपी की पहचान परमिंद्र सिंह उर्फ पम्मा पुत्र हरनेक सिंह निवासी वार्ड नंबर 8 रानियां जिला सिरसा के रुप में हुई है।

वहीं एक अन्य घटना में एंटी नारकोटिक्स सेल सिरसा पुलिस टीम ने गश्त के दौरान महत्वपूर्ण सूचना के आधार पर कार्रवाई करते हुए गांव चक साहिबा क्षेत्र से बाइक सवार दो युवकों को गिरफ्तार कर उसके कब्जा से 7 ग्राम 61 मिलीग्राम हैरोइन बरामद की है। आरोपियों की पहचान देवकरण पुत्र जसपास सिंह निवासी वार्ड नंबर 5 रानियां व करण सिंह पुत्र पप्पू सिंह निवासी वार्ड नंबर 8 रानियां जिला सिरसा के रुप में हुई है। उन्होंने बताया कि तीनों आरोपियों के खिलाफ संबंधित थानों में मादक पदार्थ अधिनियम के तहत मामला दर्ज कर जांच शुरू की गई है।

80 लीटर लाहन व 8 बोतल अवैध शराब सहित चलती भट्टी बरामद, दो व्यक्ति काबू

हरियाणा वाटिका/रवि कुमार

सिरसा, 24 फरवरी। जिला सदर पुलिस व रोड़ी थाना की पुलिस टीमों ने गश्त व चैकिंग के दौरान महत्वपूर्ण सूचना के आधार पर कार्रवाई करते हुए गांव शाहपुर बेगू व रोहण क्षेत्र में छापेमारी कर 80 लीटर लाहन 8 बोतल अवैध शराब व चलती भट्टी बरामद कर दो लोगों को काबू किया है।

सदर थाना प्रभारी सब इंस्पेक्टर संदीप कुमार ने बताया कि सदर थाना की एक पुलिस टीम गश्त के दौरान गांव शाहपुर बेगू में क्षेत्र में मौजूद थी। इसी दौरान पुलिस पार्टी को महत्वपूर्ण सूचना मिली की अरनियांवाली रोड गांव शाहपुर बेगू में स्थित गुरुकुल कॉलोनी के अंदर सुरजीत सिंह पुत्र मल्ल सिंह अपने मकान में अवैध रुप से शराब निकाल रहा है। उन्होंने बताया कि पुलिस पार्टी ने सूचना के आधार पर उक्त मकान पर दबिश देकर सुरजीत सिंह पुत्र मल्ल सिंह निवासी गुरुकुल कॉलोनी शाहपुर बेगू को अवैध शराब की चलती भट्टी, 40 लीटर लाहन व 8 बोतल अवैध शराब के साथ काबू कर लिया। जबकि एक अन्य घटना में रोड़ी थाना पुलिस ने गश्त के दौरान रोड़ी थाना क्षेत्र के गांव रोहण से एक व्यक्ति को 40 लीटर लाहन के साथ काबू किया है। गिरफ्तार किए गए आरोपी की पहचान तेजा सिंह पुत्र काका सिंह उर्फ गुरचरण सिंह निवासी ढाणी रोहण जिला सिरसा के रुप में हुई है। पकड़े गए लोगों के खिलाफ संबंधित थानों में आबकारी अधिनियम के तहत मामला दर्ज जांच शुरू की गई है।

4.63 लाख की साइबर धोखाधड़ी करने के दो आरोपी राजस्थान के जोधपुर क्षेत्र से काबू

हरियाणा वाटिका/रवि कुमार

सिरसा, 24 फरवरी। जिला की साइबर थाना पुलिस ने महत्वपूर्ण सूचना के आधार पर कार्रवाई करते हुए टास्क पूरा कर मोटा मुनाफा कमाने के नाम पर गांव ममेरां कलां से एक व्यक्ति से करीब 4 लाख 63 हजार रुपए की साइबर धोखाधड़ी के मामले में दो युवकों को राजस्थान के जोधपुर क्षेत्र से काबू किया है। साइबर थाना प्रभारी इंस्पेक्टर दिनकर यादव ने बताया कि गिरफ्तार किए गए युवकों की पहचान मोंटू उर्फ यशपाल पुत्र सुरेश निवासी राजीव गांधी कॉलोनी जोधपुर, राजस्थान व आकाश चौधरी पुत्र हरि किशोर निवासी मधुबन डीटीपी नगर जोधपुर, राजस्थान के रुप में हुई है। उन्होंने बताया कि कृष्ण कुमार पुत्र बनवारी लाल निवासी ममेंरा कलां ने पुलिस को दी शिकायत में बताया कि अज्ञात मोबाइल नंबर से उसके पास कॉल आई और कॉल करने वाले व्यक्ति ने कहा कि आप हमारे टेलिग्राम एप्प से जुडकर घर बैठे-बैठे लाखों करोड़ों रुपए कमा सकते हो। इसके लिए आपको कंपनी के बताए हुए टास्क को पूरा करना होगा, जैसे ही टास्क पूरा होगा आपके खाते में पैसे आ जाएंगे। कुछ समय बाद मेरे मोबाइल नंबर पर एक टेलिग्राम लिंक आया जैसे ही मैने लिंक को क्लिक किया तो उसमें टास्क पूरा कर मोटा मुनाफा कमाने का विज्ञापन चल रहा था। मैने लालच में आकर 4 लाख 63 हजार रुपए का इंवेस्टमेंट कर दिया और बाद में पैसा निकालने के लिए वेबसाइट पर आए लिंक को क्लिक किया तो टेलिग्राम एप पूरी बंद हो गया इस प्रकार वह साइबर ठगी का शिकार हो गया। उन्होंने बताया कि इस संबंध में पीड़ित की शिकायत पर साइबर क्राइम पुलिस स्टेशन सिरसा में बीती 12 फरवरी 2025 को साइबर ठगी का मामला दर्ज कर जांच शुरू की गई थी। जांच के दौरान पुलिस अधीक्षक द्वारा गठित साइबर क्राइम पुलिस स्टेशन की विशेष टीम ने महत्वपूर्ण सुराग जुटाते हुए घटना में संलिप्त दो आरोपियों को राजस्थान के जोधपुर क्षेत्र से काबू कर लिए है। उन्होंने बताया कि गिरफ्तार किए गए आरोपियों को अदालत में पेश कर रिमांड पर लिया जाएगा और रिमांरड अवधि के दौरान आरोपियों से पूछताछ कर ठगी की राशि बरामद की जाएगी। उन्होंने बताया कि अभियोग की जांच जारी है और जांच के दौरान जो भी व्यक्ति ठगी के इस नेटवर्क में संलिप्त पाया गया उसके खिलाफ कानूनी कार्रवाई की जाएगी।

ट्रेडिंग के नाम पर 75 हजार की ठगी मामले में आरोपी दिल्ली से काबू

हरियाणा वाटिका/रवि कुमार

सिरसा, 24 फरवरी। साइबर क्राइम पुलिस स्टेशन की विशेष टीम ने कार्रवाई करते हुए शेयर मार्केट में ट्रेडिंग में पैसा इंवेस्टमेंट कर मोटा मुनाफे का लालच देकर कीर्ति नगर निवासी जोगेंद्र सिंह पुत्र कृष्ण कुमार से करीब 75,200 रुपए की ठगी करने के मामले में एक युवक को पश्चिमी बिहार दिल्ली क्षेत्र से काबू किया है। साइबर थाना इंस्पेक्टर प्रभारी दिनकर यादव ने बताया कि गिरफ्तार किए गए आरोपी की पहचान निखिल पुत्र श्यामप्रीत निवासी बी-1 ग्राउंड फ्लोर पश्चिमी बिहार, दिल्ली के रूप में हुई है। उन्होंने बताया कि आरोपी को अदालत में पेश कर पुलिस रिमांड पर लिया जाएगा है। उन्होंने बताया कि रिमांड पर लेकर आरोपी की निशानदेही पर ठगी की राशि व वारदात में प्रयुक्त मोबाइल फोन बरामद किए जाएंगे। उन्होंने बताया कि इस संबंध में पीड़ित की शिकायत पर साइबर क्राइम पुलिस स्टेशन सिरसा में बीती 21 फरवरी को साइबर ठगी का मामला दर्ज कर जांच शुरू की गई थी।

हरियाणा राज्य बाल अधिकार संरक्षण आयोग ने किया बाल देख-रेख संस्थानों का निरीक्षण

हरियाणा वाटिका/एकजोत

कुरुक्षेत्र, 24 फरवरी। हरियाणा राज्य बाल अधिकार संरक्षण आयोग के सदस्य मीना कुमारी व मांगेराम द्वारा जिले में चल रहे उद्दयन केयर होम व विश्वास बाल आश्रम लाडवा का औचक निरीक्षण किया गया। इन संस्थानों में विभिन्न व्यवस्थाओं का जायजा लिया गया। हरियाणा राज्य बाल अधिकार संरक्षण आयोग के सदस्य मीना कुमारी ने कहा कि निरीक्षण के दौरान संस्थान में बच्चों को दी जाने वाली सभी प्रकार की सुविधा के बारे में जानकारी ली गई, संस्थानों में दिए जा रहे खान-पान की गुणवत्ता का भी अवलोकन किया गया ताकि संस्थानों में रह रहे बच्चों को पौष्टिक आहार प्राप्त हो सके। उन्होंने कहा कि बच्चों के सर्वांगीण विकास हेतू अत्याधिक आवश्यक है। इस संस्था में बच्चों से संबंधित कागजात, दस्तावेज, फाइल रिकॉर्ड इत्यादि को चैक किया गया। उनके द्वारा संस्था में मौजूद स्टाफ व बच्चों को साफ-सफाई रखने बारे बताया गया। उन्होंने कहा कि साफ-सफाई से बहुत सी बीमारियों से बचा जा सकता है। निरीक्षण के दौरान आयोग के सदस्य मीना कुमारी व मांगेराम द्वारा संस्थान के इंचार्ज को दिशा-निर्देश दिए गए कि बच्चों का समय पर हैल्थ चैकअप करवाया जाए व शिक्षा पर विशेष ध्यान दिया जाए। निरीक्षण के दौरान पाई जाने बाली कमियों को सुधार करने के निर्देश दिये गए। इस मौके पर जिला बाल संरक्षण अधिकारी इंदु शर्मा, संरक्षण अधिकारी (संस्थागत) रीजा शर्मा, चेयरमैन कृष्ण पांचाल, सदस्य बाल कल्याण समिति हरि सिंह मौजूद रहे।

रक्तदान शिविर में 28 यूनिट रक्त एकत्रित

हरियाणा वाटिका/सुरेंद्र सोढी

हिसार, 24 फरवरी। समृद्ध भारत परिषद द्वारा रक्तदान शिविर का आयोजन सर्वोदय ब्लड बैंक में किया गया। संस्था के प्रधान विकास लाहौरिया ने बताया कि रक्तदान शिविर में 28 यूनिट रक्त एकत्रित किया गया। संस्था के सचिव डॉक्टर अजीत कुमार ने बताया कि रक्तदान स्वर्गीय नारायण दास हंस की याद में लगाया गया। पौत्री समीक्षा हंस द्वारा ब्लड डोनेट करके रक्तदान शिविर का शुभारंभ किया गया। इस अवसर पर विशंभर सचदेवा, दीपक अग्रवाल, मन्नू गोयल, राजेश गुप्ता, तरुण मेहता, तिलक मेहता, विजय अग्रवाल तथा अन्य गणमान्य उपस्थित रहे।

सुनील सर्वा बेस्ट एजुकेशन अवार्ड से सम्मानित

हरियाणा वाटिका/सुरेंद्र सोढी

हिसार, 24 फरवरी। केबिनेट मंत्री रणबीर सिंह गंगवा ने गांव चिड़ोद स्थित कंप्यूटर संस्थान के संयोजक सुनील सर्वा को वर्ष 2024- 25 के लिए बेस्ट एजुकेशन अवार्ड से सम्मानित किया। हिसार के ब्लेसिंग बैंक्विट होटल में आयोजित समारोह में सुनील सर्वा को यह अवॉर्ड उनकी शिक्षा के क्षेत्र में उत्कृष्ट योगदान के लिए दिया गया। सुनील सर्वा ने अपने संस्थान के माध्यम से कई छात्रों को सफलता की ओर प्रेरित किया है और उनकी शिक्षा मे महत्वपूर्ण भूमिका निभाई। समारोह में सम्बोधित करते हुए वक्ताओं ने कहा कि यह अवार्ड सुनील सर्वा की मेहनत और समर्पण का प्रमाण है। उनके कार्यों के लिए सम्मानित करना गौरव की बात है। इस अवसर पर रणबीर सिंह गंगवा ने कहा कि वर्तमान का युग डिजीटल युग है। कंप्यूटर शिक्षा में महारत हासिल करके हर बच्चा सफलता की ओर कदम बढ़ाए तथा देश को उन्नति के रास्ते पर अग्रसर करे। समारोह में सुनील सर्वा ने बताया कि संस्थान में कंप्यूटर से संबंधित सभी कोर्स को आसान भाषा और योग्य अध्यापकों द्वारा शिक्षा प्रदान की जाती है और संस्थान पिछले कई वर्षों से कंप्यूटर शिक्षा के क्षेत्र में कई अवार्ड से सम्मानित हो चुका है। इस अवसर पर पिछड़ा वर्ग आयोग के पूर्व चेयरमैन सतबीर वर्मा, चेयरमैन सुरेश जांगड़ा जिला पार्षद प्रत्याशी नरेश चिड़ोद राजेंद्र सर्वा आदि उपस्थित थे।

बेबी शो में बच्चों ने रैंप पर दिखाए जलवे

हरियाणा वाटिका/सुरेंद्र सोढी

हिसार, 24 फरवरी। न्यू यशोदा पब्लिक स्कूल में एक मनोरंजक बेबी शो का आयोजन किया गया, जिसमें बच्चों की छुपी हुई प्रतिभा को प्रदर्शित किया गया। इस बेबी शो में बच्चों ने अपने आयु वर्ग के अनुसार दो श्रेणियों में भाग लिया। शो में 1 से 3 साल और 4 से 6 साल की उम्र के बच्चों ने रैंप पर अपने जीवंत और जोशपूर्ण प्रदर्शन से सभी को आश्चर्यचकित कर खूब वाहवाही लूटी। बच्चों के साथ-साथ अभिभावकों के लिए कई रोमांचक और मनोरंजक प्रतियोगिताएं और विभिन्न गतिविधियां थीं। शो की सबसे दिलचस्प प्रतियोगिता बेबी रैंप वॉक थी, जिसमें बच्चों ने रैंप पर अपने जलवे दिखाए। बेबी शो में भाग लेने वाले बच्चों के लिए विभिन्न कैटेगरी रखी गई जिसमें बेबी फोटोजेनिक, शो स्टॉर ऑफ द डे, मोस्ट एक्टिव एंड फ्रेंडली बेबी, कॉन्फिडेंट जूनियर, मोस्ट अट्रैक्टिव बेबी, चबी चिक्स, स्पार्कलिंग आईस, प्रिंस एंड प्रिंसेस के खिताब बच्चों को दिए गए। वहीं अभिभावकों ने रैंप वॉक और म्यूजिकल चेयर जैसी प्रतियोगिताओं का भी आनंद लिया। शो के दौरान बच्चों ने पेंटिंग, कविता पाठ, जंप जोन में खेलना, शिल्प गतिविधियों का आनंद लिया। अंत में बच्चों और अभिभावकों को उपहार भी दिये गये। बेबी शो में परिणामों में हेजल और नायरा को सर्वश्रेष्ठ डांसर एवं केविन दूसरे स्थान पर और जिगर व दिवस तीसरे स्थान पर रहे। ड्राईंग कम्पीटिशन में दिवस को विशेष पुरस्कार दिया गया। स्टोरी टैलिंग में जेसिका प्रथम स्थान पर रही। कविता वाचन में मायरा प्रथम व दिविशा द्वितीय रही। मोस्ट फोटोजेनिक बेबी का खिताब अजूनी ने जीता व किंजल दूसरे स्थान पर रहे। स्पार्कलिंक आईस में आदित्य मुंजाल ने पहला व दीप्ति ने दूसरा स्थान पाया। चबी चिक्स में पूर्वी ने प्रथम व हत्विक ने दूसरा स्थान पाया। मोस्ट फ्रेंडली बेबी का खिताब गर्विका जीता व मीत दूसरे स्थान पर रहे। दिवस को विशेष पुरस्कार प्रदान किया गया। कविता में मायरा व देविशा ने क्रमशः प्रथम व द्वितीय रहीं वहीं यथार्थ को प्रिंस एवं लियाना को प्रिंसेस चुना गया। सुरभि महिपाल मदर्स रैंपवाक में प्रथम रहीं।

दोस्त के गले पर जान से मारने की नीयत से ब्लेड मारने के आरोपी को किया गिरफ्तार

हरियाणा वाटिका/मनोज मलिक

भिवानी, 24 फरवरी। जिला पुलिस के द्वारा जिले में संगीन अपराध को अंजाम देने वाले आरोपियों को जल्द से जल्द गिरफ्तार कर ऐसे आरोपियों के विरुद्ध प्रभावी कानूनी कार्रवाई अमल में लाई जा रही है जो इसी क्रम में थाना सिविल लाइन पुलिस ने अपने ही दोस्त पर जान से मारने की नीयत से गले पर ब्लड मारने के मामले में आरोपी को गिरफ्तार करने में सफलता हासिल की है।

मानव निवासी नया बाजार भिवानी ने थाना सिविल लाइन पुलिस को एक शिकायत दर्ज करवाई थी जिसमें शिकायत कर्ता ने पुलिस को बताया कि की रात को शिकायत कर्ता अपने दोस्त टोनी के साथ एक होटल में बैठकर पार्टी कर रहे थे जो किसी बात को लेकर आरोपी टोन ने अपनी जेब से ब्लेड निकालकर शिकायत कर्ता के गले पर जान से मारने की नीयत से मार दिया था जो इस शिकायत पर पुलिस ने संबंधित धाराओं के तहत अभियोग थाना सिविल लाइन भिवानी में दर्ज किया था।

अभियोग में प्रभावी कार्रवाई करते हुए थाना सिविल लाईन भिवानी के उप निरीक्षक धर्मबीर ने अभियोग में प्रभावी कार्रवाई करते हुए आरोपी को लोहड बाजार भिवानी से गिरफ्तार करने में सफलता हासिल की है।

गिरफ्तार किए गए आरोपी की पहचान नरहरि उर्फ टोनी पुत्र अमर कुमार निवासी लोहड बाजार भिवानी के रूप में हुई है।

पुलिस टीम के द्वारा आरोपी से वारदात में प्रयोग किया गया एक ब्लेड बरामद किया गया है।

'बुजुर्गों के सम्मान से बच्चों में संस्कार पैदा होते हैं'

कैरियर प्लेनेट स्कूल में मनाया शिक्षा महोत्सव

हरियाणा वाटिका/मनोज मलिक

भिवानी, 24 फरवरी। कैरियर प्लेनेट स्कूल में शिक्षा महोत्सव कार्यक्रम का आयोजन किया गया। कार्यक्रम में मुख्यअतिथि के रूप में जिला उपायुक्त महावीर कौशिक ने शिरकत की। कार्यक्रम का शुभारंभ मुख्यअतिथि उपायुक्त महावीर कौशिक, विद्यालय प्राचार्या सुमन श्योराण व स्कूल प्रबंधन समिति के सदस्य संजीव कुमार, यतेन्द्र नाथ व छोटूराम ने मां सरस्वती के समक्ष दीप प्रज्वलित कर किया। स्कूल प्राचार्या व प्रबंधन समिति के सदस्यों ने अतिथिगणों का स्वागत किया। कार्यक्रम में नन्हे-मुन्ने बच्चों द्वारा रंगारंग कार्यक्रम प्रस्तुत किए गए। इसके पश्चात अध्ययन और खेल कूद क्षेत्र में उत्कृष्ट विद्यार्थियों को मुख्यअतिथि उपायुक्त महावीर कौशिक ने ट्रॉफी भेंट कर सम्मानित किया। इसके बाद विद्यार्थियों ने हरियाणवी, राजस्थानी और पंजाबी गीतों पर रंगारंग नृत्य प्रस्तुत किए। समारोह में सेवानिवृत्त प्राचार्य, बच्चों के बुजुर्ग दादा-दादियों को स्वर्ण पदक व चुनरी भेंट कर सम्मानित किया। गत तीन वर्षों में स्कूल प्राचार्या सुमन श्योराण द्वारा 1100 बुजुर्गों को सम्मानित किया जा चुका है। कार्यक्रम को संबोधित करते हुए मुख्यअतिथि उपायुक्त महावीर कौशिक ने कहा कि बच्चों को शिक्षा के साथ-साथ अन्य गतिविधियों में भी भाग लेना चाहिए। उन्होंने कहा कि बुजुर्गों के सम्मान से बच्चों में अच्छे संस्कार पैदा होते हैं। हमें बच्चों को शिक्षा के साथ-साथ संस्कार भी प्रदान करने चाहिए। इस दौरान उपायुक्त महावीर कौशिक व प्राइवेट स्कूल एसोसिएशन के अध्यक्ष रामअवतार शर्मा को पगड़ी पहनाकर सम्मानित भी किया। इस अवसर पर प्राइवेट स्कूल एसोसिएशन के अध्यक्ष रामअवतार शर्मा, अनिल डागर, रामकुमार, श्रद्धानंद, करण, शमशेर सिंह, प्रमेन्द्र चित्रोही, सुरेन्द्र, महेश गुप्ता, धर्मेंद्र सांगवान व मथुरा कथावाचक बेला पारिक विशेष रूप से उपस्थित रहे। कार्यक्रम के अंत में प्राचार्या ने सभी का आभार जताया।

डूंडलोद गर्ल्स स्कूल के वार्षिकोत्सव स्पेक्ट्रा का आयोजन

डिग्री के साथ टैलेंट की जरूरत: राज्यपाल हरिभाऊ बागड़े

हरियाणा वाटिका/ब्यूरो

लोहारू, 24 फरवरी। राजस्थान के महामहिम राज्यपाल हरिभाऊ बागड़े ने कहा है कि आज वक्त में युवाओं को डिग्री से ज्यादा टैलेंट की जरूरत है। स्कूलों और शिक्षकों को भी चाहिए कि वे बच्चों को टेक्स्ट बुक के अलावा भी ऐसा ज्ञान दें। जो उनके भविष्य को सुनिश्चित करने के साथ-साथ उनके बौद्धिक विकास में सहायक हो। राज्यपाल हरिभाऊ बागड़े बलवंतपुरा स्थित डूंडलोद गर्ल्स स्कूल के वार्षिकोत्सव स्पेक्ट्रा में छात्राओं और अभिभावकों को संबोधित कर रहे है। स्कूल पहुंचने पर स्कूल की एनसीसी कैडेट्स ने महामहिम राज्यपाल हरिभाऊ बागड़े को गार्ड ऑफ ऑनर दिया। इसके बाद दीप प्रज्वलन के साथ वार्षिक उत्सव का आगाज हुआ। डूंडलोद पब्लिक स्कूल ग्रुप आफ एजुकेशन द्वारा संचालित डूंडलोद गर्ल्स स्कूल के वार्षिकोत्सव में सामाजिक न्याय एवं अधिकारिता मंत्री अविनाश गहलोत, झुंझुनूं विधायक राजेंद्र भांबू, जिला कलेक्टर रामावतार मीणा, डीआईजी शरद चौधरी समेत अन्य जनप्रतिनिधियों और अधिकारियों ने बतौर विशिष्ट अतिथि हिस्सा लिया। राज्यपाल हरिभाऊ बागड़े ने कहा कि विनोबा भावे ने कहा था कि जिस दिन आजादी मिली और तिरंगा लहराया। उसी दिन से हमारी पुरानी गुरूकुल वाली शिक्षा पद्धति लागू करने की जरूरत है। लेकिन किसी ने ध्यान नहीं दिया। आज यह जरूरत आन पड़ी है। नई शिक्षा नीति 2020 में भी इसी बात का उल्लेख है कि हमें डिग्री के साथ-साथ टैलेंट की जरूरत है। उन्होंने जब तक भारत में गुरूकुल शिक्षा पद्धति थी। हमारे अंदर नीति थी। मूल्य थे। लेकिन मैकाले ने देश को गुलाम बनाने के लिए हमारी गुरुकुल शिक्षा पद्धति को खत्म कर दिया और अपनी शिक्षा पद्धति जानबूझकर थोप दी। स्कूल के चेयरमैन सुलतान सिंह रणवां, सचिव बीएल रणवां, निदेशक राहुल रणवां, स्कूल प्रिंसिपल इंदु सोनी, डीपीएस डूंडलोद प्रिंसिपल जी. प्रकाश, डीपीएस झुंझुनूं प्रिंसिपल डॉ. सतवीर सिंह आदि ने अतिथियों का स्वागत किया। इस मौके पर करीब 300 से अधिक स्कूली छात्राओं ने दो घंटे के सांस्कृतिक कार्यक्रम प्रस्तुत किए। सांस्कृतिक प्रस्तुतियों में देश के विभिन्न राज्यों की संस्कृति की झलक मिनी इंडिया के रूप में मंच से देखने को मिली। वहीं 100 से अधिक प्रतिभाशाली छात्राओं का सम्मान किया गया। इस मौके पर स्कूल सचिव बीएल रणवा ने कहा कि इस सत्र से स्कूल में डे स्कॉलर छात्राओं को भी प्रवेश दिया जाएगा। वहीं उन्होंने नई शिक्षा नीति 2020 की प्रशंसा करते हुए कहा कि 2047 तक हमें प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के विकसित भारत के सपने को पूरा करना है। इसलिए हमें टैलेंट की ओर ध्यान देना होगा। इस दौरान करीब 300 छात्राओं ने सांस्कृतिक प्रस्तुतियां दी। इनमें देशभक्ति से जुड़ी प्रस्तुतियों ने सभी में जोश भर दिया। इस मौके पर पूर्व सांसद नरेंद्र कुमार, जिला प्रमुख हर्षिनी कुलहरि, डूंडलोद शिक्षण संस्थान के सदस्य रामकुमार सिंह रणवां, महावीर हुड्डा सीकर, अनुराग आर्य, डूंडलोद चेयरमैन हरफूलसिंह पूनियां, बागोरिया की ढाणी सरपंच राजेंद्र सैनी, पंचायत समिति सदस्य रामनिवास डूडी, मेजर जयराम खीचड़, डूमरा सरपंच बुधराम आदि मौजूद थे।

बॉक्सः जया गुर्जर बनी स्पोर्ट्स स्टार, आराध्या लाल बेस्ट स्टूडेंट

कार्यक्रम में 100 से अधिक छात्राओं को शैक्षणिक और सह शैक्षणिक उपलब्धियों को लेकर सम्मानित किया गया। इनमें कक्षा आठ की छात्रा जया गुर्जर को स्पोर्ट्स स्टार के पुरस्कार से पुरस्कृत किया गया। इसके अलावा कक्षा नौ की आराध्या लाल को बेस्ट स्टूडेंट का अवार्ड मिला। इसके अलावा 100 प्रतिशत रेगुलिरटी के लिए अविहा तोमर, आराध्या लाल, हिमांशी शेखावत को, कक्षावार टॉप रैंकर्स के रूप में अविहा तोमर कक्षा दो, रक्षिता कक्षा तीन, आराध्या चौधरी कक्षा चार, हिमांशी कक्षा पांच, माही चौधरी कक्षा छह, भूमि गौरा कक्षा सात तथा ऋतिका चोटिया कक्षा आठ की टॉपर रही। वहीं प्राइमरी में अविहा तोमर तथा भूमि गौरा को मेरिट अवार्ड मिला। बेस्ट मॉनिटर का पुरस्कार प्राइमरी में दिविशा वर्मा तथा सीनियर में गिरिशा, बेस्ट बस प्रीफेक्ट प्राइमरी में ऋतुप्रणा व सीनियर में साक्षी कटारिया, बेस्ट हाउस कैप्टन के रूप में देवांशी, जाह्नवी अग्रवाल, तृषा वर्मा व आराध्या लाल, एक्सीलेंस एचीवर के रूप में स्वाति को पुरस्कृत किया गया।

ट्रेन तले आने से युवक की मौत

हरियाणा वाटिका/रवि कुमार

सिरसा, 24 फरवरी। कालांवाली में राजकीय कन्या विद्यालय के सामने एक युवक की ट्रेन के नीचे आने से मौत हो गई। मृतक की पहचान करीब 24 वर्षीय बूटा सिंह निवासी गांव धर्मपुरा के रूप में हुई है। घटना की सूचना मिलते ही रेलवे पुलिस ने तुरंत मौके पर पहुंचकर शव को अपने कब्जे में ले लिया और पोस्टमार्टम के लिए सिरसा के नागरिक अस्पताल में भिजवाया।

बताया जा रहा है कि युवक काम नहीं मिलने के कारण मानसिक रूप से परेशान चल रहा था। दोपहर करीब पौने दो बजे कालांवाली से सिरसा जा रही फाजिल्का-रेवाड़ी एक्सप्रेस ट्रेन के नीचे आ गया। मृतक बूटा सिंह के परिजनों तरसेम सिंह व पूर्व सरपंच वीर सिंह ने बताया कि बूटा सिंह दिहाड़ी मजदूरी का काम करता था। वो काम की तलाश में ही सुबह घर से शहर कालांवाली आया था। उन्हें दोपहर को किसी ने ट्रेन के नीचे आने की सूचना दी थी। उन्होंने बताया कि बूटा सिंह पेंट करने का काम करता था। वो करीब दो माह पूर्व लद्दाख से फौज में हैल्पर के तौर पर काम करके वापिस लौटा था। यहां पर उसे काम नहीं मिल रहा था। बताया जा रहा है कि मृतक बूटा सिंह अपने 6 बहन-भाईयों में पांचवें नंबर पर था। वो अविवाहित था और जुड़वा पैदा हुआ था। वहीं रेलवे पुलिस ने मृतक के भाई तरसेम सिंह के बयॉनों के आधार पर इत्तफाकिया कार्रवाई की है। शव का मंगलवार को पोस्टमार्टम करवाकर परिजनों को सौंपा जाएगा।

ट्रैक्टर-ट्राली ने बच्चे को कुचला, मौके पर हुई मौत

हरियाणा वाटिका/रवि कुमार

सिरसा, 24 फरवरी। कालांवाली की गली मस्जिद वाली में अपने घर के बाहर बैठे एक 5 वर्षीय बच्चे को ट्रैक्टर-ट्राली ने कुचल दिया। जिससे उसकी मौके पर ही मौत हो गई। मृतक की पहचान गैरी उर्फ यश निवासी गली मस्जिद वाली, मंडी कालांवाली के रूप में हुई है। घटना की सूचना मिलते ही कालांवाली पुलिस ने मौके पर पहुंचकर शव को और ट्रैक्टर-ट्राली को अपने कब्जे में लेकर कानूनी कार्रवाई शुरू कर दी है।

मृतक के पिता संजू ने बताया कि वो मेहनत मजदूरी का काम करते है। उनका बेटा गैरी अपने घर के बाहर बैठा था। गली में नगरपालिका के द्वारा सडक का निर्माण करवाया जा रहा है। सडक निर्माण को लेकर मिट्टी लेकर आई ट्रैक्टर-ट्राली ने वापिस जाते समय बच्चे को कुचल दिया और सिर बुरी तरह कुचला जाने के कारण गैरी की मौके पर ही मौत हो गई। उन्होंने बताया कि घटना के समय गलीवासियों ने बच्चे को बचाने को लेकर काफी शोर मचाया और ट्रैक्टर चालक की तरफ दौड़े। लेकिन ट्रैक्टर-ट्राली गली में ही छोडकर फरार हो गया। बताया जा रहा है कि गैरी अपने तीन भाई-बहनों में सबसे छोटा था। कालांवाली थाना प्रभारी रामफल ने बताया कि सूचना मिलते की कालांवाली पुलिस तुरंत मौके पर पहुंच गई थी। पुलिस ने ट्रैक्टर-ट्राली के खिलाफ मामला दर्ज कर लिया है और शव को कब्जे में लेकर पोस्टमार्टम करवाया जा रहा है। पुलिस ने मामला दर्ज कर लिया है।

पुरानी अनाज मण्डी में किरयाना स्टोर की दूसरी मंजिल में लगी आग से मालिक हीरालाल की मौत दुर्भाग्यपूर्ण

प्रशासन सरकार प्रभावित परिवार को मुआवजा दे

हरियाणा वाटिका/मनोज मलिक

भिवानी, 24 फरवरी। भारत की कम्युनिस्ट पार्टी जिला कमेटी भिवानी ने पुरानी अनाज मण्डी में किरयाना स्टोर की उपरी मंजिल पर रात को लगी आग में स्टोर मालिक हिरालाल की मृत्यु पर गहरा दुखः प्रकट करती है , आग में हीरालाल के पुत्र जितेन्द्र भी घायल हो गये , जिनको मैडीकल कालेज रोहतक इलाज हेतु भेज दिया गया ।

पार्टी जिला सचिव कामरेड ओमप्रकाश व सचिव मण्डल सदस्य सुखदेव पालवास ने प्रातःकाल पुरानी अनाज मण्डी में घटनास्थल पर जाकर घटना की पूरी जानकारी ली तथा बाद में नागरिक हस्पताल में जाकर मृतक हीरालाल के परिजनों को हार्दिक संवेदना प्रकट की तथा उन्हें ढांढस बन्धाया। इस अवसर पर उन्होंने मांग की है कि जिला प्रशासन व राज्य सरकार पीड़ित व प्रभावित परिवार को न्यायोचित मुआवजा दे तथा आग लगने की घटना की जांच करवाए कि किस कारण से यह आग लगी है । उन्होंने जिला प्रशासन से यह भी मांग की कि शहर में बड़ी बड़ी दुकानों , शिक्षण स्थानों व बड़े बड़े मोल में अग्नि सुरक्षा उपायों की जांच की जानी चाहिए और अग्नि सुरक्षा उपायों की कड़ाई से पालना करवानी चाहिए । अन्यथा कोई भी बड़ी दुर्घटना बड़े जान माल के नुकसान का कारण बन सकता है।

भगवान श्रीकृष्ण स्वयं भी गाय की सेवा करते थे : महंत बालकनाथ

हरियाणा वाटिका/सुरेंद्र सोढी

हिसार, 24 फरवरी। श्री श्याम गौशाला मिंगनी खेड़ा का 15वां वार्षिक महोत्सव बड़ी धूमधाम से महंत बालकनाथ योगी, गद्दीनशीन महंत श्री बाबा मस्तनाथ मठ, कुलपति बाबा मस्तनाथ विश्वविद्यायल अस्थल बोहर रोहतक, तिजारा राजस्थान विधायक एवं पूर्व सांसद अलवर राजस्थान के पावन सानिध्य में मनाया गया। कार्यक्रम की अध्यक्षता रणधीर सिंह पनिहार विधायक हलका नलवा द्वारा की गई जबकि सह अध्यक्षता मुरारी लाल गर्ग सीए हिसार ने की। कार्यक्रम में महंत बालकनाथ योगी ने गाय की महिमा के बारे में विस्तार से बताया कि गाय की सेवा में कितनी शक्ति है गाय की सेवा स्वयं भगवान श्री कृष्ण करते थे। इसलिए श्री कृष्ण को गोपाल के नाम से पुकारा जाता है। उन्होंने गऊ माता का पूजन भी किया। विधायक रणधीर पनिहार ने सभी भामाशाहों से प्रर्थना की कि वे अपने-अपने घर-घर में एक-एक गाय जरूर पालें। उन्होंने कहा कि गाय की सेवा करके मानव अपने मनवांछित फल पा सकता है। माता-पिता की सेवा के बाद हमें गौमाता की सेवा करनी चाहिए। मुंबई से पधारे हास्य कवि संजय बंसल भारतीय स्टेट बैंक अधिकारी ने गाय पर कविता सुनाकर आए हुए सभी गौभक्तों को मंत्रमुग्ध कर दिया व हास्य व्यंग्य से सभी को लोट-पोट कर दिया। इस कार्यक्रम में मुख्यतः बजरंग लाल अग्रवाल, आकाश सिंगला, जनकराज गर्ग, डॉ. अजय गुप्ता, डॉ. राजीव राजवंशी, मनोज अग्रवाल, पतराम गुप्ता, डॉ. बालकृष्ण गुप्ता, डॉ. डी.के. गोस्वामी, प्रधान सज्जन गर्ग, डॉ ललिता राजवंशी आशा गुप्ता राजकुमार आर्य, पवन रावलवासिया, अमित सिंगल, ओ.पी. राठी, अंजनीश गोयल गंगानगर, पृथ्वी सैनी, दीपक बांसल, भूपेंद्र सिंगला, रामनिवास कोहली, कन्हैया बंसल, अजय गावड़ चेयरमैन ब्लॉक समिति, दीपिका नोखवाल मैंबर ब्लॉक समिति, वीरभान बंसल, मॉर्निंग क्लब मैंबर सैक्टर-14, राम कुमार गर्ग, आनंद बंसल, पवन गोयल, निखिल गर्ग, ओंकार केडिया, हरिसिंह बैनिवाल, पतराम गुप्ता, अजय मंगल सपरिवार दिल्ली, आनंद गोयल सपरिवार, विजय गोयल, अजय गोयल, आत्माराम सिंगल, शुभम गोयल आदि उपस्थित थे।

मन के अवगुणों को त्यागना ही सच्ची शिवरात्रि : राजयोगिनी सरोज बहन

ब्रह्माकुमारीज सेवा केंद्र में हुआ 89 त्रिमूर्ति शिव जयंती महोत्सव। शिव के साथ रात्रि का क्या संबंध विषय पर हुई चर्चा

हरियाणा वाटिका/एकजोत

कुरुक्षेत्र, 24 फरवरी। प्रजापिता ब्रह्माकुमारी ईश्वरीय विश्व विद्यालय विश्व शांति धाम सेवा केंद्र कुरुक्षेत्र में त्रिमूर्ति शिव जयंती महोत्सव धूमधाम से मनाया गया। कार्यक्रम का मुख्य विषय 'शिवरात्रि का आध्यात्मिक रहस्य' रहा। बी.के पुष्पा और आरती बहन ने पटका पहना और पुष्प गुच्छ भेंट कर मंचासीन महानुभावों का हार्दिक अभिनंदन किया। इस दौरान वरिष्ठ भाजपा नेता जय भगवान शर्मा मुख्यातिथि रहे और नगर परिषद की पूर्व चेयरपर्सन उमा सुधा ने अध्यक्षता की। विशिष्ट अतिथि हरियाणा ब्राह्मण सभा के अध्यक्ष पवन शर्मा, मातृभूमि सेवा मिशन के अध्यक्ष श्रीप्रकाश मिश्रा, मानवतावादी विश्व संस्थान की साध्वी आशा देवी, डेरा कार सेवा से बाबा अमरीक सिंह, पिपली गुरुद्वारा नीलधारी संप्रदाय प्रबंधक, कुरुक्षेत्र यूनिवर्सिटी से प्रोफेशन अनिल वशिष्ठ, केंद्र प्रभारी राजयोगिनी ब्रह्माकुमारी सरोज बहन आदि अतिथियों और प्रबुद्धजनों ने दीप प्रज्वलित कर और शिव ध्वज लहरा कर कार्यक्रम का शुभारंभ किया। बी.के. डॉ आर.डी. शर्मा ने शिवरात्रि की शुभकामनाएं देते हुए कार्यक्रम को रखने का उद्देश्य स्पष्ट किया। मुख्य अतिथि जय भगवान शर्मा ने कहा कि सच्चा कुंभ मेला तो माउंट आबू में है, जहां आत्माओं का परमात्मा से मिलन होता है। उन्होंने कहा कि ब्रह्माकुमारीज संस्था के मुकाबले में शायद ही कोई संस्था हो। सृष्टि पर जहां इन बहनों के चरण पड़ते है, वही धन्य हो जाती है। नगर परिषद की पूर्व चेयरपर्सन उमा सुधा ने कहा कि जैसे-जैसे शिवरात्रि आने वाली होती है, वैसे-वैसे माउंट आबू की याद आने लगती है। उन्होंने भजन के माध्यम से परमात्मा की रहमत का बखान किया। मातृभूमि सेवा मिशन के संस्थापक श्री प्रकाश मिश्रा ने कहा कि शिवरात्रि अज्ञान से ज्ञान, अवसाद से आनंद की ओर ले जाने वाला पर्व है। आज समाज में

अंधविश्वास और अज्ञानता बढ़ रही है। हम बदलेंगे तो समाज की व्यवस्था बदलेगी । विशिष्ट अतिथि पवन शर्मा ने बताया कि आज इंसान सोया हुआ है क्योंकि चारों तरफ पाखंड का बोलबाला ज्यादा और ज्ञान की बातें सुनने वाले कम रह गए हैं। साध्वी आशा देवी ने बताया कि यदि हम सब मजबूत होकर कार्य करेंगे, तो फिर से भारत सोने की चिड़िया बनेगा। बी.के नेहा बहन के साथ नियमित ज्ञान सुनने वाले नेहा, गीता, राजकुमार, गोरी ने लघु नाटिका 'अंतिम विदाई' के माध्यम से जीवन की सच्चाई अर्थात सृष्टि रंग मंच की झलक दिखाई। सेंटर इंचार्ज राजयोगिनी सरोज बहन ने शिवरात्रि की हार्दिक शुभकामनाएं देते हुए परमपिता परमात्मा के प्यार में उपस्थित जन समुदाय का धन्यवाद और आभार व्यक्त किया। उन्होंने शिव और शंकर में अंतर बताते हुए कहा कि परमात्मा शिव निराकार ज्योति स्वरूप है, जबकि शंकर सूक्ष्म देव धारी है। इस सृष्टि के विनाश कराने के निमित परमात्मा ने शंकर को रचा। यही नहीं ब्रह्मा, विष्णु, शंकर के रचनाकार भी सर्वशक्तिमान परमेश्वर शिव ही है। बीके गीता बहन ने ज्ञान गुणों को धारण करने और शिव की महिमा का बखान अपने गीत के माध्यम से किया। बी.के राधा बहन ने राजयोग मेडिटेशन की सुंदर अनुभूति करवाई और जीवन में बुराइयों को छोड़ अच्छाई के मार्ग पर चलने का संदेश दिया। नन्ही बालिकाओं ने समूह नृत्य द्वारा 12 ज्योतिलिंगों की महिमा का उल्लेख किया।

कार्यक्रम के समापन पर राजयोगिनी सरोज बहन ने सभी महानुभावों को शाल ओढ़ा कर और ईश्वरीय सौगात देकर सम्मानित किया। मंच संचालन बीके मधु बहन ने किया। कार्यक्रम में वेद पाठशाला के ब्रह्मचारी, कुरुक्षेत्र तीर्थोद्वार सभा, गोडिया मठ, वेद विद्यालय एवं छात्रावास के साथ कई मंदिरों से पुजारियों सहित भारी संख्या में शहर व ग्रामीण आंचल से जुड़े बहन भाइयों ने शिरकत की।

संपादक की कलम से

आखिर भारत का 'असली' दुश्मन कौन?

जब ओवरसीज कांग्रेस के अध्यक्ष सैम पित्रोदा दलील देते हैं कि भारत को चीन को अपना दुश्मन नहीं मानना चाहिए, तो सवाल पैदा होता है कि आखिर इंडिया गठबंधन के मुख्य घटक समाजवादी पार्टी के संस्थापक अध्यक्ष और तत्कालीन रक्षा मंत्री मुलायम सिंह यादव ने चीन को भारत का दुश्मन नम्बर वन क्यों करार दिया था?

दरअसल, 1962 के भारत-चीन युद्ध से लेकर 2020 के गलवान घाटी हिंसक झड़प तक, क्रमशः उसके पहले या इसके बाद भारत को लेकर चीन के जो अंतर्राष्ट्रीय व्यवहार दिखते आए हैं, उससे तो यही प्रतीत होता है कि चीन भारत का मजबूत दुश्मन है। नेहरू-मोदी की मित्रता की भावना को उसने कुचला है। हालांकि अंतर्राष्ट्रीय परिस्थितियों से पता चलता है कि भले ही ईसाईयत और इस्लाम से सम्भाव्य मुकाबले के लिए हिंदुत्व (भारत) को बुद्धत्व (चीन) की जरूरत पड़ेगी, लेकिन इसके लिए दोनों देशों को समझदारी भरी दूरदर्शिता दिखानी पड़ेगी, अन्यथा वैश्विक परिस्थितियों की धर्मांध चक्की में दोनों देश पिसे जाएंगे और युगों-युगों तक पछताएंगे।

इसलिए स्वाभाविक सवाल है कि भारत का असली दुश्मन कौन है? तो जवाब होगा कि भारत के कई दुश्मन हैं और इसके कारण भी अलग-अलग हैं। जहां तक राजनीतिक नजरिए और भौगोलिक सीमाओं का सवाल है तो चीन हमारा दुश्मन नम्बर वन है। वहीं, पाकिस्तान दुश्मन नम्बर 2, बंगलादेश दुश्मन नम्बर 3, नेपाल दुश्मन नम्बर 4, श्रीलंका दुश्मन नम्बर 5, मालदीव दुश्मन नम्बर 6, म्यामांर दुश्मन नम्बर 7, अफगानिस्तान दुश्मन नम्बर 8 और भूटान दुश्मन नम्बर 9 हैं। इन सबकी दांवपेंच भरी नीतियों से भारत किसी न किसी रूप में परेशान रहता है, क्योंकि अमेरिका, इंग्लैंड, जर्मनी, रूस और पश्चिमी देशों के शह पर ये भारत विरोधी नीतियों पर बहुधा अमल करते आए हैं।

इसे भी पढ़ें: 2012 के टङ्कव की कहानी, 183 करोड़ अमेरिका से भारत आए, मोदी से मिलने के बाद मस्क ने क्यों ले लिया बड़ा एक्शन

वहीं, सांस्कृतिक नजरिए से हिन्दू विरोधी होने के कारण कट्टर इस्लाम, ईसाई, सिख, बौद्ध आदि के आंतरिक गठजोड़ भी भारत के लिए आस्तीन के सांप जैसे हैं। क्योंकि पाकिस्तान, तुर्किये, ईरान आदि की शह पर कभी मुस्लिम देशों के संघ द्वारा, तो कभी ईसाई देशों के संघ द्वारा और इनके धर्मांध कारोबारियों द्वारा भारत के खिलाफ षड्यंत्र रचे जाते हैं। साथ ही जैसे भारतीय मूल वाले सिख धर्म से जुड़े विदेशी लोगों को कनाडा-यूएसए द्वारा, दलित बौद्धों को चीन द्वारा भड़काया जाता है, अलगाववाद को बढ़वाया जाता है, वह भी भारत के भविष्य से दुश्मनी जैसा ही है। क्योंकि इनको शह देने वाले मुल्क भारत के हिंदुओं की जातीय और क्षेत्रीय भावनाओं को भड़काकर न केवल धर्मांतरण करवाते हैं, बल्कि गृह युद्ध के बीज भी यत्र-तत्र-सर्वत्र बुनते रहते हैं। दलित-ओबीसी साहित्य, साम्प्रदायिक इतिहास को शह आदि इनके सांस्कृतिक औजार बन चुके हैं।

वहीं, अंतर्राष्ट्रीय कूटनीति में गुटनिरपेक्षता, सत्य व अहिंसा से अभिप्रेरित वसुधैव कुटुंबकम, सर्वे भवन्तु सुखिनः सर्वे सन्तु निरामया जैसी उदात्त सोच से ग्लोबल साउथ मतलब तीसरी दुनिया के देशों के हितों की वकालत के चलते भी पश्चिमी राष्ट्र कनाडा, इंग्लैंड, जर्मनी, इटली आदि भारत से कभी प्रत्यक्ष और कभी परोक्ष शत्रुता रखते आए हैं।

हालांकि, कड़वा सच यह है कि भारत के असली शत्रु हमारे मूढ़ राजनेता हैं, जो 'महाभारत' काल से अभिप्रेरित सार्थक नीतियों को प्रश्रय देने तथा राष्ट्रवाद-हिंदूवाद को संरक्षित करने के बजाय पश्चिमी लोकतंत्र प्रेरित उस क्षुद्र धर्मनिरपेक्षता की वकालत करते आए हैं जो एक अंतर्राष्ट्रीय नैतिक महामारी समझी जाती है। चूंकि इसके सिद्धांत और व्यवहार में काफी अंतर दुनिया के देशों में पाया जाता है, इसलिए एशियाई संदर्भ में यह धर्मनिरपेक्षता भारत की प्राचीन सनातन संस्कृति को कुचलने का एक बौद्धिक हथियार समझी जाती है।

इसके अलावा दलित-महादलित, पिछड़ा-अत्यंत पिछड़ा की जातीय अवधारणा, आदिवासी और आर्य के अंतर्राष्ट्रीय विभेद, अल्पसंख्यक और बहुसंख्यक के धार्मिक विभेद, भाषाई क्षेत्रवाद और एक समान कानून बनाने के बजाय आभिजात्य वर्गों के हितों के मुताबिक कानून निर्माण और इनको लेकर बहुमत-अल्पमत की आत्मघाती राजनीति ऐसे संवैधानिक सवाल हैं जिसका विवेकसम्मत समाधान हमारे राजनेताओं को देना चाहिए लेकिन वह पीछे 75 साल में वह इस मामले में विफल रहे हैं।

इस नजरिए से संविधान संरक्षण को लेकर अविवेकी न्यायिक हठ और कुतर्क भी एक बड़ी वजह है जिससे धर्मनिरपेक्षता जैसी टुच्ची सोच लाभान्वित है। वहीं जातीयता आदि विधि व्यवस्था के सवाल पर प्रशासनिक पूर्वाग्रह भी एक राजनैतिक त्रासदी ही है। इसलिए भारत के इस असली शत्रु को यदि हमलोग पहचान लिए, वैदिक संस्कृति के मुताबिक यहां के जनमानस को ढाल लिए, राजनीतिक अश्वमेध यज्ञ की पुनः शुरूआत कर लिए, तो भारत के जितने भी प्रत्यक्ष या परोक्ष शत्रु हैं, सबके दांत खट्टे किए जा सकते हैं।

निःसन्देह, बदलते विश्व की यही डिमांड भी है, जिसको लेकर भारत के लोगों के बीच सांस्कृतिक व राजनीतिक जागरूकता फैलाने की जरूरत है। इससे अखण्ड भारत यानी महाभारत के सपनों को पुनः हासिल करना आसान हो जाएगा।

दूर छोड़ आया हूं

गांव की खट्टी मीठी यादें,
अपने सुख-दुख की फरियादें,
लौट आने के इरादे,
किए थे कुछ कसमें और वादे,
खुद को भी चुका हूं भूल,
पैरों में चुभे हुए शूल,
सूरज उगने से पूर्व नहा आया हूं,
भूल कर सब कुछ दूर छोड़ आया हूं।
वो नोक झोंक छोटी बड़ी,
क्रोध और मोह की हथकड़ी,
मिट्टी से सने पाँव,
सीने पर लगे घाव,
कुएं का ताजा ठंडा पानी,
बुजुर्गों के मुंह से सुनी कहानी,
खून -पसीने से भाग्य लिखने आया हूं,
भूल कर सब कुछ दूर छोड़ आया हूं।
पगडंडी के किनारे लगी झाड़ियां,
खेलते बच्चों की किलकारियां,
खेत के किनारे बतियाना,
पेड़ पर चढ़कर गीत गुनगुनाना,
पशु पक्षियों पेड़ पौधों का प्यार,
याद आता है अब भी दुलार,
तूफान आंधी वर्षा से लड़ कर आया हूं,
भूल कर सब कुछ दूर छोड़ आया हूं।
पेड़ पर चढ़ फलों का सेवन करना,
नदी -नालों को कूद कर पार करना,
टीलों पर चढ़कर सूखी लड़कियां तोड़ना,
खटपट होते रिश्तों को जोड़ना,
पहाड़ों पर लगते मेले,
जिंदगी के रोज के झमेले,
जीने के लिए कुछ कमाने आया हूं,
भूल कर सब कुछ दूर छोड़ आया हूं।

डॉ. विनोद कुमार शर्मा, चंडीगढ़।

शिक्षा में स्मार्टफोन के प्रचलन से एकाग्रता एवं हेल्थ खतरे मे

-: ललित गर्गः-

शिक्षा में तेजी से बढ़ते स्मार्टफोन के उपयोग और उसके घातक प्रभावों को लेकर दुनियाभर में हलचल है, बड़े शोध एवं अनुसंधान हो रहे हैं, जिनके निष्कर्षों एवं परिणाम को देखते हुए कड़े कदम भी उठाये जा रहे हैं। शोध एवं अध्ययनों के तथ्यों ने चौंकाया भी है एवं चिन्ता में भी डाला है। पाया गया कि जो छात्र अपने फोन के करीब रहकर पढ़ाई करते हैं, उन्हें ध्यान केंद्रित करने में बहुत मुश्किल होती है, भले ही वे इसका उपयोग न कर रहे हों। स्मार्टफोन के उपयोग से नींद की गुणवत्ता कम होने, तनाव बढ़ने, एकाग्रता बाधित होने, स्मृति लोप होने, अवांछित सामग्री का अधिक उपयोग करने, मानसिक और शारीरिक स्वास्थ्य पर दुष्प्रभाव पड़ने जैसे खतरे उभरें हैं। इन बढ़ते खतरों को देखते हुए दुनियाभर में कम से कम 79 शिक्षा प्रणालियों ने स्कूलों में स्मार्टफोन पर प्रतिबंध लगा दिया है। जिसे लेकर, कई देशों में बच्चों की शिक्षा और निजता पर इसके प्रभाव को लेकर बहस जारी है। ह्यसंयुक्त राष्ट्र शैक्षिक, वैज्ञानिक एवं सांस्कृतिक संगठनह्ल (यूनेस्को) की वैश्विक शिक्षा निगरानी (जीईएम) टीम के अनुसार, 60 शिक्षा प्रणालियों या वैश्विक स्तर पर पंजीकृत कुल शिक्षा प्रणालियों का 30 प्रतिशत ने विशेष कानूनों या नीतियों के माध्यम से 2023 के अंत तक स्कूलों में स्मार्टफोन पर प्रतिबंध लगा दिया है। भारत में अभी इस ओर कोई कदम नहीं उठाया गया है।

सर्वेक्षण के आंकड़े यह संकेत देते हैं कि डिजिटल शिक्षा और स्मार्टफोन के इस्तेमाल में बच्चों की भागीदारी तेजी से बढ़ रही है। यह बदलाव शिक्षा के क्षेत्र में नए अवसर पैदा कर रहा है, लेकिन साथ ही इसके साथ कई चुनौतियाँ भी हैं, डिजिटल शिक्षा को संतुलित और सुरक्षित बनाना आने वाले समय में एक प्रमुख चुनौती है। डिजिटल शिक्षा के बढ़ते प्रभाव के साथ, यह आवश्यक हो गया है कि स्मार्टफोन और इंटरनेट का सही, संयमपूर्ण और सुरक्षित उपयोग सुनिश्चित किया जाए ताकि बच्चों का विकास सही दिशा में एवं समग्रता से हो। निस्संदेह, शिक्षा के बाजारीकरण और नए शैक्षिक प्रयोगों में मोबाइल की अपेक्षाओं को महंगे स्कूलों ने स्टेटस सिंबल बना दिया है। लेकिन हालिया वैश्विक सर्वेक्षण बता रहे हैं कि पढ़ाई में अत्यधिक मोबाइल का प्रयोग विद्यार्थियों के लिये मानसिक व शारीरिक समस्याएं पैदा कर रहा है। सर्वविदित है कि विभिन्न ऑनलाइन शैक्षिक कार्यक्रमों के चलते छात्र-छात्राओं में मोबाइल फोन का इस्तेमाल तेजी से बढ़ा है। तमाम पब्लिक स्कूलों ने ऑनलाइन शिक्षा के लिए मोबाइल फोन का इस्तेमाल अनिवार्य तक बना दिया है। कमोबेश सरकारी स्कूलों में ऐसी बाध्यता नहीं है। लेकिन वैश्विक स्तर पर किए गए सर्वेक्षण से यह तथ्य सामने आया है कि स्मार्टफोन एक हद तक तो सीखने की प्रक्रिया में मददगार साबित हुआ है, लेकिन इसके नकारात्मक प्रभावों को भी नजरअंदाज नहीं किया जाना चाहिए। ज्यादा मोबाइल का इस्तेमाल करने से पढ़ाई में बाधा आती है, नैसर्गिक शैक्षणिक गुणवत्ता आहत होती है।

भारत में 21 राज्यों के ग्रामीण समुदायों में 6-16 वर्ष की आयु के स्कूली बच्चों के 6,229 अभिभावकों के बीच किए गए अखिल भारतीय सर्वेक्षण से पता चला कि अधिकतर बच्चे पढ़ाई के बजाय मनोरंजन एवं अश्लील सामग्री के लिए स्मार्टफोन का उपयोग करते हैं। सर्वेक्षण में कहा गया है कि जिन छात्रों के पास गैजेट्स हैं, उनमें से 56.6 प्रतिशत ने डिवाइस का इस्तेमाल मूवी डाउनलोड करने और देखने के लिए किया, जबकि 47.3 प्रतिशत ने उनका इस्तेमाल संगीत डाउनलोड करने और सुनने के लिए किया। सर्वेक्षण से पता चला है कि ग्रामीण भारत में 49.3 प्रतिशत छात्रों के पास स्मार्टफोन की पहुंच है, लेकिन उनमें से केवल 34 प्रतिशत ही पढ़ाई के लिए इसका इस्तेमाल करते हैं।

वैश्विक स्तर पर, आज दुनिया भर में 6.378 बिलियन स्मार्टफोन उपयोगकर्ता हैं-जो कि कुल आबादी का लगभग 80.69 प्रतिशत है। इसमें दो मत नहीं कि एक समय महज बातचीत का जरिया माना जाने वाला मोबाइल फोन आज दैनिक जीवन की जरूरतों को पूरा करने वाला बेहद जरूरी उपकरण बन चुका है। खासकर कोरोना संकट के चलते स्कूल-कालेजों के बंद होने के बाद तो यह पढ़ाई का अनिवार्य हिस्सा बन गया। आललाइन कक्षाओं के बढ़ते प्रचलन में लगने लगा था कि इसके बिना तो पढ़ाई संभव ही नहीं है। लेकिन नादान बच्चों के हाथ में मोबाइल बंदर के हाथ में उस्तरे जैसा ही साबित हुआ है। निश्चित तौर पर ये उनके भटकाव, गुमराह, दिग्भ्रमित और मानसिक विचलन का कारण भी बना है। इसी कारण कई देशों में स्कूलों में स्मार्टफोन पर बैन लगा दिया है, क्योंकि इन देशों का मानना है कि यह बच्चों की शिक्षा और उनकी गोपनीयता पर नकारात्मक प्रभाव डालता है।

अनेक देशों में हुए सर्वेक्षणों ने स्मार्टफोन के उपयोग से विद्यार्थियों पर पड़ने वाले दुष्प्रभावों पर चिंता जतायी है। इनकी रिपोर्ट एवं चौंकाने वाले तथ्य भारत में शिक्षा के नीति-नियंताओं की आंख खोलने वाले हैं। यूनेस्को की टीम के मुताबिक बीते साल के अंत तक कुल पंजीकृत शिक्षा प्रणालियों में से चालीस फीसदी ने सख्त कानून या नीति बनाकर स्कूलों में छात्रों के स्मार्टफोन के प्रयोग पर रोक लगा दी है। दरअसल, आधुनिक शिक्षा के साथ आधुनिकीकरण एवं विकास की अपेक्षा को दर्शा कर तमाम पब्लिक स्कूलों में मोबाइल के उपयोग को अनिवार्य बना दिया गया। निस्संदेह, आधुनिक समय में स्मार्टफोन कई तरह से शिक्षा में मददगार है। लेकिन यहां प्रश्न इसके अनियंत्रित एवं अवांछित प्रयोग का है। साथ ही दुनिया में अनियंत्रित इंटरनेट पर परोसी जा रही अनुचित, अश्लील, अनुपयोगी सामग्री और बच्चों पर पड़ने वाले उसके दुष्प्रभावों पर भी दुनिया में विमर्श जारी है। मोबाइल फोन का अत्यधिक उपयोग छात्रों के मनोवैज्ञानिक स्वास्थ्य के लिए बुरा है तथा इसके लगातार उपयोग से चिंता का स्तर बढ़ता है, आत्म-सम्मान कम होता है तथा अकेलेपन की भावना बढ़ती है। इसका अंधाधुंध व गलत उपयोग घातक भी हो सकता है। दरअसल, स्मार्टफोन में वयस्कों से जुड़े तमाम एप ऐसे भी हैं जो समय से पहले बच्चों को वयस्क बना रहे हैं। उन्हें यौन कुंठित बना रहे हैं। बड़ी चुनौती यह है कि बच्चों की एकाग्रता भंग हो रही है। बच्चों में याद करने की क्षमता घट रही है।

बदलते शैक्षणिक परिदृश्यों में जब शिक्षा में स्मार्टफोन का उपयोग टाला नहीं जा सकता, लेकिन उसका नियंत्रित उपयोग तो किया ही जा सकता है। निस्संदेह उसका उपयोग सीमित एवं संयमपूर्वक किया जाना नितांत अपेक्षित होना चाहिए। संकट यह भी कि मोबाइल पर खेले जाने वाले ऑन लाइन गेम जहां बच्चों को मैदानी खेलों से दूर कर रहे हैं, वहीं स्वास्थ्य पर भी प्रतिकूल असर डाल रहे हैं। हमें किसी भ्रम में नहीं रहना चाहिए। पूरी दुनिया में बढ़ता मोबाइल फोन का प्रचलन एक संकट है एवं एक चुनौती है। क्या हम वाकई सोचते हैं कि छात्रों को स्कूल में ज्यादा स्क्रीन टाइम की जरूरत है? कुछ सर्वेक्षण के परिणामों ने विश्वविद्यालय के संसाधनों और शैक्षणिक जानकारी तक मोबाइल पहुँच के लिए छात्रों की बढ़ती माँग को प्रदर्शित किया, साथ ही अपने साथियों और प्रशिक्षकों के साथ तेज, व्यक्तिगत, इंटरैक्टिव डिजिटल संचार की बढ़ती जरूरतों को भी दर्शाया। भारत में स्मार्टफोन के उपयोग को बैन करने का निर्णय जल्दबाजी में न हो, पहले अनुसंधान हो, परामर्श किया जाना चाहिए तथा उनके अनुप्रयोग पर गहन विचार किया जाना चाहिए। निश्चित तौर पर स्मार्टफोन छात्र-छात्राओं का सहायक तो बन सकता है, लेकिन सबकुछ इसके भरोसे नहीं छोड़ा जा सकता। इससे छात्रों की स्वतः स्फूर्त मेधा कुंद होने का खतरा है। छात्र जीवन को तकनीक का वन नहीं, बल्कि पुरुषार्थ और प्रतिभा का उपवन बनाये। वृक्ष भी जीते हैं, पशु-पक्षी भी जीते हैं, परन्तु वास्तविक जीवन वे ही जीते हैं, जिनका मन मनन का उपजीवी हो। मननशीलता की संपदा मानव को सहज उपलब्ध है, जिसका अधिकाधिक उपयोग और विकास कर जीवन को सार्थक दिशा प्रदान करें।

मोदी, ट्रम्प और व्यावसायिक हित

- अरविन्द मोहन

इस अमेरिकी यात्रा और इस तरह के फैसले करने कराने की तैयारी उसके पहले शुरू हो गई थी और अभी भी चल रही है। अभी भी इस्पात और अल्युमिनियम पर सीमा शुल्क पच्चीस फीसदी करने की माथापच्ची चल रही है क्योंकि ट्रम्प ऐसा चाहते हैं। ट्रम्प विश्व व्यापार संगठन के जरिए बनी वैश्विक व्यापार नियमों से खासे खफा है। शेयर बाजार में चल रही मौजूदा दौर की गिरावट में बाजार के कुछ बड़े और कुशल खिलाड़ियों को कितने का नुकसान हुआ है यह हिसाब अब आने लगा है। कई का नुकसान लगभग एक तिहाई तक का है पर कुल मिलाकर बाजार इतना नहीं गिरा है। लेकिन ऐसे शीर्ष वाले लोगों का नुकसान अगर कुछ सौ करोड़ का है तो हमारे शेयर बाजारों के सारे निवेशकों का नुकसान दसेक लाख करोड़ रुपए से अधिक का हो चुका है और उसकी चर्चा कम है। यह पैसा आम लोगों का तो है ही, उनके बैंक जमा, प्राविडेन्ट फंड, साझा कोशों और बीमा कंपनियों को चुकाए उनके प्रीमियम की रकम का है। और आम तौर पर यह धन शेयर बाजार के विशेषज्ञों के साथ ही सरकार के इशारों पर बाजार में लगता है, उसे चढ़ाता और गिराता है। इस बार का भूचाल अमेरिकी शासन के बदलाव से जुड़ा है अर्थात डोनाल्ड ट्रम्प के फिर से राष्ट्रपति बनने के बाद लिए उन फैसलों और आने वाले फैसलों की आशंका से इसका रिश्ता है जिसे वे अमेरिका को फिर से महान बनाने के अपने वायदे के हिसाब से ले रहे हैं या लेने वाले हैं। इस बीच हमारे रुपए को गोता लगाने से बचाने के लिए(फिर भी उसने अच्छी खासी गिरावट दर्ज की है) रिजर्व बैंक ने कितना दंड-प्राणायाम किया है वह अलग हिसाब है पर उसने हमारी गाढ़ी कमाई के हजारों करोड़ मूल्य के डालर बाजार में उतारे हैं। और मोदी राज की शुरूआत में पच्चीस हजार के रेट वाले सोना ने आज प्रति दस ग्राम नब्बे हजार का स्तर छूकर कितनों को रुलाया है, यह हिसाब भी आसानी से लगाया जा सकता है। कोई उम्मीद कर सकता है कि जब हमारे प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने अमेरिका यात्रा की और ट्रम्प से मिले (या ऊनके पहले विदेश मंत्री जयशंकर ने अमेरिका में अड्डा डाला था) तो वे जरूर महाबली अमेरिका के इस राष्ट्रपति से अपना दुखदर्द कहेंगे और अभी तक जारी अच्छे राजनयिक संबंधों के आधार पर अपनी परेशानियों का समाधान चाहेंगे, अमेरिका-भारत संबंधों में इसके चलते खटास न आए, इसका इंतजाम करेंगे। ट्रम्प दोबारा चुनाव जीतकर कुछ ज्यादा ही आत्मविश्वास और अमर्यादित व्यवहार पर उतरे लगते है, शपथ ग्रहण करने के साथ ही उन्होंने दो सौ से ज्यादा बड़े फैसलों पर दस्तखत करके दुनिया को 'दहला' दिया था और अभी भी उनका उत्साह जारी है। इस उत्साह को दुस्साहस बताने वाले कम नहीं है क्योंकि इससे अमेरिका का लाभ/घाटा क्या होगा यह हिसाब नुकसान की तरफ जाता लगता है। कहा जाता है कि ट्रम्प इस बात से ज्यादा खुश न थे कि उनका मित्र माने जाने वाले मोदी ने बाइडन प्रशासन से भी अच्छा संबंध रखा और चुनाव हारने के कारण उनकी तरफ पीठ फेर लिया था। इसलिए मोदी और ट्रम्प की दोस्ती के पक्षधर इस बात को लेकर खुश हैं कि इस यात्रा में प्रधानमंत्री पुरानी गर्मजोशी हासिल करने में सफल रहे। बातचीत, व्यवहार, राजनयिक शिष्टाचार से लेकर इस यात्रा में हुए समझौतों के आधार पर ऐसा नहीं लगता क्योंकि सारा हिसाब अमेरिका के पक्ष में झुका हुआ है। और साझा प्रेस कांफ्रेंस में ट्रम्प ने जिस तरह से मोदी जी के प्रति व्यवहार दिखाया वह सामान्य न था, बल्कि कई बार तो यह खिल्ली उड़ाने के करीब तक पहुंच गया। और मोदी जी ट्रम्प प्रशान के करीबी उद्यमी एलन मास्क से मिलने और उनके भारत से व्यावसायिक रिश्ते बनाने को लेकर जितने बेचैन रहे हैं उसमें उनका व्यवहार भी सामान्य शिष्टाचार वाला न था। वे प्रधानमंत्री से भेंट में अपनी पत्नी, बच्चों के साथ बच्चों की देखरेख करने वाली सहायिका को भी लेकर पहुंचे थे। और सामान्य निष्कर्ष यही रहा कि इस यात्रा से भारत- अमेरिकी दोस्ती में कोई कड़वाहट न आई या वैसा कुछ था तो वह खत्म हुआ लेकिन कुल मिलाकर अमेरिका लाभ की स्थिति में रहा। उसने मनमाने व्यावसायिक करार किए और भारत ने ज्यादा ना नुकर न करते हुए उन्हें स्वीकार किया।

इसमें गैरजरूरी सैन्य सामग्री की खरीद का करार भी शामिल है और तेल समेत कुछ ऐसे सौदों का प्रसंग उठाना भी है जिनमें समझौता करना भारत को महंगा पड़ेगा।

मुख्य निर्वाचन आयुक्त की जल्दबाजी में नियुक्ति

जिस प्रकार से लोकतांत्रिक मयार्दाओं तथा परम्पराओं को ताक पर रखकर, जल्दबाजी में केन्द्र सरकार ने 26वें मुख्य निर्वाचन आयुक्त (चीफ इलेक्शन कमिश्नर- सीईसी) की नियुक्ति की है उससे चुनाव सुधार की उम्मीदों पर फिर से पानी फिर गया है। मुख्य निर्वाचन आयुक्त राजीव कुमार के 18 फरवरी को सेवानिवृत्त होने से पहले ही केंद्र सरकार ने प्रधानमंत्री कार्यालय में 17 फरवरी की शाम एक बैठक बुलाई, जिसमें प्रधानमंत्री और गृहमंत्री के अलावा नेता प्रतिपक्ष भी शामिल हुए।

नेता प्रतिपक्ष राहुल गांधी ने इस बैठक के लिए पहले ही आपत्ति जाहिर कर दी थी, बावजूद इसके सरकार ने उन आपत्तियों को दरकिनार करते हुए न केवल बैठक की, बल्कि सोमवार देर रात नए मुख्य निर्वाचन आयुक्त के तौर पर ज्ञानेश कुमार को नियुक्त कर दिया। इस नियुक्ति पर भी विपक्ष सवाल उठा रहा है। 1988 बैच के केरल कैडर के आईएएस अधिकारी ज्ञानेश कुमार ने केंद्रीय गृह मंत्रालय में अपने कार्यकाल के दौरान जम्मू-कश्मीर में संविधान के अनुच्छेद 370 के कुछ प्रावधानों को निरस्त किये जाने के बाद निर्णय को लागू करने में महत्वपूर्ण भूमिका निभाई थी और 15 मार्च, 2024 को निर्वाचन आयुक्त के रूप में कार्यभार संभाला था। ये पहली बार है, जब मुख्य चुनाव आयुक्त का चयन मुख्य चुनाव आयुक्त एवं अन्य चुनाव आयुक्त (नियुक्ति, सेवा की शर्तें और पदावधि) अधिनियम, 2023 के तहत हुआ है। इससे पहले बीते साल ज्ञानेश कुमार और सुखबीर सिंह संधू को नए कानून के तहत चुनाव आयुक्त चुना गया था।

निवर्तमान मुख्य निर्वाचन आयुक्त राजीव कुमार का कार्यकाल कई किस्म के विवादों में घिरा रहा। आरोप लगे कि उनके रहते आयोग ने भाजपा की सुविधानुसार चुनावी कार्यक्रम बनाना, सिर्फ विरोधी दलों के खिलाफ कार्रवाइयां करना, भाजपा के गलत कार्यों की अनदेखी करना, आचार संहिता का प्रतिपक्ष को दबाने में इस्तेमाल करना और विरोधियों को न सुनना जैसे कार्य किए। उनके दौर में हुए लगभग हर चुनाव में गड़बड़ी की शिकायतें विपक्ष ने कीं। ईवीएम में छेड़छाड़ से लेकर मतदाता सूची की गड़बड़ी जैसे गंभीर आरोपों के सवाल उठे, मतदान खत्म होने के कुछ घंटों के बाद वोटिंग का प्रतिशत बढ़ जाना, मतगणना बीच में रुकने या धीमी होने के बाद कुछ ही मिनटों में हारती हुई भाजपा की सीटों का इतना बढ़ जाना कि वह राज्यों में सरकार बना ले आदि ऐसी घटनाएं हैं जो हमेशा संदेह के घेरे में रहेंगी। विपक्ष ने भाजपा की जेबी संस्था, चूना आयोग जैसे शब्द चुनाव आयोग के लिए किए ताकि उसके आरोपों की गंभीरता समझी जाए। लेकिन इन सबका कोई असर संभवतः सरकार पर नहीं हुआ।

लोकतंत्र के पक्ष में वे सारे लोग जो एक स्वतंत्र, मजबूत और निष्पक्ष चुनाव आयोग की उम्मीद राजीव कुमार के जाने के बाद लगाये बैठे थे, वे इसलिये मायूस हैं क्योंकि उन्हें वांछित बदलाव की अब कोई उम्मीद नहीं रह गयी है क्योंकि नये सीईसी का उसी धारा में तैरना लगभग तय माना जा रहा है।

सीईसी के रूप में ज्ञानेश का कार्यकाल जनवरी, 2029 तक रहेगा। इस दौरान उनकी देखरेख में लगभग 20 विधानसभा चुनाव होंगे तथा अगली लोकसभा के लिये 2029 में होने वाली सारी भी तैयारियां वे करके जायेंगे- यदि उन्हें सेवा विस्तार नहीं मिलता तो।

ऐसा तभी होगा यदि वे राजीव कुमार की बनाई लीक से हटकर काम करेंगे; जिसकी उम्मीद कम है।

केन्द्रीय निर्वाचन आयोग हमेशा भाजपा सरकार की जेब में बनी रहे, इसकी तैयारी पहले से कर ली गयी थी। 2023 में सीईसी नियुक्ति अधिनियम में संशोधन कर चयन समिति से सुप्रीम कोर्ट के मुख्य न्यायाधीश को हटा दिया। इसका उद्देश्य साफ था कि चयन प्रक्रिया में बहुमत सरकार का बना रहे। इसे लेकर विपक्ष, खासकर कांग्रेस आपत्ति जताती रही है। इसके खिलाफ शीर्ष कोर्ट में एक याचिका भी लगाई गयी है जिस सम्बन्ध में तीन सुनवाइयां हो चुकी हैं और अगली सुनवाई बुधवार 19 फरवरी को ही निर्धारित है। कहीं उच्चतम न्यायालय इस नियम को अवैध न ठहरा दे, इसलिये अदालती फैसले हेतु ठहरने की बजाये (और आशंका में) सोमवार को बैठक बुलाकर राहुल की कड़ी आपत्ति के बावजूद नया सीईसी घोषित किया गया।

सरकार रुक सकती थी क्योंकि फिलहाल देश में कोई चुनाव नहीं है। केवल बिहार का होगा- वह भी इस साल के अंत में। आधी रात को राष्ट्रपति द्रौपदी मुर्मु ने हस्ताक्षर भी कर दिये। इसलिये राहुल ने इस प्रक्रिया को 'अपमानजनक व अशिष्टज बतलाया है जो कि गलत नहीं है। राहुल गांधी ने अपनी आपत्ति का एक पत्र केंद्र सरकार को दिया है। वहीं कांग्रेस ने एक ट्वीट में आधी रात का तख्तापलट शीर्षक के तहत कई बिंदुओं में समझाया है कि कैसे मोदी-शाह ने मुख्य चुनाव आयुक्त की नियुक्ति पर कब्जा किया है। कांग्रेस ने लिखा है कि सुप्रीम कोर्ट को दरकिनार करने से लेकर आधी रात की नियुक्ति तक, मोदी और शाह ने दिनदहाड़े सबसे बड़े चुनावी तख्तापलट को अंजाम दिया है।

यह बेहद गंभीर आरोप है जो कांग्रेस ने लगाया है, अब देखना होगा कि अदालत इस आपत्ति का संज्ञान लेती है या नहीं।

जिला बार एसोसिएशन के चुनाव में प्रधानी के लिए उतरे धर्मेंद्र अत्री पैनल ने जारी किया चुनावी घोषणापत्र

हरियाणा वाटिका/एकजोत

कुरुक्षेत्र, 24 फरवरी। जिला बार एसोसिएशन के 28 फरवरी को चुनाव होने जा रहे हैं। इस चुनाव में जिला बार एसोसिएशन की प्रधानी को लेकर चुनाव मैदान में उतरे धर्मेंद्र अत्री और उनके पैनल ने अपना चुनावी घोषणापत्र जारी किया। प्रधान पद के लिए जहां धर्मेंद्र अत्री चुनाव मैदान में हैं, वहीं उनके पैनल में सौरभ शर्मा उप प्रधान पद के लिए, संजीव धवन महासचिव पद के लिए, विक्रांत जांगड़ा सहसचिव पद के लिए तथा जयदीप रंगा कोषाध्यक्ष पद के लिए भाग्य आजमा रहे हैं। कार्यक्रम में पूर्व प्रधान सौरभ दत्त शर्मा, पूर्व प्रधान सुभाष शर्मा, पूर्व प्रधान राजेंद्र जुनेजा, धर्म सिंह पांचाल, अमर राज सिंह, अजय शर्मा, करम सिंह राणा सहित अन्य अधिवक्ता वक्ताओं ने अपने विचार प्रकट किए और धर्मेंद्र अत्री पैनल के सभी उम्मीदवारों को जीताने की अपील भी की। अपने पैनल और एजेंडा डिक्लेरेशन को लेकर जानकारी देते हुए धर्मेंद्र अत्री ने बताया कि वे सभी वकील साथियों के सम्मान और उनकी समस्याओं के समाधान हेतु चुनाव मैदान में हैं। अगर वे सभी साथियों के आशीर्वाद, सहयोग और वोट से जीत हासिल करते हैं तो वे स्वाई वकीलों में आत्म सम्मान में कोई कोर कसर नहीं छोड़ेंगे, नए युवा वकीलों के लिए चैंबर की व्यवस्था के साथ साथ उनकी जरूरतों का ध्यान रखा जाएगा, महिला वकीलों को सुविधाएं उपलब्ध करवाई जाएंगी, कैंटीन और अन्य कई विषयों पर भी सकारात्मक कदम उठाए जाएंगे। कार्यक्रम में पूर्व प्रधान मनोज कौशिक, पूर्व महासचिव धर्मेंद्र नरबान, मनोज अठवान, बलदेव राज बजाज, एस के गोयल, अनुज गर्ग, करम सिंह राणा, प्रवास चौधरी, विक्रम गुज्जर, ओम प्रकाश धीमान, राजकुमार तंवर, सुदेश कौशिक, तरसेम मित्तल, पंकज कालड़ा, राजेंद्र कुमार, अशोक कटारिया, बलदेव सैनी, बलवंत सिंह वालिया, राजेंद्र मोरथला, अमर राज सिंह, शिवम शर्मा, चतर सिंह जांगड़ा, नफे सिंह बीबीयान सहित सैकड़ों अन्य अधिवक्ता भी शामिल हुए। गौरतलब है कि 28 फरवरी को होने वाले इस चुनाव के लिए निर्वाचन अधिकारी अधिवक्ता केके कौशिक व सहायक निर्वाचन अधिकारी सुमेर सिंह कैरो हैं। 28 फरवरी को सुबह आठ बजे से शाम साढ़े चार बजे तक मतदान होगा, जिसके बाद मतगणना कर परिणाम जारी कर दिए जाएंगे।

कुवि कुलपति प्रो. सोमनाथ सचदेवा ने किया राष्ट्रीय कार्यशाला के ब्रोशर का अनावरण

हरियाणा वाटिका/एकजोत

कुरुक्षेत्र, 24 फरवरी। कुरुक्षेत्र के कुलपति प्रो. सोमनाथ सचदेवा के मार्गदर्शन में कुरुक्षेत्र विश्वविद्यालय का विधि प्रकोष्ठ, विधि संस्थान के सहयोग से 5 मार्च को एक राष्ट्र, एक चुनाव पर एक राष्ट्रीय कार्यशाला का आयोजन किया जाएगा। इस कार्यक्रम के ब्रोशर का अनावरण सोमवार को कुरुक्षेत्र विश्वविद्यालय के कुलपति प्रो. सोमनाथ सचदेवा, कुलसचिव डॉ.वीरेंद्र पाल, 48 कोस तीर्थ समिति के अध्यक्ष मदन मोहन छाबड़ा के साथ विधि संस्थान की निदेशिका प्रो. सुशीला देवी चौहान, कुरुक्षेत्र विश्वविद्यालय के कानूनी प्रकोष्ठ के प्रभारी प्रो. अमित लुदरी और विधि संस्थान के उप-निदेशक डॉ. रमेश सिरोही द्वारा किया गया। इस राष्ट्रीय कार्यशाला में विधि संस्थान के संकाय सदस्य एक राष्ट्र, एक चुनाव विषय पर शोध पत्र के साथ अकादमिक रूप से योगदान देंगे। इस महत्वपूर्ण आयोजन में विश्वविद्यालय के विभिन्न विभागों के संकाय सदस्य और अनुसंधान विद्वान भी भाग लेंगे।

शोभायात्रा का हुआ भव्य स्वागत

हरियाणा वाटिका/एकजोत

कुरुक्षेत्र, 24 फरवरी। महंत प्रभातपुरी की प्रेरणा से तथा महंत बंसीपुरी, महंत लक्ष्मीनारायण पुरी की अगुवाई में श्रीस्थानेश्वर महादेव मंदिर द्वारा शोभा यात्रा का आयोजन किया गया। शोभा यात्रा के पालिका बाजार में पहुंचने पर प्रसिद्ध समाजसेवी मुलख राज अरोड़ा ने शोभा यात्रा का स्वागत किया और सभी सेवादारों तथा संगत को प्रशाद वितरित किया। महंत बंसीपुरी एवं महंत लक्ष्मीनारायण पुरी तथा साधु समाज तथा ब्राह्मणों ने मुलखराज अरोड़ा को शुभाशीष दिया। इस मौके पर सचिन अरोड़ा, गौरांग राणा, अमित अरोड़ा, सत्यवान, अशोक मुल्तानी, सुरिन्द्र, प्रांशु अरोड़ा, मृदुल, हिमांशु, श्लोक तथा अनेक भगत शामिल हुए।

सरस्वती नदी में गंदे नालों का पानी डाला जा रहा : सुशील गुप्ता

हरियाणा वाटिका/एकजोत

कुरुक्षेत्र, 24 फरवरी। आम आदमी पार्टी हरियाणा के प्रदेश अध्यक्ष डा. सुशील गुप्ता ने थानेसर की समस्याओं को लेकर सरकार को घेरते हुए कहा कि थानेसर में सफाई व्यवस्था चरमरा गई है। सड़कों पर बेसहारा पशु घूमते हैं, जिससे आए दिन कोई ना कोई दुर्घटना होती रहती है। जगह-जगह सीवरेज के ढक्कन टूटे हुए हैं जिससे दुर्घटना होने का खतरा बना रहता है। सरस्वती नदी में गंदे नालों का पानी डाला जाता है। गुंडाराज फैला हुआ है जो आए दिन रंगदारी मांगते हैं, लुटपाट करते हैं और हत्याएं तक करते हैं। सरकार का गुंडाराज रोकने का कोई भी प्लान नहीं है। एनडीसी के नाम पर लोगों को लूटा जा रहा है। भगवान वाल्मीकि धर्मशाला में पत्रकारों से बातचीत करते हुए डा.सुशील गुप्ता ने कहा कि रुक्मणी वाल्मीकि को आम आदमी पार्टी ने थानेसर नगर परिषद में चेयरपर्सन पद के लिए उम्मीदवार उतारा है। रुक्मणी वाल्मीकि गरीब परिवार की पढ़ी-लिखी, ईमानदार व काम करने वाली बेटी है। थानेसर में नगर परिषद की हमारी अध्यक्ष बनने पर हम शहर की सारी समस्याओं से जनता को निजात दिलाएंगे। इस अवसर पर उनके साथ कृष्ण बजाज, विशाल खुब्बड, जवाहर लाल गोयल, नबी घावरी, प्रेम, वेद प्रकाश सैनी, राजेश सैनी प्रेम, विशाल गिल, राजू गिल, विनोद वेद, शिव कुमार चौहान, सुभाष मचल, राजेश वेद, राम शरण, रजत कल्याण, सुलोचना, बलजिंदर कौर, मीना, सुमन आदि कार्यकर्ता मौजूद थे।

शहर को साफ-सुथरा व सुंदर बनाने में अधिकारियों का सहयोग अपेक्षित: उपायुक्त महावीर कौशिक

खुले में कूड़ा न डालने की नागरिकों से की अपील

हरियाणा वाटिका/मनोज मलिक

भिवानी, 24 फरवरी। उपायुक्त महावीर कौशिक ने कहा है कि भिवानी शहर को साफ सुथरा व सुंदर बनाने के लिए प्रशासनिक अधिकारियों व कर्मचारियों का सहयोग अपेक्षित है। उपायुक्त आज लघु सचिवालय के डीआरडीए हाल में स्वच्छता को लेकर अधिकारियों की बैठक को संबोधित कर रहे थे।

उपायुक्त महावीर कौशिक ने बताया कि भिवानी नगर का स्वच्छता को लेकर प्रशासनिक स्तर पर सर्वे करवाया गया है। इस सर्वे में पाया गया है कि शहर में

40 अलग-अलग ऐसे बिंदु है जहां पर कूड़ा डाला जा रहा है। उन्होंने एक-एक करके सभी बिंदुओं पर चर्चा की और आवश्यक दिशा-निर्देश जारी किए। उपायुक्त महावीर कौशिक ने कहा कि नगर परिषद द्वारा गाडि ?ों के माध्यम से घर-घर से कूड़ा उठाने का कार्य किया जा रहा है। लेकिन इसके बावजूद भी खुले में कूड़ा डालना गलत है। उन्होंने कहा कि शहर को साफ-सुथरा व सुंदर बनाना हम सब की सामूहिक जिम्मेदारी है। उन्होंने कहा कि उपरोक्त 40 बिंदुओं के समीप जहां-जहां सरकारी कार्यालय हैं वे अधिकारी वहां से गंदगी हटवाने की जिम्मेदारी लेंगे। इसके अलावा इस कार्य में सामाजिक संस्थाओं व नागरिकों का सहयोग भी लिया जाएगा। उन्होंने अधिकारियों से कहा कि वे नागरिकों से अपील भी करें कि खुले में कूड़ा ना डालें क्योंकि यह शहर हमारा अपना है और इसे साफ सुथरा व सुंदर रखना हमारी नैतिक जिम्मेदारी भी है। उपायुक्त महावीर कौशिक ने घर-घर से कूड़ा उठाने वाले एजेंसी संचालकों को भी निर्देश दिए कि वे निर्धारित समय पर कॉलोनी में पहुंचे और खुले में कूड़ा इकट्ठा ने होने दें। बैठक में नगराधीश अनिल कुमार सहित विभिन्न विभागों के अधिकारी उपस्थित रहे।

हिसार-नई दिल्ली ट्रेन 6 मार्च तक रहेगी रद्द

यात्रियों को हो रही भारी परेशानी, ट्रेन को शीघ्र चालू किया जाए

हरियाणा वाटिका/मनोज मलिक

भिवानी, 24 फरवरी। हिसार-नई दिल्ली ट्रेन 54423/24 महाकुंभ 2025 के दौरान परिचालिक कारणों से अब 6 मार्च तक रद्द रहेगी । दैनिक यात्रियों की ट्रेन को इस तरह लगातार रद्द करना कहां तक सही है ? पहले ही इस ट्रेन की समय सारणी के बदलाव और नई दिल्ली से भिवानी आते समय लगातार लेट होने से यात्री परेशान थे, अब ट्रेन को लगातार रद्द होने से यात्रियों की परेशानी और बढ़ गई है । दैनिक रेल यात्री एंड जन कल्याण संघ के सदस्य संतोष कुमार अग्रवाल ने बताया कि महाकुंभ 2025 का अंतिम स्नान भी फरवरी में हो जाएगा उसके बाद भी ट्रेनों को 6 मार्च तक रद्द करना समझ नहीं आ रहा है ।

इसके अलावा जींद - हिसार और रेवाड़ी-दिल्ली ट्रेनों को भी लगातार रद्द किया जा रहा है । उन्होंने रेलवे से मांग करते हुए कहा कि जल्दी से इन ट्रेनों का नियमित संचालन सुनिश्चित करें । इस ट्रेन के रद्द होने से दैनिक यात्रियों को भारी परेशानी का सामना करना पड़ रहा है।

पैकेजिंग प्रिंटिंग में रोजगार की अपार संभावनाएं : सुरेन्द्र कुमार जैन

हिमाचल पैकेजिंग एंड प्रिंटिंग एसोसिएशन के प्रतिनिधिमंडल ने किया आईएमसीटी के विद्यार्थियों से किया इंटरेक्शन

हरियाणा वाटिका/एकजोत

कुरुक्षेत्र, 24 फरवरी। कुरुक्षेत्र विश्वविद्यालय कुरुक्षेत्र के जनसंचार एवं मीडिया प्रौद्योगिकी संस्थान में संस्थान और हिमाचल प्रदेश प्रिंट एंड पैक एसोसिएशन के संयुक्त तत्वाधान में इडस्ट्री-एकेडिमिया मीट के तहत वर्ल्ड प्रिंटिंग डे मनाया गया। इस अवसर पर प्रिंट एंड पैक एसोसिएशन हिमाचल के सलाहकार सरेंद्र कुमार जैन ने कहा कि पैकेजिंग प्रिंटिंग में रोजगार की अपार संभावनाएं हैं। उन्होंने प्रिंटिंग एवं पैकेजिंग के संक्षेप इतिहास के बारे में कहा कि कि 1440 में जर्मनी के गुटेनबर्ग ने लकड़ी की प्रिंटिग प्रेस से शुरूआत की थी, उसके बाद चीन में लकडी के ठप्पों का आविष्कार होना आरंभ हुआ। उन्होंने कहा भारत में वर्तमान में प्रिंटिंग इंडस्ट्री 7.5 मीलियर

डॉलर की पहुंच चुकी है जो दूसरे नंबर की इंडस्ट्री हैं इसलिए प्रिंटिंग पैकेजिग और ग्राफिक्स के विद्यार्थियों का भविष्य सुनहरा है। इस कार्यक्रम की अध्यक्षता कर रहे जनसंचार एवं मीडिया प्रौद्योगिकी संस्थान के निदेशक प्रोफेसर महासिंह पूनिया ने विभिन्न इडस्ट्री के विद्वानों का स्वागत करते हुए कहा कि विद्यार्थी संस्थान एवं विश्वविद्यालय के ब्रांडिंग के लिए काम करें। उन्होंने कहा कि विद्यार्थियों को इस अवसर का अच्छा लाभ लेना होगा ताकि वे स्वयं, संस्थान और कुरुक्षेत्र विश्वविद्यालय के ब्रांड बने क्योंकि वर्तमान दौर में जो दिखता है वह बिकता भी है।

उन्होंने कहा कि प्रिंटिग एंड पैकेजिंग, ग्राफिक्स एनिमेशन के विद्यार्थियों का वर्ल्ड प्रिंटिग डे कार्यक्रम के दौरान विभिन्न प्रतियोगिताओं के माध्यम से प्लेसमेंट करवाया जायेगा। ऑपरेशन एंड लीगल, आईपीएएमए से प्रंशात वत्स ने कहा कि डिजिटलाइजेशन ने प्रिंटिंग इंडस्ट्री को नया आयाम दिया है इसलिए विद्यार्थियों को तकनीकी की बारीकी पहलूओं पर अधिक ध्यान देना होगा ताकि जो प्रोडक्ट मार्केट में लाया जाये उसकी गुणवत्ता बनी रह सके। इस अवसर पर संस्थान के सहायक प्राध्यापक डॉ. आबिद अली, डॉ. मधुदीप, डॉ. अभिनव, डॉ. तपेश किरण, डॉ. रोशन मस्ताना, गौरव कुमार, सचिन कुमार, अमित कुमार, कंचन शर्मा, राहुल अरोड़ा, अर्पणा, मोनिका, प्रिति, नितिन चावला, डॉ. सपना और तकनीकी सहायक डॉ. सतीश राणा, जितेंद्र रोहिल्ला और संस्थान के समस्त विद्यार्थी मौजूद रहे।

लोहारू में स्वास्थ्य सेवाओं में विस्तार के लिए सरकार के समक्ष करेंगे पुरजोर पैरवी: राजबीर फरटिया

विधायक राजबीर फरटिया ने निक्षय दिवस पर लोहारू के उप नागरिक अस्पताल में टीबी मरीजों को भेंट की राशन किट

हरियाणा वाटिका/ब्यूरो

लोहारू, 24 फरवरी। सोमवार को हलका विधायक राजबीर फरटिया ने स्थानीय उप नागरिक अस्पताल का निरीक्षण किया और निक्षय दिवस पर टीबी मरीजों को राशन किट भेंट की। इस दौरान उन्होंने कहा कि स्वास्थ्य विभाग की टीम द्वारा टीबी मुक्त भारत बनाने की दिशा में सकारात्मक कार्य किए जा रहे हैं। उन्होंने कहा कि टीबी से बचाव के लिए मरीज सावधानी बरतें तथा चिकित्सक के संपर्क में रहकर उचित उपचार प्राप्त करें। उपचार के दौरान किसी भी प्रकार की लापरवाही न दिखाएं ताकि समय रहते इस बीमारी से छुटकारा मिल सके। विधायक राजबीर फरटिया ने कहा कि हम सभी का दायित्व बनता है कि हमें टीबी मरीजों के साथ भेदभाव नहीं करना चाहिए और द्वारा टीबी मुक्त भारत बनाने की दिशा में मिलकर कार्य करना चाहिए। यदि किसी प्रकार की परेशानी आती है तो हर संभव सहयोग करने के लिए तैयार है। इस दौरान उन्होंने करीब एक दर्जन टीबी मरीजों को राशन किट

भेंट की तथा कहा कि प्रतिमाह वे टीबी मरीजों को राशन किट भेंट करेंगे। विधायक ने आश्वस्त किया कि अस्पताल में चिकित्सक व अन्य स्टाफ की नियुक्ति के साथ-साथ यहां के मरीजों को एक्सरे व अल्ट्रासाउंड सुविधा उपलब्ध करवाने बारे सरकार से बात की जाएगी व क्षेत्रवासियों की स्वास्थ्य संबंधित मांगों की पुरजोर पैरवी की जाएगी। उन्होंने अस्पताल की लैब में विभाग द्वारा उपलब्ध करवाई गई बायो कैमिस्ट्री एनालाइजर मशीन को जल्द शुरू करवाने की बात कही ताकि मरीजों को जांच करवाने के लिए निजी लैब में न जाना पड़े। उन्होंने इस बारें विभाग के अधिकारियों को निर्देश दिए तथा कहा कि क्षेत्रवासियों को बायोकेमिस्ट्री एनालाइजर मशीन से टेस्ट की सुविधा जल्द उपलब्ध करवाई जाए। उन्होंने नेत्र विभाग में मरीजों की जांच के लिए ऑटो रिट्रेक्टर मशीन अपने निजी कोष से उपलब्ध कराने का आश्वासन दिया तथा कहा कि इसके अलावा मरीजों को निशुल्क चश्मा भी वितरित किए जाऐंगे। विधायक ने अस्पताल प्रभारी एसएमओ डॉ. गौरव चतुर्वेदी से अस्पताल में मरीजों के हित में प्रदान की जा रही सुविधाओं की जानकारी ली तथा संतोष जताया।:

विधायक द्वारा अस्पताल के निरीक्षण के दौरान शहीद भगत सिंह समाज कल्याण समिति के सदस्यों ने प्रधान जगदीश जायलवाल के नेतृत्व में विधायक राजबीर फरटिया को ज्ञापन सौंपा तथा अस्पताल के नए भवन निर्माण, चिकित्सकों व अन्य स्टाफ के रिहायशी आवास का निर्माण शुरू करवाने की मांग की। उन्होंने कहा कि अस्पताल का भवन करीब 50 वर्ष पुराना है तथा इसकी हालत काफी दयनीय है। सरकार ने इसे 100 बैड के अस्पताल के रूप में अपग्रेड करने तथा नए भवन निर्माण की घोषणा भी कर रखी है। ऐसे में जल्द से जल्द इसका निर्माण शुरू करवाया जाना चाहिए। इसके अतिरिक्त रेलवे अंडरपास से भावठड़ी सीमा तक व शायर सिंह शेखावत के खेत से राजेराम के खेत तक सड़क निर्माण करवाने, नगर की सीवर व्यवस्था दुरुस्त करवाने, स्वच्छ पेयजल उपलब्ध करवाने, शहीद ए आजम भगत सिंह के नाम एक सभागार हाल बनवाकर उस हाल में सभी शहीदों की फोटो व उनकी जीवनी लगाने की मांग की ताकि युवाओं को शहीदों के जीवन से प्रेरणा मिल सके।

ट्रेन की चपेट में आने से युवक की दर्दनाक मौत

अमेठी। लखनऊ-वाराणसी रेलखंड स्थित गौरीगंज और ताला खजुरी रेलवे स्टेशन के बीच एक अज्ञात ट्रेन की चपेट में आने से युवक की दर्दनाक मौत हो गई। घटना की जानकारी मिलते ही जीआरपी और स्थानीय पुलिस मौके पर पहुंची और मामले की जांच में जुट गई।

शनिवार देर शाम ट्रेन संख्या 15727 अप के लोको पायलट ने गौरीगंज रेलवे स्टेशन अधीक्षक प्रवीण सिंह को रेलवे ट्रैक पर एक शव पड़े होने की सूचना दी। इसके बाद रेलवे प्रशासन और पुलिस टीम तुरंत हरकत में आ गई और घटनास्थल पर पहुंचकर छानबीन शुरू की। घटनास्थल रेलवे पुलिस के अधिकार क्षेत्र में होने के कारण जीआरपी अमेठी चौकी प्रभारी फरीद खान अपनी टीम के साथ मौके पर पहुंचे। शव को कब्जे में लेकर पहचान कराने की कोशिश की गई, लेकिन अब तक शिनाख्त नहीं हो सकी है। शव को पहचान के लिए सुरक्षित रखा गया है और पुलिस आस-पास के क्षेत्रों में लापता लोगों की जानकारी एकत्र कर रही है। जीआरपी पुलिस स्थानीय लोगों से युवक की पहचान करने के लिए पूछताछ कर रही है। वहीं, रेलवे स्टेशन और आसपास के इलाकों में लापता व्यक्ति की जानकारी भी जुटाई जा रही है। रेलवे ट्रैक पर इस तरह की घटनाएं लगातार सामने आ रही हैं, जिससे यात्रियों और स्थानीय लोगों को विशेष सतर्कता बरतने की जरूरत है।

हाईफन फूड्स ने भारत में आलू की खेती में डिजिटल क्रांति लाने के लिए यू.के. की हार्वेस्टआई के साथ साझेदारी की

हरियाणा वाटिका/ब्यूरो

अम्बाला, 24 फरवरी। भारत की प्रमुख आलू प्रोसेसिंग कंपनी और फ्रोजन आलू प्रोडक्ट्स की सबसे बड़ी निमार्ता, हाईफन फूड्स ने यू.के. की मशहूर फसल इनसाइट्स कंपनी, हार्वेस्टआई के साथ रणनीतिक साझेदारी की घोषणा करी। इस साझेदारी के तहत हाईफन फूड्स भारत में उन्नत आर्टिफिशियल इंटेलिजेंस (एआई) टेक्नोलॉजी लेकर आएगी। यह साझेदारी किसानों को बेमिसाल टेक्नोलॉजी मुहैया कराएगी जिससे वह उनकी फसल की पूरी क्षमता का लाभ उठा सकेंगे।हाईफन ग्रुप के एमडी और ग्रुप सीईओ, हरेश करमचंदानी ने कहा, "यह रणनीतिक साझेदारी हमारे विजन के अनुरूप है, जो ताजा उपज से जुड़े खाद्य उद्योग में क्रांति लाने पर केंद्रित है। हाईफन ग्रुप की एग्रीबिजनेस यूनिट, हाईफार्म के जरिए हम आलू खेती में अत्याधुनिक टेक्नोलॉजी ला रहे हैं।हाईफार्म हमेशा नई डिजिटल टेक्नोलॉजी और प्रिसिजन कृषि उपकरणों को अपनाने पर जोर देता है, ताकि आलू की फसल की उत्पादकता, लाभ और गुणवत्ता में सुधार हो सके। यह आलू मूल्य श्रृंखला को बेहतर बनाता है, और फसल के नुकसान को कम करने में मदद करता है।हार्वेस्टआई, उन्नत मशीन लर्निंग (एएमएल) और आर्टिफिशियल इंटेलिजेंस (एआई) से संचालित विजन सिस्टम का इस्तेमाल करेगा, जो आलू की फसल का आकार, संख्या और वजन जैसी जानकारियां साथ के साथ देगा।यह साझेदारी हार्वेस्टआई को हाईफार्म के अग्रणी किसान-कनेक्ट डिजिटल इकोसिस्टम फामोर्जी से जोड़ने में भी सक्षम बनाती है। आज फामोर्जी ने आलू खेती में क्रांति ला दी है, जहां किसान फसल सलाह, मिट्टी की सेहत जांच, जल दक्षता मार्गदर्शन, मौसम और रोग अलर्ट, ड्रोन स्प्रे और मशीनीकरण जैसी कई सुविधाओं का लाभ उठा सकते हैं।अब हार्वेस्टआई के साथ इस साझेदारी से आलू किसानों को उनके प्रोडक्ट की प्रोफाइल और गुणवत्ता को लेकर और भी ज्यादा पारदर्शिता मिलेगी। इससे किसानों को उनकी उपज का बेहतर मूल्य मिलेगा, प्रोसेसिंग प्लांट को उच्च गुणवत्ता वाले आलू की आपूर्ति सुनिश्चित होगी और अंततः वैश्विक उपभोक्ताओं तक बेहतरीन फ्रोजन प्रोडक्ट्स पहुंचाए जा सकेंगे।हाईफार्म के सीईओ, एस. साउंदरराजन ने कहा, हाईफार्म ने हमेशा आलू उद्योग में नए मानक स्थापित किए हैं। भारत में हार्वेस्टआई की शुरूआत हाईफार्म के आलू किसानों के लिए गेम-चेंजर साबित होगी, जिससे पारदर्शिता बनी रहेगी, गुणवत्ता सुनिश्चित होगी और साथ ही उत्पादकता व लाभ में वृद्धि होगी।

जेईई मेन रिजल्ट 2025: रोहतक शहर में फिजिक्सवाला के 3 छात्रों ने 99 पर्सेंटाइल से अधिक अंक प्राप्त किए

हरियाणा वाटिका/ब्यूरो

रोहतक, 24 फरवरी। एजुकेशन कंपनी फिजिकसवाला (पीडब्लू) ने जेईई मेन 2025 सेशन 1 परीक्षा में अपने नतीजे घोषित किये हैं , जिनमें से एक ने गुजरात से 100 पर्सेंटाइल हासिल किया है साथ ही 612 से अधिक छात्रों ने 99.5 पर्सेंटाइल से ऊपर स्कोर किया है, 1359 से अधिक छात्रों ने 99 पर्सेंटाइल से ऊपर स्कोर किया है, 3548+ छात्रों ने 98 पर्सेंटाइल से ऊपर स्कोर किया है, और परिणामों की गिनती अभी भी जारी है।रोहतक में फिजिक्सवाला के 3 छात्रों ने जेईई मेन सेशन 1 2025 के परिणामों में 99 पर्सेंटाइल से अधिक अंक प्राप्त किए हैं। मयंक गाँधी (99.59), प्रियांशु (99.38), और यश मलिक (99.01) रोहतक में पीडब्लू के शीर्ष 3 छात्रों में शामिल थे।चार राज्य टॉपर्स अपनी शानदार उपलब्धियों के साथ इस सूची में सबसे आगे हैं गुजरात के शिवेन विकास तोशनीवाल ने 100 पर्सेंटाइल हासिल किए, मिजोरम के इशांत वर्मा ने 99.57 पर्सेंटाइल हासिल किए, अरुणाचल प्रदेश के प्रणय कुमार रॉय ने 99.38 पर्सेंटाइल हासिल किए और जम्मू-कश्मीर के कामरान बिलाल भट ने 99.89 पर्सेंटाइल हासिल किए, जो पीडब्लू के मॉक टेस्ट में उनके प्रदर्शन से काफी मेल खाता है इन छात्रों ने ढह के ऑफलाइन सेंटरों (विद्यापीठ और पाठशाला) या फिर ऑनलाइन बैचों (अर्जुन खएए और लक्ष्य खएए) से पढ़ाई की थी। यह पीडब्लू के डिजिटल और फिजिकल लर्निंग प्लेटफॉर्म के एकीकृत दृष्टिकोण को दशार्ती है, जिससे छात्रों को सर्वोत्तम तैयारी का लाभ मिला।अलख पांडे, अध्यापक,संस्थापक और सीईओ, फिजिक्सवाला, ने कहा, ह्लसभी सफल छात्रों को बधाई! आपकी मेहनत ने बेहतरीन परिणाम दिए हैं। मैं उन छात्रों पर भी गर्व करता हूं, जिन्होंने अपेक्षित परिणाम नहीं प्राप्त किए। हताश न हों, अगले दो महीने आपके लिए बेहद महत्वपूर्ण हैं। सेशन 2 की परीक्षा के लिए नियमित रिवीजन और सेशन 1 के पेपर का अभ्यास करें, क्योंकि परीक्षा का कठिनाई स्तर समान रहेगा। अपने लक्ष्य पर ध्यान दें, निरंतर सुधार करते रहें और प्रक्रिया पर भरोसा रखें। हम हर कदम पर आपके साथ हैं।

अंजू मोदगिल को अमेरिका की यूनिवर्सिटी करेगी पीएचडी की मानद उपाधि से विभूषित

हरियाणा वाटिका/ब्यूरो

चंडीगढ़, 24 फरवरी। अंजू मोदगिल के फिजिकल एजुकेशन के क्षेत्र में लंबे अनुभव को देखते हुए अमेरिका की यूनिवर्सिटी पीएचडी की मानद उपाधि से विभूषित करेगी। आजकल वह महर्षि दयानंद पब्लिक स्कूल, एमडीएवी भवन, दरिया, चंडीगढ़ में वाइस प्रिंसिपल के पद पर आसीन हैं। लगभग 25 वर्षों तक सीबीएसई से एफिलिएटिड स्कूल में सेवाएं देने के दौरान उनके खिलाड़ी राष्ट्रीय एवं अंतर्राष्ट्रीय स्तर पर देश का नाम रोशन कर चुके हैं। उनको यह सम्मान दिल्ली के हयात सेंट्रिक होटल, जनकपुरी में विशेष कार्यक्रम के दौरान प्रदान किया जाएगा।

एक्सिस मैक्स लाइफ ने भरोसे का टूर के साथ मनाया भरोसे एवं लाइफ एडवाइजर्स की उत्कृष्टता का उत्सव

हरियाणा वाटिका/ब्यूरो
गुरुग्राम, 24 फरवरी। एक्सिस मैक्स लाइफ इंश्योरेंस लिमिटेड जिसे पहले मैक्स लाइफ इंश्योरेंस कंपनी लिमिटेड के नाम से जाना जाता था, ने 24 फरवरी, 2025 को पूरे शहर में अपने लाइफ-एडवाइजर्स के नेतृत्व में कस्टमर एंगेजमेंट पहल ह्लभरोसे का टूरह्व की शुरूआत की। इस दौरान भरोसे एवं वित्तीय सशक्तीकरण के इस अनूठे उत्सव में शानदार प्रदर्शन करने वाले शीर्ष एडवाइजर्स को चिह्नित करने के साथ-साथ लोगों के संग सार्थक संबंध बनाने की एक्सिस मैक्स लाइफ की प्रतिबद्धता पर जोर दिया गया। यह पहल एक्सिस मैक्स लाइफ के एडवाइजर्स की महत्वपूर्ण भूमिका को रेखांकित करती है, जिन्होंने 33% एजेंसी ग्रोथ को 723 करोड़ रुपये तक पहुंचाया है और एडवाइजर बेस को 1.2 लाख तक पहुंचाया है, जो वित्त वर्ष 2023-24 में 38% की वृद्धि दिखाता है। उनके प्रयासों से 89.3% परसिस्टेंसी रेश्यो संभव हुआ है, जिसमें 240 आधार अंक की बढ़ोतरी हुई है। यह भरोसा और लॉन्ग टर्म वैल्यू डिलीवर करने की उनकी क्षमता दिखाता है।
एक्सिस मैक्स लाइफ के चीफ डिस्ट्रीब्यूशन ऑफिसर सुमित मदन ने कहा, भरोसे का टूर पिछले दो दशक में अपने ग्राहकों व लाइफ एडवाइजर्स के साथ बनाए गए हमारे स्थायी संबंधों का उत्सव है। 1,50,836 करोड़ रुपये के एसेट अंडर मैनेजमेंट और 17,79,409 करोड़ रुपये के सम एश्योर्ड के साथ ये उपलब्धियां ग्राहकों के साथ हमारे मजबूत भरोसे को दिखाती हैं। यह संबंध एक्सिस मैक्स लाइफ के एडवाइजर्स की विशेषज्ञता एवं समर्पण के दम पर स्थापित हुआ है, जिन्होंने अथक प्रतिबद्धता के साथ व्यापक वित्तीय सुरक्षा डिलीवर की है। समाज के साथ जुड़ते हुए इस टूर में लाइफ इंश्योरेंस को मन के सुकून के आधार स्तंभ के रूप में प्रस्तुत किया गया है और ग्राहकों के विविध वर्गों के लिए सुरक्षा को विस्तार दिया गया है।

दो अवैध देशी पिस्तौल व 4 जिंदा कारतूस सहित दो युवक गिरफ्तार

हरियाणा वाटिका/ब्यूरो
लोहारू, 24 फरवरी। स्थानीय डिटेक्टिव थाने की टीम ने गुप्त सूचना के आधार पर एनएच 709 ई पर श्री गोपाल गौशाला के पास नाकेबंदी कर दो अवैध देशी पिस्तोल व 4 जिंदा कारतूस सहित दो आरोपियों को दबोचा है। पुलिस ने पकड़े गए आरोपियों के विरूद्ध समुचित कानूनी कार्रवाई करते हुए न्यायालय में पेश कर तीन दिन के पुलिस रिमांड पर लिया गया है।

लोहारू डिटेक्टिव थाना प्रभारी सतीश कुमार ने बताया कि डिटेक्टिव थाने की टीम को मुखबर से गुप्त सूचना मिली कि पिलानी राजस्थान की ओर से दो लडके बाइक पर सवार होकर लोहारू की ओर आ रहे हैं जो अपने पास अवैध देशी पिस्तोल रखते हैं। यदि तुरंत रेड की जाए तो दोनों को अवैध हथियार सहित काबू किया जा सकता है। जिसके बाद जांच अधिकारी विरेंद्र सिंह की टीम ने पिलानी रोड़ पर नजदीक श्री गोपाल गौशाला के पास नाकाबंदी की। कुछ देर बाद पिलानी राजस्थान की ओर से दो लडके बाइक पर आए उनको तलाशी के लिए रूकवाया गया। तलाशी के दौरान दोनों से दो देशी पिस्तौल व 4 जिंदा कारतूस बरामद किए गए। विकास उर्फ बाबा व अशोक लाइसेंस बारे पूछा तो कोई लाइसेंस परमिट पेश नहीं कर पाए। पकड़े गए आरोपियों की पहचान विकास उर्फ बाबा वासी झिगावन जिला महेंद्रगढ़, अशोक वासी पचेरी कलां जिला झुंझुनू राजस्थान के रूप में हुई है। दोनों आरोपियों को माननीय न्यायालय में पेश कर तीन दिन के पुलिस रिमांड पर लिया गया है।

वॉलीबाल के खेल के साथ हुआ जिला स्तरीय खेलकूद प्रतियोगिता का समापन

हरियाणा वाटिका/प्रवीण वालिया
करनाल, 24 फरवरी। युवा कार्यक्रम एवं खेल मंत्रालय, भारत सरकार के नेहरू युवा केंद्र करनाल द्वारा सोमवार को दो दिवसीय जिला स्तरीय खेल कूद कार्यक्रम का समापन समारोह स्थानीय कर्ण स्टेडियम में किया गया।
जिला युवा अधिकारी रेनू सिलग ने बताया कि कार्यक्रम का समापन पुरुष वर्ग की वॉलीबॉल खेल प्रतियोगिता के साथ किया गया। प्रतियोगिता में प्रथम स्थान पर ब्लॉक निसिंग के गांव ब्रास ने बाजी मारी जबकि ब्लॉक नीलोखेड़ी की टीम को द्वितीय स्थान के साथ संतोष करना पड़ा। टीम प्रतिस्पर्धा के विजेताओं को ट्रॉफी व टीशर्ट एवं मेडल देकर सम्मानित किया गया। विजेता प्रतिभागियों को राज्य स्तर पर आयोजित होने वाली प्रतियोगिता में करनाल जिले का प्रतिनिधित्व करने का मौका मिलेगा। सभी विजेताओं को जिला युवा अधिकारी रेनू सिलग, कोच कृष्ण पाल, राजेंद्र व बलजिंदर, और कार्यक्रम सहायक पंकज गौड़ ने पुरस्कार देकर सम्मानित किया। कार्यक्रम के आयोजन में युवा स्वयंसेवकों आशीष, सागर, राहुल, दिव्या, रंजना, रवीना, और शुभम इत्यादि का सहयोग रहा।

रतिया पुलिस ने अप्रवासी मजदूर को पिस्तौल दिखाकर मोबाइल व नगदी छीनने के दो आरोपियों को किया गिरफ्तार

हरियाणा वाटिका/नंदकिशोर
रतिया, 24 फरवरी। रतिया पुलिस ने पिस्तौल दिखाकर राइस मिल में मजदूरी करने वाले अप्रवासी युवक से मोबाइल व नकदी छीनने के मामले में तुरंत कार्रवाई करते हुए दो युवकों को गिरफ्तार करने में कामयाबी हासिल की है। पकड़े गए युवकों की पहचान लवप्रीत पुत्र पाल सिंह व सुनील कुमार उर्फ काका पुत्र गुरमुख सिंह निवासी चुलड़ कलां जिला संगरूर, पंजाब के रूप में हुई है। पुलिस ने इनके पास से मोबाइल फोन भी बरामद किया है। थाना सदर रतिया प्रभारी एसआई राजबीर सिंह ने बताया कि इस बारे पुलिस ने 21 फरवरी को बिहार के सहसरा जिले के गांव सरोजा निवासी मुकेश ठाकर की शिकायत पर केस दर्ज किया था। शिकायतकर्ता के अनुसार वह पिछले 5 महीनों से रतिया की ढाबी बबनपुर में करतार राइस मिल में लेबर का काम करता है। जब वह मिल से ढाणी बबनपुर राशन लेने जा रहा था तो रास्ते में एक बिना नंबर की बाइक पर रुमाल से अपना मुंह बांधे तीन युवक उसके पास आए। बाईक सवार एक युवक ने उस पर पिस्तौल तान दी और उससे उसका मोबाइल और उसकी जेब से 500 रुपये की नकदी लूटकर गांव लाम्बा की तरफ फरार हो गए। इस मामले में पुलिस ने मुकेश की शिकायत पर केस दर्ज किया था और जांच अधिकारी एसआई सुरेन्द्र पाल ने आरोपियों बारे अहम सुराग जुटाते हुए दो युवकों को गिरफ्तार कर उनसे पूछताछ शुरू कर दी है।

महाशिवरात्रि पर निकाली जाएगी प्रभात फेरी

हरियाणा वाटिका/ब्यूरो
बहल, 24 फरवरी। कस्बे के प्रजापिता ब्रह्माकुमारी ईश्वरीय विश्वविद्यालय केंद्र में 89वीं त्रिमूर्ति महाशिवरात्रि आगामी बुधवार को हर्षोल्लास के साथ मनाई जाएगी।
इस दिन सवेरे 6 बजे से बहल कस्बे में शिवलिंग की झांकी के साथ प्रभात फेरी निकाली जाएगी। उसके बाद सेवाकेंद्र पर प्रातः 8 बजे शिव ध्वजारोहन के साथ प्रभात फेरी का समापन किया जायेगा। इसी दिन दोपहर 12 बजे से प्रवचन व शिव महिमा युक्त बाल नृत्य के साथ सतसंग का आयोजन रहेगा। ये जानकारी आज केंद्र संचालिका बीके शकुंतला ने दी।

शोधार्थियों और संकाय सदस्यों के लिए अनुसंधान पद्धति प्रशिक्षण कार्यक्रम

पीयू चंडीगढ़ में आईसीएसएसआर उत्तर-पश्चिमी क्षेत्रीय केंद्र ने शोधार्थियों और संकाय सदस्यों के लिए अनुसंधान पद्धति प्रशिक्षण कार्यक्रम का आयोजन किया

हरियाणा वाटिका/ब्यूरो
चंडीगढ़, 24 फरवरी। पी.यू. चंडीगढ़ स्थित आईसीएसएसआर उत्तर-पश्चिमी क्षेत्रीय केंद्र ने शोधार्थियों और संकाय सदस्यों के लिए अनुसंधान पद्धति प्रशिक्षण कार्यक्रम का आयोजन किया। दो सप्ताह के इस कार्यक्रम का उद्देश्य पारंपरिक ज्ञान को आधुनिक शोध तकनीकों से जोड़ना था। समापन भाषण के दौरान, हिमाचल प्रदेश केंद्रीय विश्वविद्यालय, धर्मशाला के कुलाधिपति और नई दिल्ली में आईसीएसएसआर के परिषद सदस्य प्रोफेसर एच.एस. बेदी ने इस बात पर जोर दिया कि भारतीय ज्ञान प्रणाली को अपनाने के लिए सामाजिक विज्ञान में शोध आवश्यक है। उन्होंने

इस बात पर प्रकाश डाला कि संयुक्त राष्ट्र भी विकासशील देशों को सामाजिक मुद्दों को प्राथमिकता देने के लिए प्रोत्साहित करता है। प्रोफेसर बेदी ने बताया कि भारतीय शास्त्र ज्ञान से भरपूर हैं और उनमें अपनी पद्धतियाँ हैं। उन्होंने एक नए सामाजिक मॉडल की वकालत की जो नए अवसरों की तलाश करता है और कहा कि विदेशी विद्वान अपने कौशल को बढ़ाने के लिए भारतीय शास्त्रों और वेदों का अध्ययन कर रहे हैं। उन्होंने आधुनिक शोध में प्रासंगिक प्राचीन भारतीय शोध सिद्धांतों- जैसे ज्ञान, पूछताछ और अवलोकन को शामिल करने के महत्व पर जोर दिया। वेदों और उपनिषदों जैसे प्राचीन सिद्धांतों की अंतर्दृष्टि के साथ पारंपरिक शोध तकनीकों को जोड़ने से समाज के लिए सकारात्मक परिणाम मिल सकते हैं।अपने अध्यक्षीय भाषण में, पी.यू. चंडीगढ़ के रजिस्ट्रार प्रोफेसर वाई.पी. वर्मा ने प्रशिक्षण कार्यक्रम के पाठ्यक्रम की प्रशंसा की। उन्होंने इस बात पर संतोष व्यक्त किया कि विज्ञान के क्षेत्र में विद्वानों द्वारा आमतौर पर इस्तेमाल किए जाने वाले शोध उपकरण अब समाज वैज्ञानिकों द्वारा उपयोग किए जा रहे हैं, जो भारत के लिए विकसित भारत बनने के लक्ष्य की दिशा में प्रगति का संकेत है। उन्होंने कहा कि समाज वैज्ञानिक समाज को आकार देने में महत्वपूर्ण भूमिका निभाते हैं और उन्होंने विद्वानों को डेटा एकत्र करने और सत्यापित करने की चुनौतियों के बारे में आगाह किया। उन्होंने उन्हें तथ्यात्मक डेटा एकत्र करने और उसका विश्लेषण करने की सलाह दी ताकि नीति निमार्ता विकास पहलों के लिए इसका उपयोग कर सकें।

विज्ञान प्रदर्शनी में विद्यार्थियों ने दिखाई प्रतिभा

हरियाणा वाटिका/ब्यूरो
इस्माईलाबाद, 24 फरवरी। स्प्रिंगडेल पब्लिक स्कूल में एक दिवसीय विज्ञान, सामाजिक विज्ञान, आर्टिफिशियल इंटेलिजेंस, कला प्रदर्शनी का आयोजन किया गया। इसके साथ ही स्कूल प्रांगण में आयोजित फैशन शो में भी प्री नर्सरी, नर्सरी और केजी के विद्यार्थियों ने अपना जलवा बिखेरा। जानकारी देते हुए स्कूल की प्रधानाचार्य शालिनी कपूर ने कहा कि प्रदर्शनी के मुख्य अतिथि के रूप में डॉ तरसेम कौशिक ने शिरकत कर प्रदर्शनी का अवलोकन किया। उन्होंने सभी मॉडलों की तारीफ करते हुए कहा कि विद्यार्थियों को किताबी ज्ञान के साथ-साथ इस तरह के कंपटीशन में भी हिस्सा लेना चाहिए। इससे विद्यार्थियों का सम्पूर्ण तरीके से बौद्धिक विकास और समझ बढ़ती

है। चौथी कक्षा से लेकर ग्यारहवीं कक्षा तक के विद्यार्थियों ने इस प्रदर्शनी में हिस्सा लिया। विज्ञान में मैजिक विद केमिस्ट्री, फ्री एनर्जी जेनरेटर, एलेक्ट्रोलीसिस, ड्रिप इरीगेशन, इलेक्ट्रिक बेल, एसिड रेन, ग्रीन हाउस इफेक्ट, चंद्रयान, हाइड्रोलिक मिसाइल, अर्थ ग्रेविटेशन मॉडल, एन्टी स्लोपिंग सेंसर, गैस लीकेज डिटेक्शन, मल्टीपल रिफ्लेक्शन ऑफ लाइट, विंड टरबाइन, सोलर पैनल, थ्री डी होलोग्राम, ह्यूमन आई का मॉडल प्रस्तुत किया।
वहीं आर्टिफिशियल इंटेलीजेंसी में स्मार्ट वेलकम सिस्टम, स्मार्ट अटेंडेंस मशीन, स्मॉग डिटेक्टर, स्मार्ट वाटर इरीगेशन सिस्टम, स्मार्ट ब्रिज, 3डी पैन के वर्किंग मॉडल प्रस्तुत किए। देश और समाज की समस्याओं को दूर करने के मकसद से भी सामाजिक विज्ञान में विद्यार्थियों ने कई मॉडल बनाए। जैसे लगातार गिरते भू-जल को रिचार्ज करने के लिए रेन वाटर हार्वेस्टिंग, जेंडर इक्वालिटी के साथ ह्यूमन राइट्स के मॉडल दिखाए। वहीं देश की राजनीति पर आधारित भारतीय संसद, भारत के इतिहास जैसे हड़प्पा सभ्यता और उस समय इस्तेमाल किए जाने वाले टूल्स के बारे में प्रस्तुति दी। वहीं आर्ट एंड क्राफ्ट्स के विद्यार्थियों ने अलग अलग तरह की पेंटिंग, फैब्रिक पेंटिंग, लिपन फॉक आर्ट, बास्केट और टिन क्राफ्ट्स के साथ अपनी कला का प्रदर्शन किया। इस दौरान मौके पर स्कूल के चेयरमैन नरेश शर्मा, उप प्रधानाचार्य प्रिंस काजल, वरिष्ठ समन्वयक अमित खुराना, कनिष्ठ समन्वयक नीरू भठला, पिंकी कोचर, मनीषा राजपूत आदि अध्यापक मौजूद रहे।

महर्षि दयानंद के विचारों को अपने बच्चों में अच्छे संस्कार डालने का करे कार्यः आचार्य देवव्रत

गाँव मंधार में 51 वे वार्षिक आर्य समाज उत्सव कार्यक्रम का हूआ आयोजन

हरियाणा वाटिका/नीतीश जोगी
रादौर, 24 फरवरी। आर्य समाज की ओर से राजकीय उच्च विद्यालय मंधार में 51 वे वार्षिक आर्य समाज उत्सव कार्यक्रम का आयोजन किया गया। जिसमें गुजरात के महामहिम राज्यपाल आचार्य देवव्रत, कृषि मंत्री श्याम सिंह राणा व गुरूकुल कुरुक्षेत्र के वाइस चेयरमैन मास्टर सतपाल कांबोज मुख्यातिथि के तौर पर उपस्थित हुए। कार्यक्रम में गुजरात के महामहिम राज्यपाल आचार्य देवव्रत ने कहा कि यह गांव मेरे लिए अपरिचित नहीं है बल्कि वह इस गांव के सदस्य है। वर्षों के बाद इस गांव में उनका आना हुआ। इससे पहले वह हर वर्ष आर्य समाज के वार्षिक उत्सव पर गांव मंधार में आते रहते है। उनको खुशी है कि उन्होंने यह परंपरा 51 साल पहले गांव में डाली थी। उन्होंने हिमाचल प्रदेश की बात करते हुए कहा कि हिमाचल प्रदेश में ऐसा को ऐसा एक भी कोई गांव नहीं है जो प्राकृतिक खेती से जुड़ा न हो। उन्होंने कहा कि इस समय गुजरात में लगभग 10 लाख किसान प्राकृतिक खेती करना शुरू कर चुके हैं। उन्होंने कहा कि भारत के कृषि मंत्री शिवराज सिंह चौहान कुरुक्षेत्र के गुरुकुल में पहुंचे थे और उनके साथ भारत की कृषि विभाग

की टीम भी आई हुई थी। उन्होंने गुरुकुल में प्राकृतिक खेती को देखा तो वह इतने भाव विभोर हुए कि इससे पहले उन्होंने ऐसी खेती कभी नहीं देखी और उन्होंने घोषणा की कि हम इसे अब पूरे देश में बढ़ाएंगे। राज्यपाल ने कहा कि जब गुरुकुल में उन्होंने पढ?ा शुरू किया, तब 35 से 40 बच्चे ही पढ़ते थे। आज कुरुक्षेत्र गुरुकुल की यह स्थिति है कि पिछले वर्ष गुरुकुल में 13500 बच्चे दाखिला लेने आए थे। उन्होंने कहा कि पिछले एक वर्ष में गुरुकुल से 17 बच्चे एनडीए में लेफ्टिनेंट बन कर जा चुके हैं और 9 बच्चों का नीट में एमबीबीएस में एडमिशन हुआ। इसी प्रकार ज्योतिसर गुरुकुल को बने हुए अभी 4 वर्ष ही हुए हैं। वहां से भी तीन बच्चे लेफ्टिनेंट बन चुके हैं और यह परंपरा हमारे सभी गुरुकुलों में चल चुकी है कि बच्चे संस्कारवान बने और बलवान बने। उन्होंने कहा कि जब एक किसान दवाई के छिडकाव से बेहोश हो गया और हम तो सीधे तौर पर फसलों में जहरीली दवाइयां का छिडकाव कर रहे हैं तो यह हमारे सेहत के लिए हानिकारक है।
उन्होंने सूरत के स्कूल की घटना का जिक्र करते हुए कहा कि एक आठवीं क्लास की छात्रा बेंच से गिरी और गिरते ही मर गई पोस्टमार्टम में मौत का कारण हार्ट अटैक था। उन्होंने कहा कि किसानों ने अपनी जमीन में यूरिया खाद डाल कर बंजारा बना दिया है। यही कारण है छोटे छोटे बच्चों में हार्ट अटैक का। उन्होंने कहा कि हमें प्राकृतिक खेती की तरफ ध्यान देना चाहिए। इससे हमारे स्वास्थ्य पर भी कोई प्रभाव नहीं पड़ेगा और वातावरण भी दूषित नहीं होगा। ना ही किसानों की जमीन बंजर होगी। उन्होंने कहा कि जैविक खेती में पैदावार कम होती है जबकि प्राकृतिक खेती में पैदावार बढ़ती है। उन्होंने कहा कि प्राकृतिक खेती के साथ-साथ किसानों को देसी गाय भी पालनी चाहिए। देसी गाय का दूध बच्चों लाभदायक होता है। उन्होंने अंत में महर्षि दयानंद के विचारों अपने जीवन में उतरने की बात कही और बच्चों में अच्छे संस्कार डालने की भी बात कही। इस अवसर पर कृषि मंत्री श्याम सिंह राणा, एसडीएम रादौर नरेन्द्र कुमार, डीएसपी आशीष चौधरी, गुरुकुल कमेटी के वाइस चेयरमैन मास्टर सतपाल कंबोज, सरपंच प्रीति कंबोज, आर्य समाज मंधार के प्रधान यशपाल, मानसिंह आर्य, आर्य समाज मंधार के मंत्री कुलदीप सिंह, उप प्रधान जितेंद्र कुमार, कोषाध्यक्ष अशोक कुमार व कृष्णदेव, मंधार के पूर्व सरपंच रणवीर कंबोज, डॉ सत्येंद्र कुमार, मास्टर सुशील, धर्मवीर कंबोज, सुभाष कंबोज, पंकज जयपाल, ब्लॉक समिति सदस्य निशा कंबोज आदि मौजूद रहे।

गौरव पाडला ने रिबन काटकर किया सिया राम किड्स प्ले स्कूल का शुभारंभ

स्कूल खोलने पर स्कूल संचालिका डॉ. नवप्रीत कौर दी बधाई

हरियाणा वाटिका/विकास कुमार
कैथल, 24 फरवरी। हिंदी सलाहकार समिति केंद्रीय गृह मंत्रालय भारत सरकार (दूर संचार विभाग, संचार मंत्रालय)के सदस्य एवं भाजपा नेता गौरव मित्तल पाडला ने कहा कि मजबूत भविष्य की नींव छात्र जीवन से रखी जाती है। आज का युग प्रतिस्पर्धा का युग है और मेहनत करने वालों के हमेशा सफलता कदम चूमती है। उन्होंने कहा कि बच्चे अनुशासन में रहकर उच्चकोटि की शिक्षा ग्रहण करें और अपने सपनों को पूरा करते

हुए उच्च पदों पर आसीन होकर देश व समाज की सेवा करने के साथ स्कूल व अभिभावकों का नाम रोशन करें। गौरव मित्तल पाडला सिया राम किड्स प्ले स्कूल खोलने पर स्कूल संचालिका डॉ.नवप्रीत कौर को बधाई देने के बाद आयोजित कार्यक्रम में बच्चों, अभिभावकों व स्टाफगण को संबोधित कर रहे थे। उन्होंने रिबन काटकर स्कूल का शुभारंभ किया। स्कूल शुभारंभ समारोह में पहुंचने पर स्कूल संचालिका डॉ. नवप्रीत कौर ने गौरव पाडला का फूलों का पुष्प गुच्छ व स्मृति चिन्ह देकर सम्मान किया। गौरव पाडला ने कहा कि आज हर क्षेत्र में बच्चे अपनी काबलियत व गुरुजनों के आशीर्वाद व मार्गदर्शन से हर क्षेत्र में सफलता के झंडे गाड़ रहे है।
बच्चों की सफलता पर सभी को गर्व है। छोटे बच्चे उस मिट्टी के मटके समान होत है, जिसको जिस भी रूप या मूर्त में ढाल दोंगे, वैसा ही बन जाऐगा। इसलिए बच्चे अनुशासन में रहकर अच्छी शिक्षा ग्रहण करें और सदैव गुरुजनों का सम्मान करें। गौरव पाडला ने शिक्षा के क्षेत्र में अपना अहम योगदान देने पर स्कूल संचालिका डॉ. नवप्रीत कौर को बधाई देते हुए उनके व बच्चों के उज्जवल भविष्य की कामना की।

फाल्गुन महोत्सव के उपलक्ष्य में श्रीमद्भागवत कथा पाठ 27 को

हरियाणा वाटिका/ब्यूरो
बहल, 24 फरवरी। क्षेत्र के सर्वमान्य एवं आस्था की प्रतीक ब्रह्मलीन बाबा रति गिरी महाराज के निर्वाण दिवस की स्मृति में फाल्गुन महोत्सव के उपलक्ष्य में श्रीमद्भागवत कथा ज्ञान अमृत कथा पाठ 27 फरवरी से राष्ट्रीय कथा प्रवक्ता साध्वी गौशिका गिरी के मुखारविंद से श्रवण किए जाएंगे। कथा से पूर्व आगामी लोकसभा 27 फरवरी से श्रीमद्भागवत कथा के श्रीगणेश से पूर्व महिलाओं की नगर कलश यात्रा का आयोजन किया जाएगा।
यह जानकारी देते हुए श्रीअलख आश्रम के महंतश्री बाबा विकास गिरी महाराज ने बताया कि श्रीमद्भागवत सप्ताह ज्ञान 5 मार्च तक श्रीअलख आश्रम में सजे पंडाल में बाद दोपहर 2 बजे से 5 बजे तक कथा पाठ के साथ भगवान श्रीकृष्ण की बाल लीलाओं का भव्य मंचन कलाकारों द्वारा किया जाएगा।

हरियाणा अनुसूचित जाति आयोग के चेयरमैन ने ग्रामीणों की समस्याएं सुन अधिकारियों को दिए निर्देश

हरियाणा वाटिका/नंदकिशोर
रतिया, 24 फरवरी। हरियाणा अनुसूचित जाति आयोग के चेयरमैन रविन्द्र बलियाला ने सोमवार को विभिन्न गावों का दौरा किया और लोगों की समस्याओं को सुनकर उनके निदान के लिए अधिकारियों को निर्देश दिए। उन्होंने नागपुर, चन्दकोठी, भिरडाना, भूथनखुर्द व नथवान गावों का दौरा कर लोंगो की समस्याएं सुनी। एससी आयोग के चेयरमैन रविन्द्र बलियाला ने अधिकारियों को कहा कि सरकार ने गरीब व अनुसूचित जाति के लोंगो के लिए अनेक जनकल्याणकारी योजनाएं लागू की है, जिनका लाभ वंचित व जरूरतमंदों तक पहुंचाना सुनिश्चित करें। इस दौरान चेयरमैन के समक्ष ग्रामीणों ने गलियों, सडकों, नहरी खाल में सफाई, पेंशन, मकान बनवाने, मनरेगा पेमेंट, एससी चौपाल में चारदीवारी बनवाने, पानी व बिजली से संबंधित समस्याएं रखी जिनका उन्होंने मौजूद अधिकारियों को जल्द से जल्द समाधान करने के निर्देश दिए। उन्होंने कहा कि प्रदेश सरकार सबका साथ-सबका विकास की नीति पर चलते हुए हर गरीब व्यक्ति के लिए योजनाएं क्रियांवित कर रही है, ताकि उनका सामाजिक व आर्थिक उत्थान किया जा सके।
इस अवसर पर डी. एस. पी. संजय बिश्नोई, नायब तहसीलदार सोमेश वसिस्ट, खंड विकास एवं पंचायत अधिकारी विकास कुमार लांग्यान, तहसील कल्याण अधिकारी कंवल सिंह, ममता, एसडीओ अंचल जैन, संदीप सचदेवा, बिबो इंदौरा, मंडल अध्यक्ष निर्मल सिंह, सरदार गुरचरण खोखर, सरपंच प्रतिनिधि संजीव कम्बोज, अनीता कम्बोज, वाइस प्रधान जय भगवान, सरपंच रमेश कुमार, सुरेश कुमार अलिका, कुसवंत सिंह, मांगे राम जल्लोपुर, ब्लॉक समिति चेयरमेन प्रतिनिधि गुरतेज सिंह, जिला परिषद सदस्य प्रवीण कुमार, ब्लॉक समिति मेंबर रमेश, नागपुर भाजपा मंडल अध्यक्ष संदीप तनेजा सहीत विभिन्न विभागों के अधिकारी व गणमान्य नागरिक मौजूद रहे।

प्रथम संध्या फेरी से श्रीमद् भागवत कथा के प्रचार अभियान का शुभारंभ

हरियाणा वाटिका/नंदकिशोर
रतिया, 24 फरवरी। श्रीमद् भागवत कथा के संदेश को घर-घर तक पहुँचाने के लिए दिव्या ज्योति जाग्रति संस्थान द्वारा एक मुहीम शुरू की गई है। जिसको 'संध्या फेरी' का नाम दिया गया है। इसी के तहत टिब्बा कॉलोनी स्थित श्री राम आश्रम शिव मंदिर से सांय 4 बजे प्रथम संध्या फेरी निकाली गई। जिसका शुभारम्भ मंदिर के पुजारी केशव शास्त्री व नवीन शास्त्री ने ज्योति प्रज्वलित करके संयुक्त रूप से किया। संध्या फेरी से पूर्व मंदिर में सामूहिक संकीर्तन किया गया। महिला मंडल द्वारा श्री कृष्ण भक्ति से ओत-प्रोत भजनों का गायन करते हुए टिब्बा कॉलोनी व मॉडल टाउन के प्रत्येक घर में श्रीमद् भागवत कथा में शामिल होने का संदेश दिया गया। सुशोभित श्रीकृष्ण पालकी,संत समाज व प्रभु भक्तों का जगह-जगह पुष्प वर्षा से भव्य स्वागत किया गया। साध्वी संतोष भारती ने प्रभु नाम की महिमा का व्याख्यान करते हुए जानकारी दी कि दिव्या ज्योति जाग्रती संस्थान द्वारा सात दिवसीय श्रीमद् भागवत कथा 19 मार्च से 25 मार्च तक प्रतिदिन सांय 7:00 बजे रात्रि 10:00 बजे तक रतिया स्थित अनाज मंडी शैड नंबर 1 में आयोजित होने जा रही है। इस कथा के शुभारंभ से पूर्व 18 मार्च को सुबह 10:00 बजे मंगल कलश यात्रा भी निकल जा रही है। श्रीमद् भागवत कथा का वाचन दिव्य गुरु आशुतोष महाराज की शिष्या कथा व्यास भागवत भास्कर साध्वी सुश्री वैष्णवी भारती जी द्वारा किया जाएगा। वापस मंदिर में पहुंचकर आरती के साथ संध्या फेरी का समापन हुआ। इस मौके पर काफी संख्या में श्रद्धालु उपस्थित थे।

वास्तविक गुरु उलझनों को दूर कर ज्ञान प्रदान करता है : सुश्री ज्ञानेश्वरी देवी

हरियाणा वाटिका/नंदकिशोर
रतिया, 24 फरवरी। मानव शरीर सबसे दुर्लभ होता है। इससे भी दुर्लभ है वास्तविक गुरू का मिलना। वेदों और शास्त्रों को जितना पढ़ोगे उतने ही उलझते जाओगे। लेकिन जब वास्तविक गुरू मिल जाता है तो वह उलझनों को दूर करके ज्ञान प्रदान करता है। इसलिए वास्तविक गुरू का मिलना दुर्लभ कहा गया है। नारद पुराण में कहा गया है कि मानव शरीर इतना दुर्लभ है कि स्वर्ग में रहने वाले देवता भी इसके लिए तरसते रहते हैं। हजारों जन्मों के बाद यह मानव देह मिलता है। गुरूड़ पुराण कहता है कि मनुष्य शरीर पाये बिना तत्व ज्ञान नहीं मिल सकता है। उक्त उद्बोधन जगदगुरु कृपालु सत्संग कल्याण समिति एवं रघुनाथ मंदिर कमेटी के संयुक्त तत्वाधान में अनाज मंडी स्थित रघुनाथ मंदिर प्रांगण में 22 फरवरी से 2 मार्च तक प्रतिदिन सांय 5 बजे से रात्रि 7 बजे तक आयोजित 9 दिवसीय संगीतमय भक्ति प्रवचन एवं मधुर संकीर्तन संध्या के दूसरे दिन व्यास पीठ पर विराजमान जगदुरु श्री कृपालु महाराज की विदुषी प्रचारिका वृंदावन वासिनी सुश्री ज्ञानेश्वरी देवी जी महाराज ने उपस्थित श्रद्धालुओं को कही। आरती व प्रसाद वितरण के साथ दूसरे दिन की भक्ति प्रवचन एवं मधुर संकीर्तन संध्या का समापन हुआ। भक्ति प्रवचन एवं मधुर संकीर्तन संध्या में सुभाष चुघ,नवनीत मेहता,योगराज मेहता,प्रेम मेहता,यश्वी मेहता,नीरु मेहता,किरण मंगला,संजु मेहता सहित काफी संख्या में धार्मिक व सामाजिक संस्थाओं के सदस्यों व श्रद्धालुओं ने शिरकत की।

अखिल भारतीय किसान सभा ने बिधवान के जलघर पर धरना दिया, जताया रोष

हरियाणा वाटिका/ब्यूरो

बहल, 24 फरवरी। सोमवार को अखिल भारतीय किसान सभा की ग्रामीण कमेटी ने गांव बिधवान के जलधर पर ने कमेटी के प्रधान बलवान सुरा की अध्यक्षता में धरना दिया और जन स्वास्थ्य विभाग की जलापूर्ति पीने लायक नहीं और अधिकारियों को अवगत कराने के बाद भी समाधान नहीं हुआ तो जल घर पर आज धरना देने की दो बताइए। बैठक में लंबे अरसे से जल घर का पानी फिल्टर नकारा होने की वजह से गंदे पानी की सप्लाई गांव में कि जा रही थी। गांव में जो पीने के पानी की सप्लाई दी जा रही है। वह बगर पानी फिल्टर दी जा रही थी। किसान सभा के प्रधान बलवान सुरा ने बताया कि गांव के पानी की समस्या को लेकर विभाग के अधिकारियों को बार-बार अवगत कराया गया था। लेकिन अधिकारियों के कान पर जूं तक नहीं रेंग रही थी और लाचारी वश जलघर परिसर में दरी बिछानी पड़ी। धरने की सूचना पर विभाग के

घनिष्ठ अभियंता दीपक पहुंचे और गांव वालों को आश्वासन दिलाया की 4 मार्च तक जल घर के सभी फिल्टरों को कार्यान्वित कर सप्लाई करवा दी जायेगी। किसान सभा के नेताओं ग्रामीणों ने कनिष्ट अभियंता को अल्टीमेटम दिया कि 4 मार्च तक का जलापूर्ति दुरुस्त नहीं हुई तो 5 तारीख को पुनः धरना दिया जाएगा।

आज के धरने पर किसान सभा के नेता दयानन्द पूनिया, बलवान बागड़ी, सुक्रम जागलान, सरपंच फुल कुमार, उमेद पूनिया, महासिंह, जयपाल, महाबीर, मुकेश, बलजीत , होशियार सिंह, विकास सुरा, भान सिंह, आजाद, फुल सिंह, महाबीर चाहर, रण सिहं, रुधबीर आदि शामिल थे।

भगवान परशुराम कॉलेज में खेलकूद प्रतियोगिता का किया आयोजन

हरियाणा वाटिका/एकजोत

कुरुक्षेत्र, 24 फरवरी। भगवान परशु राम कॉलेज कुरूक्षेत्र में 13वीं दो दिवसीय वार्षिक खेलकूद प्रतियोगिता का शुभारंभ हुआ जिसमें पंकज कुमार सेतिया, एचसीएस, मुख्य कार्यकारी अधिकारी, कुरूक्षेत्र विकास बोर्ड मुख्यातिथि के रूप में उपस्थित रहे। उनका कॉलेज पहुंचने पर कॉलेज प्राचार्य प्रो. शीश पाल और स्टाफ ने फूल मालाओं के साथ स्वागत किया। कॉलेज प्राचार्य प्रो. शीश पाल ने मुख्यातिथि का स्वागत करते हुए बताया कि पंकज कुमार सेतिया बहुत ही शानदार और सकारात्मक सोच के प्रशासनिक अधिकारी हैं जिनके मार्गदर्शन में कॉलेज उन्नति के पथ पर अग्रसर है। उन्होंने बताया कि हमारे कॉलेज के विद्यार्थियों ने चाहे खेल का क्षेत्र हो, संगीत का क्षेत्र हो, सांस्कृतिक कार्यक्रम का क्षेत्र हो या पढ़ाई का कॉलेज का नाम रोशन किया है। मुख्यातिथि श्री पंकज कुमार सेतिया ने कहा कि शिक्षा तीन प्रकार की होती है शारीरिक, मानसिक और आध्यात्मिक और मुझे यह जानकर खुशी हुई यह कॉलेज इन तीनों की ही शिक्षा देता है। उन्होंने मेघदूत का उदाहरण देते हुए शिक्षा के महत्व बताया। डॉ. सौरभ त्रिखा ने वार्षिक खेलकूद रिपोर्ट पेश करते हुए बताया कि हमारे कॉलेज के खिलाड़ी राष्ट्रीय और अंतरराष्ट्रीय स्तर पर होने वाली खेलकूद प्रतियोगिताओं में ना केवल हिस्सा लेते हैं अपितु पदक प्राप्त करते हैं। वर्ल्ड युनिवर्सिटी गेम में हमारे खिलाड़ियों ने विभिन्न खेल टीम जैसे रोंइग में कंई पदक प्राप्त किये है। उन्होंने कॉलेज की खेल नीति के बारे में विस्तृत जानकारी प्रदान की कि किस प्रकार से खिलाड़ियों को प्रोत्साहित करने के लिए फीस में छूट प्रदान की जाती है। इस अवसर पर खेल समिति के संयोजक डॉ. हीरा लाल शर्मा ने मुख्यातिथि, प्राचार्य और विभिन्न समितियों का सफल आयोजन के लिए आभार व्यक्त किया। वार्षिक खेलकूद प्रतियोगिता के सह-संगठन सचिव डॉ. दिलबाग सिंह ने बोलते हुए बताया कि इन दो दिनों में कौन-कौन-सी प्रतियोगिताओं का आयोजन किया जाना है। उन्होंने बताया कि आज प्रथम दिन 100 मीटर हीट पुरुष और महिला, डिस्कस थ्रो, लोंग जंप (महिला पुरुष), स्पून और लेमन रेस, 400 मीटर रेस पुरुष और महिला और इंट्रा म्युरल क्रिकेट आदि विभिन्न प्रतियोगिताएं आयोजित की गई। मंच का संचालन प्रो. कर्मजीत सिंह संधू ने किया। इस अवसर पर डॉ. प्रवीण शर्मा, डॉ. सरिता राय, डॉ. रमा, डॉ. नंद किशोर, डॉ. सुरेश कुमार, डॉ. सुरेश पाराशर, डॉ. माला राम बंसल, सुमन शर्मा, वासव दत्ता, प्रो. अनिल कौशिक, डॉ. सतीश, डॉ. नीरज वशिष्ठ, डॉ. धीरज, सचेत शर्मा, वेदपाल भाटिया, संदीप, वीरेंद्र, साहिल आदि मौजूद रहे।

मिलन समारोह में पूर्व छात्रों ने हिस्सा ले विचार साझा किए

हरियाणा वाटिका/ब्यूरो

इस्माईलाबाद, 24 फरवरी। गांव झांसा के राजकीय स्कूल में पूर्व छात्र मिलन समारोह का आयोजन किया गया। प्रबंधन समिति के सदस्य राजिंद्र ने बताया कि स्कूल में 2018 से लगातार पूर्व छात्र मिलन समारोह आयोजन किया जा रहा है। उन्होंने बताया कि सातवें समारोह में 1960 से 1990 तक स्कूल में पढ़े करीब 80 पूर्व विद्यार्थियों ने हिस्सा लिया। पुराने सहपाठी एक दूसरे से मिल कर काफी भावुक व खुश हुए तथा अपनी पुरानी यादें ताजा की। सभी ने एक दूसरे से अपने अनुभव साझा किए। कार्यक्रम में शुभारंभ प्रार्थना गीत के साथ किया गया। मंच संचालन कुल प्रकाश द्वारा किया गया। कार्यक्रम में गांव के सरपंच पवन गाबा ने मुख्य रूप शिरकत की। इस अवसर पर सुभाष, राम करण, विनोद, ईश्वर, मंगत राम, सोमपाल, विनय, मांगेराम, वेद भूषण, विनोद आदि मौजूद रहे।

बिजली शिकायतों की सुनवाई आज

हरियाणा वाटिका/प्रवीण वालिया

करनाल, 24 फरवरी। उत्तर हरियाणा बिजली वितरण निगम करनाल परिचालन परिमंडल के अधीक्षक नसीब सिंह ने बताया कि 25 फरवरी को प्रातः 11 बजे स्थान राजीव गांधी विद्युत सदन सर्कल कार्यालय सेक्टर 12 करनाल के कांफ्रेंस हाल में बिजली उपभोक्ताओं की शिकायतों का शीघ्र निपटारा करने के उद्देश्य से संबंधी शिकायतें सुनी जाएंगी। शिकायतों की सुनवाई परिचालन उपभोक्ता शिकायत निवारण फोरम, उत्तर हरियाणा बिजली वितरण निगम करनाल के अध्यक्ष करेंगे।

उन्होंने बताया कि स्थानीय अधिकारियों से मिलने के बाद भी जिन शिकायतों का समाधान नहीं हो पा रहा है, ऐसे उपभोक्ता फोरम के समक्ष शिकायत रख सकते हैं। ऐसे उपभोक्ता जिनका बिजली संबंधी केस कोर्ट में विचाराधीन है तथा जिनकी शिकायत या मामला दो वर्ष से पुराना है, सुनवाई के पात्र नहीं होंगे। बिजली चोरी संबधी शिकायतें भी बैठक में नहीं सुनी जाएंगी।

1 मार्च, 2 मार्च और 12 मार्च को होगा ड्राई-डे, शराब की बिक्री पूरी तरह से रहेगी प्रतिबंधित: जिला निर्वाचन अधिकारी

हरियाणा वाटिका/प्रवीण वालिया

करनाल, 24 फरवरी। जिला निर्वाचन अधिकारी एवं डीसी उत्तम सिंह ने कहा कि करनाल जिले में नगर निकाय क्षेत्र, जहां-जहां चुनाव होने हैं, ऐसे क्षेत्रों से तीन किलोमीटर की दूरी पर स्थित सभी शराब की दुकानें, बार, पब, माइक्रोब्रूवरीज आदि मतदान से एक दिन पहले, मतदान के दिन व मतगणना के दिन बंद रहेंगी।

डीसी उत्तम सिंह ने कहा कि नगर निकायों के साधारण चुनाव दौरान शराब की बिक्री पर प्रतिबन्ध रहेगा। इस संबंध में सभी शराब लाइसेंसधारियों को सूचित कर दिया गया है। नगर निगम करनाल, नगर पालिका इंद्री, नीलोखेड़ी, असंध (अध्यक्ष सीट उपचुनाव) और तरावड़ी (वार्ड नंबर 5 उपचुनाव) के लिए मतदान 2 मार्च, 2025 को होना है। ऐसे में नगर निगम व स्थानीय निकायों के विभिन्न क्षेत्रों में स्थित शराब की दुकानें, होटल, रेस्तरां, क्लब और शराब बेचने/परोसने वाले अन्य प्रतिष्ठानों को मतदान के दिन और मतगणना के दिन किसी को भी शराब बेचने/परोसने की अनुमति नहीं होगी। 1 मार्च, 2 मार्च और 12 मार्च को शराब बिक्री पूरी तरह से प्रतिबंधित रहेगी। यह ड्राइ डे रहेंगे।

महाशिवरात्रि पर शोभा यात्रा व शिव विवाह 26 को : विनोद गर्ग, कहा : अन्नत फार्म ढांड में आयोजित होगा कार्यक्रम

हरियाणा वाटिका/विकास कुमार

कैथल, 24 फरवरी। श्री कृष्ण कृपा सेवा ट्रस्ट रजि. ढांड की ओर से महाशिवरात्रि के उपलक्ष्य में 26 फरवरी को सुबह 11 बजे भव्य शोभा यात्रा निकाली जाऐगी, जो राधा कृष्ण मंदिर से पूरी नगर परिक्रमा करेगी। जिसमें सुंदर व मनमोहक झांकियां होगी और देवों के देव महादेव की महिमा का गुणगान किया जाऐगा। उक्त जानकारी देते हुए ट्रस्ट के प्रधान विनोद गर्ग ने बताया कि महाशिवरात्रि पर 26 फरवरी को दोपहर 3 बजे शिव विवाह का अन्नत फार्म ढांड में आयोजन किया जाऐगा। उन्होंने श्रद्धालुओं को बढ़-चढकर कार्यक्रम में भाग लेने का आह्वान किया।

इंसान का सच्चा मित्र भगवान ही है : सौम्या

हरियाणा वाटिका/एकजोत

कुरुक्षेत्र, 24 फरवरी। दिव्य ज्योति जाग्रति संस्थान द्वारा प्रोफेसर कॉलोनी में चल रही सात दिवसीय श्रीकृष्ण कथा के षष्ठम दिवस दिव्य गुरु श्री आशुतोष महाराज जी की शिष्या भारत विख्यात भागवत भास्कर साध्वी सुश्री सौम्या भारती ने अमृत वर्षा की। उन्होंने कहा कि वह परमात्मा जब इस धरा पर अवतार लेकर आते हैं, तो भक्त उनको अनेक भाव से भजते हैं और भाव रूपी पात्र अलग अलग होने के कारण भक्त और भगवान के सम्बन्ध भी बड़े अद्भुत रूपों में सामने आते हैं। कही प्रभु को दशरथ, कौशल्या, यशोदा व नंद बाबा जैसे भक्त वात्सल्य भाव से देखते हैं, तो कही हनुमान, भरत, विभीषण, तुलसी दास जी प्रभु को स्वामी मान कर उनके प्रति दास्य भाव रखते हैं। गोपियों व राधिका जी ने प्रभु के प्रति मधुर भाव रखा। वही ऋषियों-मुनियों ने उन्हें निराकार तत्व का साकार रूप जाना। वही, कुछ भक्त ऐसे भी होते हैं, जो प्रभु की भक्ति के रंग में ऐसे रंग जाते हैं कि प्रभु खुद उन्हें अपना नाता प्रदान करते हैं। साध्वी जी ने कहा कि ऐसा ही नाता प्रभु ने प्रदान किया सुदामा जी को। जिसे पाकर सुदामा की गरीबी मिट गई। इसलिए शास्त्र कहते हैं कि इन्सान का सच्चा मित्र तो भगवान ही है। उसे ही अपना मित्र बनाना चाहिए जो उसका सच्चा साथी है।

सीवन नगरपालिका चुनाव:शैली मुंजाल के समर्थन में सुरेश सरदाना ने किया प्रचार

भाजपा प्रत्याशी शैली मुंजाल: सीवन के विकास के लिए प्रतिबद्ध

हरियाणा वाटिका/ब्यूरो

सीवन, 24 फरवरी। सीवन नगरपालिका के चुनाव 2 मार्च को होंगे। इसमें भाजपा की प्रत्याशी चेयरपर्सन पद के लिए शैली मुंजाल चुनाव लड़ रही हैं। श्री कृष्ण कृपा सेवा समिति के पूर्व प्रधान और गीता मनीषी स्वामी ज्ञानानंद जी के परम भक्त सुरेश सरदाना राजू ने डोर टू डोर शैली मुंजाल के साथ मतदाताओं से वोट मांगे और उन्हें भाजपा को समर्थन देने का आह्वान किया। सुरेश सरदाना ने कहा सीवन का विकास ही शैली मुंजाल का संकल्प है। भाजपा प्रत्याशी शैली मुंजाल के नेतृत्व में नगर को नई ऊंचाइयों तक ले जाने का कार्य किया जाएगा। मैं मतदाताओं से अपील करता हूं कि वे एक सशक्त नेतृत्व को चुनें जो शहर की हर छोटी-बड़ी समस्या का समाधान करे। स्वच्छ जल बेहतर सडकें और बिजली की सुचारू आपूर्ति हमारी प्राथमिकता

होगी। महिलाओं की सुरक्षा और युवाओं के रोजगार सृजन के लिए ठोस कदम उठाए जाएंगे। भाजपा सरकार ने प्रदेश और देश में जो विकास किया है वैसा ही विकास सीवन में भी किया जाएगा। शैली मुंजाल नगर के हर व्यक्ति की समस्याओं को हल करने के लिए सदैव तत्पर रहेंगी। इस चुनाव में कमल के फूल पर मोहर लगाकर सीवन की जनता अपनी समृद्धि और उज्ज्वल भविष्य का मार्ग प्रशस्त करे। उन्होंने कहा कि भाजपा सरकार की नीतियां और योजनाएं सीवन को आगे बढ़ाने में मील का पत्थर साबित होंगी भाजपा प्रत्याशी शैली मुंजाल ने कहा मेरा लक्ष्य सीवन को आधुनिक और विकसित बनाना है। हर गली और मोहल्ले में स्वच्छता और सुंदरता लाना मेरा संकल्प है। जनता की हर जरूरत को प्राथमिकता के आधार पर पूरा किया जाएगा। व्यापारियों किसानों और युवाओं के लिए नई योजनाएं लाई जाएंगी। नगर की सभी मूलभूत सुविधाओं को मजबूत किया जाएगा। उन्होंने कहा कि मैं सीवन की जनता को विश्वास दिलाती हूं कि हर समस्या का समाधान होगा और शहर की तरक्की के लिए कोई कसर नहीं छोड़ी जाएगी। सीवन की जनता ने जो भरोसा मुझ पर जताया है उसे मैं पूरी निष्ठा और ईमानदारी से निभाऊंगी। सीवन को आदर्श नगर बनाना मेरी प्रतिबद्धता है। मुझे सेवा करने का अवसर दें और कमल के फूल का बटन दबाकर भारी मतों से विजयी बनाएं। इस अवसर पर श्री कृष्ण कृपा सेवा समिति के प्रधान संजय आहूजा शंटी, भाजपा महिला मोर्चा सीवन मंडल की अध्यक्ष कृष्णा कश्यप, ओम प्रकाश मुटरेजा, कार्तिक सरदाना, दीपिका सरदाना सहित काफी संख्या में शैली मुंजाल व अन्य गण मान्य लोग उपस्थित थे।

हुक्का बार पर प्रतिबंध, उल्लंघन करने पर सख्त कार्रवाई : मंडल आयुक्त

हरियाणा वाटिका/प्रवीण वालिया

करनाल, 24 फरवरी। मंडल आयुक्त राजीव रतन ने शहरी क्षेत्र में संचालित हुक्का बार पर तत्काल प्रतिबंध लगाने के निर्देश दिए हैं। उन्होंने कहा कि हरियाणा सरकार के गृह विभाग की अधिसूचना के अनुसार सार्वजनिक स्थानों पर हुक्का पीने पर प्रतिबंध लगाया गया है। इसी कड़ी में जिला के शहरी क्षेत्रों में हुक्का बार पर व्यापक प्रतिबंध लगाया गया है। उल्लंघन करने वालों पर सख्त कार्रवाई की जाएगी। इस प्रतिबंध के कार्यान्वयन में प्रतिष्ठानों का नियमित निरीक्षण, उल्लंघन के लिए दंड का सख्त प्रवर्तन और हुक्का धूम्रपान के खतरों के बारे में नागरिकों को शिक्षित करने के लिए जन जागरूकता अभियान शामिल किए गए हैं।

मंडल आयुक्त राजीव रतन ने बताया कि जिला के शहरी क्षेत्रों में संचालित हुक्का बारों पर व्यापक प्रतिबंध लगाने की महत्वपूर्ण आवश्यकता है। इसे लेकर डीसी को निर्देश दिए गए हैं। हुक्का बार प्रतिष्ठान अक्सर खुद को सिगरेट पीने के लिए एक सुरक्षित विकल्प प्रदान करने का दावा करते हैं, जिससे यह गलत धारणा बनती है कि हुक्का का उपयोग कम हानिकारक है। यह एक खतरनाक और स्पष्ट रूप से झूठा दावा है। उन्होंने बताया कि व्यापक वैज्ञानिक अनुसंधान के अनुसार हुक्का पीने से सिगरेट पीने के बराबर और कई मामलों में, स्वास्थ्य संबंधी अधिक जोखिम होते हैं। इससे विभिन्न कैंसर (विशेष रूप से फेफड़े, मुंह, मूत्राशय कैंसर), श्वसन संबंधी बीमारियां जैसे क्रोनिक ऑब्सट्रक्टिव पल्मोनरी डिजीज (सीओपीडी) और अस्थमा, और हृदय रोग और स्ट्रोक जैसी हृदय संबंधी समस्याएं हो सकती हैं।

उन्होंने कहा कि कई हुक्का बार मौजूदा धूम्रपान नियमों की घोर अवहेलना करते हुए संचालित होते हैं। वे अक्सर खराब हवादार और भीड़भाड़ वाला वातावरण बनाते हैं, जिससे अत्यधिक इनडोर वायु प्रदूषण होता है।

महम बार चुनाव बना रोचक, बड़े धड़े का समर्थन जुटाने में कामयाब रहे रविशंकर सोनी

दूसरा पक्ष 16 वोट कटवाने में कामयाब

हरियाणा वाटिका/ब्यूरो

महम, 24 फरवरी। स्थानीय बार चुनाव अबकी बार रोचक बनता जा रहा है। इतना ही नहीं यहां पर परिणाम भी चौंकाने वाले हो सकते हैं। मुख्य मुकाबला पूर्व प्रधान प्रदीप ढाका व निर्वतमान प्रधान रविशंकर सोनी के बीच होगा। रविशंकर सोनी जहां बड़े धड़े का का समर्थन पाने में कामयाब रहे हैं। वहीं प्रदीप ढाका पक्ष बार सदस्यों की लिस्ट में से बार काउंसलिंग हरियाणा एंड पंजाब को शिकायत कर 16 वोट कटवाने में कामयाब रहा है। सोमवार को एडवोकेट रोहतास राठी खुलकार रविशंकर सोनी के समर्थन में आ गए

हैं। रोहतास राठी ने कहा कि रविशंकर सोनी की जीत निश्चित है।उन्होंने अपने कार्यकाल में अच्छे कार्य किए हैं। इसलिए वे अपने समर्थकों के साथ उनके पक्ष में उतरे हैं। कहा कि उन्होंने अकेले नहीं अपने धड़े के साथ समर्थन किया है जिसमें कई वकील शामिल हैं। दूसरी ओर एडवोकेट सोमबीर गोयत ने प्रदीप ढाका की जीत बताते हुए कहा कि कुछ वोट जींद बार में अपने मताधिकार का प्रयोग कर चुके थे। उनके नाम भी यहां की लिस्ट में दशार्या गया था। उनकी शिकायत स्थानीय आर ओ को की थी। लेकिन उनकी बात को नहीं सुना गया। इसके लिए उन्होंने बार काउंसलिंग ऑफ पंजाब एंड हरियाणा का दरवाजा खटखटाया था। उनकी बात को सुना गया ।स्थानीय आरओ को 16 वोटरों के नाम लिस्ट से हटाए जाने का आदेश दिया गया है।इस बारे में आरे ओ राजेश गोयत का कहना है कि उनको बार काउंसलिंग का आदेश प्राप्त हुआ है। 16 वोटरों के नाम हटाए जाने हैं। उन्होंने कहा कि इसके अलावा भी जांच की जा रही है कुछ और वोटरों को भी लिस्ट से हटाया जा सकता है । उधर एडवोकेट रोहतास राठी द्वारा समर्थन दिए जाने के बाद रविशंकर सोनी खुश नजर आए तथा दोनों ने उंगलियों से जीत का चिन्ह वी आकार बनाते हुए की फोटो खिंचवाई तथा सोशल मीडिया पर वायरल की।

संत निरंकारी मिशन की ओर से निरंकारी स्वयंसेवकों ने पक्के घाट पर सफाई अभियान चलाया

प्रदेशों के 900 से अधिक शहरों में 1600 से अधिक स्थानों पर एक साथ चला सफाई अभियान

हरियाणा वाटिका/नीतीश जोगी

रादौर, 24 फरवरी। बाबा हरदेव सिंह जी महाराज की जन्म जयंती के अवसर पर संत निरंकारी चैरिटेबल फाउंडेशन के सौजन्य से निरंकारी स्वयंसेवकों की ओर से शहर पक्के घाट पर सफाई अभियान चलाकर सभी को साफ सफाई के प्रति प्रेरित किया। प्रोजेक्ट अमृत' के अंतर्गत 'स्वच्छ जल स्वच्छ मन' के तृतीय चरण का शुभारंभ नेपाल राणा, जोनल इंचार्ज संत सुरिंदर पाल सिंह, क्षेत्रीय संचालक विक्रम गांधी, कोऑर्डिनेटर दिल्ली संजय सैनी ने किया। परियोजना का उद्देश्य जल संरक्षण तथा स्वच्छता के प्रति सामाजिक जागरूकता उत्पन्न करना है, ताकि भावी पीढ़ियों को स्वच्छ जल व स्वच्छ पर्यावरण का वरदान प्राप्त हो सके, संत निरंकारी मिशन ने

बाबा हरदेव सिंह जी महाराज की जन्म जयंती के अवसर पर बाबा जी की शिक्षाओं को आत्मसात करते हुए संस्कृति मंत्रालय-भारत सरकार के सहयोग से फरवरी 2023 को प्रोजेक्ट अमृत के प्रथम चरण का शुभारंभ किया था।

सतगुरु माता सुदीक्षा जी महाराज एवं निरंकारी राजपिता रमित द्वारा इस दिव्य पहल का उद्देश्य केवल जल स्त्रोतों को शुद्धता प्रदान करना ही नहीं, अपितु जल सरंक्षण को मानव जीवन की सुंदर सोच के रूप में विकसित करना है। सेवादल अधिकारी राजेश सलूजा ने बताया कि यह वृहद अभियान देशभर के 27 राज्यों एवं केंद्र शासित प्रदेशों के 900 से अधिक शहरों में 1600 से अधिक स्थानों पर एक साथ आयोजित किया गया है। संयोजक पवन ग्रोवर ने बताया कि रादौर में यह अभियान आओ संवारे यमुना किनारे के रूप में श्रमदान करके किया गया। यह पहल केवल सफाई तक सीमित रहकर ही नहीं बल्कि समाज कल्याण के और सेवा कार्यों के लिए भी प्रेरणादायक सिद्ध होगी। सतगुरु माता सुदीक्षा जी महाराज का भी यही संदेश है। हम धरती को और भी सुंदर स्वरूप में छोड़कर जाएं। यह अभियान उसी संकल्प का साकार स्वरूप है जो समाज को जागरूकता व समर्पण की दिशा प्रदान करेगा। इस अवसर पर गुरुचरण सिंह मुखी जठलाना, रजनीश मेहता शालु,पृथ्वीराज सिंह, बालकराम, सन्नी ग्रोवर, रजत सलूजा, जयप्रकाश, जसमेर नागल, जगदीश सचदेवा, हुस्नलाल, चन्द्रपाल आदि उपस्थित रहे।

अमृत वेला में प्रभु नाम सिमरन से मिलती है विशेष ऊर्जा: स्वामी ज्ञानानंद

हरियाणा वाटिका/एकजोत

कुरुक्षेत्र, 24 फरवरी। गीता मनीषी स्वामी ज्ञानानंद जी महाराज के सानिध्य में श्री कृष्ण कृपा जीओ गीता परिवार द्वारा मसीता हाऊस मोहल्ले में प्रभात फेरी का आयोजन सुशील शर्मा के परिवार द्वारा किया गया। होली के उपलक्ष्य में आयोजित इस प्रभात फेरी में गीता मनीषी के साथ-साथ स्थाणेश्वर महादेव मंदिर के महंत लक्ष्मी नारायण पुरी, शिवानंद जी महाराज सहित भारी संख्या में श्रद्धालुओं ने भाग लिया। इस अवसर पर सुनील वत्स, पवन कुमार के नेतृत्व में राधा व कृष्ण के भाव से गाए गए भजनों से सारा वातावरण भक्तिमय हो गया। ठाकुर जी की युगल जोड़ी के सामने श्रद्धालु जमकर थिरके। गीता मनीषी स्वामी ज्ञानानंद जी महाराज ने कहा कि प्रातः अमृत वेला के समय प्रभु का नाम जपना विशेष फलदायक है। इसलिए अमृत वेला में प्रभु नाम का सिमरन किया जाना चाहिए। इससे विशेष ऊर्जा मिलती है। गीता मनीषी ने श्रद्धालुओं से गौ सेवा और गीता पाठ, नित्य नियम से मंत्र जाप का आह्वान करते हुए कहा कि गीता किसी एक धर्म या संप्रदाय का ग्रंथ नहीं बल्कि समूची मानव जाति के लिए भगवान का दिया हुआ एक अमूल्य उपहार है, जिसे भगवान श्री कृष्ण ने अर्जुन को निमित बनाकर विश्व कल्याण के लिए दिया है। कुरुक्षेत्र का गौरव गीता विश्व का गौरव बने इसके लिए हम सभी को मिलकर प्रयास करना होगा। गीता दुनिया का एकमात्र ऐसा ग्रंथ है जिसमें मानव की प्रत्येक समस्या का कारण और निवारण बताया गया है।

समस्या: सीवरेज के गंदे पानी गली में जमा होने से स्थानीय लोगों का सांस लेने हुआ दुर्भर

वीआईपी कालोनी के लोगों ने विभाग के विरूद्ध नारेबाजी कर रोष प्रकट किया

हरियाणा वाटिका/नीतीश जोगी

रादौर, 24 फरवरी। शहर की वीआईपी कॉलोनी में सीवरेज ओवरफ्लो होने से गंदा पानी गली में जमा हो गया है। सीवरेज का गंदा व बदबूदार पानी गली में जमा होने से स्थानीय लोगों का सांस लेना दुर्भर हो गया है। स्थानीय लोगों ने कई बार समस्या को लेकर पब्लिक हैल्थ विभाग के अधिकारियों व कर्मचारियों को शिकायत दी। लेकिन शिकायत करने के बावजूद अधिकारी व कर्मचारियों ने समस्या की ओर कोई ध्यान नहीं दिया। विभाग के इस रवैये से कालोनी के लोगों मे भारी रोष है ।कालोनी के लोगों ने विभाग के विरूद्ध नारेबाजी कर अपना रोष प्रकट किया। वीआईपी कालोनी वासी अभिषेक अग्रवाल, प्रदीप अग्रवाल, शालिनी अग्रवाल, दलजीत, बबीता कुमारी, संतोष अरोड़ा, रजनी वर्मा, देसो देवी, आरती, प्रदीप धीमान आदि ने बताया कि उनकी गली में पिछले लगभग 1 महीने से

सीवरेज से गंदा व बदबूदार पानी बह रहा है। जिस कारण उनको सांस लेना भी दुर्भर हो गया है। उन्होंने कई बार संबंधित विभाग को समस्या का समाधान करवाने को लेकर गुहार लगाई। लेकिन अभी तक समस्या का कोई समाधान नहीं किया गया। उन्होंने सरकार व प्रशासन से उनकी सीवरेज की समस्या का जल्द से जल्द समाधान करवाने की मांग की। वोट मांगने के लिए तो सभी आ जाते है। लेकिन उनकी समस्या का आज तक किसी ने भी समाधान नहीं करवाया।

शिकायत मिली थी तुरंत कर्मचारियों को कालोनी में भेजा गया था,कल छुट्टी होने के कारण विलंब हूआ है। आज व कल दो दिनों इस समस्या को दुर कर दिया जाएगा, ताकि कालोनी के लोगों को कोई परेशानी न हो।

- रवि नायक, एसडीओ ,पब्लिक हैल्थ रादौर

अब मंदिर में अस्पताल होगा, पहले अस्पतालों में मंदिर होते थे - धीरेंद्र कृष्ण शास्त्री

छतरपुर,। मध्य प्रदेश के छतरपुर जिले के बागेश्वर धाम में रविवार (23 फरवरी) को प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी कैंसर हॉस्पिटल का भूमि पूजन करेंगे। बागेश्वर धाम के पीठाधीश्वर धीरेंद्र कृष्ण शास्त्री ने इसे गर्व की बात बताया।

धीरेंद्र कृष्ण शास्त्री ने शुक्रवार को न्यूज एजेंसी आईएएनएस से खास बातचीत करते हुए कहा कि यह हम सब के लिए गर्व की बात है। अब तक अस्पतालों में मंदिर होते थे, लेकिन अब मंदिर में अस्पताल होगा। यह एक नवाचार होगा जो बुंदेलखंड, मध्य प्रदेश और पूरे भारत के लिए एक नई दिशा प्रदान करेगा।

उन्होंने कहा कि इस अस्पताल में केवल चिकित्सा सुविधा नहीं, बल्कि बागेश्वर धाम से आशीर्वाद के रूप में भोजन और बालाजी का भजन भी मिलेगा। इस जगह से न केवल इलाज मिलेगा, बल्कि जीवन की नई राह भी मिलेगी। उन्होंने आगे कहा कि इस कार्यक्रम में प्रमुख अतिथियों के रूप में परम पूज्य जगत गुरु, पूज्य अच्चानंद मुनि महाराज, ऋतम्भ दीदी मां,

मध्य प्रदेश के मुख्यमंत्री मोहन यादव और राज्यपाल मंगू पटेल भी उपस्थित रहेंगे। इस कैंसर अस्पताल का निर्माण चार चरणों में होगा और यह अस्पताल चिकित्सा के क्षेत्र में एक महत्वपूर्ण योगदान प्रदान करेगा।

बता दें कि प्रधानमंत्री मोदी 23 फरवरी को मध्य प्रदेश के छतरपुर जिले में चिकित्सा विज्ञान एवं अनुसंधान संस्थान का भूमिपूजन करेंगे। राज्य के गढ़ा गांव में बागेश्वर धाम जन सेवा समिति द्वारा 100 बिस्तरों से अधिक क्षमता वाले मल्टी-स्पेशलिटी अस्पताल सह कैंसर अनुसंधान केंद्र का निर्माण किया जा रहा है।

कैंसर अस्पताल, जिसका प्रधानमंत्री मोदी शिलान्यास करेंगे, 218 करोड़ रुपये की अनुमानित लागत से बनाया जाएगा। आधिकारिक बयान के अनुसार, इस परियोजना के लिए कुल 10.925 हेक्टेयर भूमि की पहचान की गई है। अस्पताल का निर्माण 36 महीने में पूरा करने का लक्ष्य रखा गया है। पहले चरण में अस्पताल में 100 बिस्तरों की सुविधा होगी, जिसमें अत्याधुनिक मशीनें और विशेषज्ञ डॉक्टर होंगे, जिससे वंचित कैंसर रोगियों का मुफ्त इलाज किया जा सकेगा।

शहर की सफाई व्यवस्था होगी दुरुस्त:- एसडीएम

हरियाणा वाटिका/ब्यूरो

महेंद्रगढ़, 24 फरवरी। शहर की सफाई व्यवस्था को दुरुस्त करने के लिए एसडीएम अनिल कुमार यादव ने अधिकारियों को निर्देश जारी किए हैं। उन्होंने कहा कि महेंद्रगढ़ शहर के भीड़ वाले क्षेत्रों में सफाई व्यवस्था पर विशेष ध्यान दिया जाएगा। शहर के सब्जी मंडी, बस स्टैंड इत्यादि स्थानों पर प्रतिदिन सफाई की जाएगी। उन्होंने अधिकारियों की बैठक लेकर यह निर्देश दिए हैं। एसडीएम ने कहा कि नगर पालिका क्षेत्र में सफाई व्यवस्था और नियमित कचरा उठाने को प्रभावी ढ़ंग से सुनिश्चित किया जाए। उन्होंने जनस्वास्थ्य अभियांत्रिकी विभाग के अधिकारियों को भी सीवरेज व्यवस्था को दुरुस्त करने के निर्देश दिए हैं।

एसडीएम ने कहा कि अधिकारी कचरे का उठान भी नियमित रूप से करवाएं, ताकि कचरे में आग लगाने संबंधी घटनाएं ना हो सकें। उन्होंने कहा कि कचरे में आग लगाने से इससे निकलने वाला धूंआ व गैस पर्यावरण को प्रदूषित करती हैं और मानव स्वास्थ्य के लिए भी हानिकारक होती हैं। इससे आखों व सांस संबंधी बीमारियां होने का खतरा बना रहता है। अधिकारी यह सुनिश्चित करें कि सार्वजनिक स्थानों, ग्रीन बैल्ट, सड़कों के किनारों आदि पर किसी भी प्रकार का कचरा पड़ा हुआ ना हो। उन्होंने आमजन से भी आग्रह किया कि वह कचरे को अधिकृत स्थान पर ही डालें। इधर-उधर कचरा ना फैकें क्योंकि इससे गंदगी फैलेगी, जिससे नागरिकों को ही परेशानी का सामना करना पड़ेगा।

श्यालावास सेंट्रल जेल से मुख्यमंत्री को धमकी मामला: जेलर एपीओ, दो प्रहरी निलंबित; हाई सिक्योरिटी पर उठे सवाल

दौसा। सेंट्रल जेल श्यालावास से मुख्यमंत्री को जान से मारने की धमकी के मामले को गंभीरता से लेते हुए जेल डीजी गोविंद गुप्ता ने कड़ा एक्शन लिया है। डीजी ने सेंट्रल जेल श्यालावास के जेलर राजेश डूकिया को एपीओ कर दिया है। साथ ही मुख्य जेल प्रहरी रामप्रसाद मीणा, प्रहरी महेंद्र मीणा को सस्पेंड किया गया है।

विकास भागोरिया को सेंट्रल जेल श्यालावास में नया जेलर लगाया गया है। जेल में शनिवार को धमकी प्रकरण के पहले शुक्रवार को सर्च अभियान चलाया गया था। लेकिन कोई संदिग्ध गतिविधि नहीं पकड़ी जा सकी थी। जबकि सर्च के कुछ घंटे बाद ही कैदी ने दो बार कॉल कर सीएम को जान से मारने की धमकी दे डाली। ऐसे में जेल में चलाए जाने वाले सर्च अभियान और निरीक्षण पर सवाल खड़ा हो गया है।

बता दें कि 28 जुलाई 2024 को पॉक्सो मामले के कैदी दार्जिलिंग निवासी नीमो ने जयपुर पुलिस कंट्रोल रूम में फोन कर सीएम को जान से मारने की धमकी दी थी। उस दौरान पुलिस द्वारा जेल में चलाए गए सर्च अभियान में 11 मोबाइल मिले थे। इसके बाद अवैध मादक पदार्थ तस्करी में जेल प्रहरी की भूमिका मिलने पर उसे निलंबित किया गया था। श्यालावास का सेंट्रल जेल पिछले एक साल से लगातार सुर्खियों में है। यहां सजायाफ्ता बंदियों द्वारा अलग-अलग तीन बार कॉल करके मुख्यमंत्री भजनलाल शर्मा को जान से मारने की धमकी दी जा चुकी हैं। ऐसे में हाई सिक्योरिटी जेल की सुरक्षा व्यवस्था पर सवाल खड़ा हो गया है। जेल में लगातार मोबाइल पहुंच रहे हैं। सीएम को मारने की धमकी देने वाले कैदी विक्रम सिंह निवासी अलवर के खिलाफ केस दर्ज किया गया है। उसके कब्जे से पुलिस ने मोबाइल बरामद किया है, जिसमें एक्टिव सिम भी दौसा सैंथल क्षेत्र के रहने वाले एक जने की बताई जा रही है। ऐसे में पुलिस कड़ी से कड़ी जोड़ते हुए मामले की गहन जांच में जुटी है कि जेल के अंदर मोबाइल किसके जरिए पहुंचा।

खंडवा में बोलेरो और ट्रक की टक्कर में चार की मौत

खंडवा। मध्य प्रदेश के खंडवा जिले में बोलेरो और ट्रक के बीच हुई टक्कर में चार लोगों की मौत हो गई है, वहीं चार अन्य लोग घायल हुए हैं। घायलों को उपचार के लिए अस्पताल भेजा गया है।

मिली जानकारी के अनुसार धनगांव थाना क्षेत्र के सुलगांव के पास पुनासा रोड में एक बोलेरो की ट्रक से टक्कर हो गई। इस बोलेरो में सवार लोग एक महिला को उपचार के लिए सनावद अस्पताल ले जा रहे थे। इस महिला ने पारिवारिक विवाद या अन्य किसी कारण से जहर खा लिया था। इसी दौरान बोलेरो की ट्रक से टक्कर हो गई। इस हादसे में बोलेरो में सवार चार लोगों की मौत हुई है जबकि चार अन्य लोग घायल हुए हैं।

पुलिस के अनुसार यह टक्कर इतनी भयानक थी कि बोलेरो बुरी तरह क्षतिग्रस्त हो गई और उसके परखच्चे तक उड़ गए। इस हादसे का शिकार हुए लोगों को काफी मशक्कत के बाद बोलेरो से बाहर निकाला गया। इस हादसे की जानकारी मिलते ही आसपास के लोग जमा हो गए और उन्होंने घायलों की मदद के लिए हर संभव कोशिश की।मौके पर पहुंचे पुलिस बल ने भी घायलों को बोलेरो से बाहर निकाला और उपचार के लिए अस्पताल भेजा है। बताया गया है कि बोलेरो सही रास्ते से जा रही थी तभी गलत साइड से ट्रक आ गया और दोनों वाहनों के बीच भिड़ंत हो गई। इस हादसे के बाद चीख-पुकार मच गई। वहां से निकल रहे लोग और आसपास के निवासी हादसे का शिकार हुए लोगों की मदद के लिए आए। सभी ने घायलों को निकालने का अभियान चलाया।

सांसद नवीन जिन्दल स्वास्थ्य सेवाओं में दिन कर रहे है अच्छा कार्य : विजेंद्र मैहला

नवीन जिंदल फाऊंडेशन द्वारा गांव जाजनपुर में नवीन संकल्प शिविर

हरियाणा वाटिका/विकास कुमार

कैथल, 24 फरवरी। गांव जाजनपुर में नवीन जिंदल फाऊंडेशन द्वारा नवीन संकल्प शिविर के तहत गांव जाजनपुर के पंचायत घर में कार्यक्रम आयोजित हुआ। जिसमें लोगों को पेंशन, परिवार पहचान पत्र, नवीन जिन्दल यशस्वी छात्रवृत्ति योजना और मोबाइल मेडिकल यूनिट के माध्यम से स्वास्थ्य सेवाएं (निःशुल्क दवाइयां व ब्लड टेस्ट उपलब्ध कराई गई। शिविर का शुभारंभ गांव के सरपंच जोगिंद्र शयोकंद व ढांड मंडल अध्यक्ष विजेंद्र मैहला द्वारा किया गया। भाजपा नेता विजेंद्र मैहला जडौला ने कहा कि सांसद नवीन जिन्दल स्वास्थ्य सेवा में अच्छा कार्य कर रहे हैं।

प्राथमिक उपचार के लिए मोबाइल मेडिकल यूनिट वार्डों, कॉलोनियों और संसदीय क्षेत्र के सभी गांवों में अपनी सेवाएं दे रही हैं। आधुनिक तकनीक से सुसज्जित ये मोबाइल

मेडिकल यूनिट निःशुल्क स्वास्थ्य सेवाएं दे रही है। सांसद नवीन जिन्दल जरूरतमंदों की सेवा करने के लिए समर्पित हैं। मरीजों को दवाइयां और परामर्श निःशुल्क उपलब्ध करवाया जा रहा है। गांव के सरपंच जोगिंद्र शयोकंद जाजनपुर ने कहा कि छात्रों को अपनी पढ़ाई पूरी करने में किसी प्रकार की बाधा ना आए, इसके लिए सांसद नवीन जिन्दल ने यह योजना आरंभ की है। इस योजना के लिए ऑनलाइन और ऑफ लाइन दोनों तरह से आवेदन किया जा सकता है। जो चाहते हैं कि उन्हें नवीन जिन्दल यशस्वी छात्रवृति योजना का लाभ मिले। इस अवसर पर पूर्व सरपंच कृष श्योकंद जाजनपुर, शिशपाल, सांसद के सचिव पूंडरी हल्का प्रभारी अरविंद गोलन, महेंद्र सिंह, जवाहरमल जाजनपुर, पूर्ण चंद पंच सहित काफी संख्या में ग्रामीण मौजूद थे।

नर्सरी की सिम्पल रेस में तवीश ने मारी बाजी, जैनिश रहे द्वितीय व वृन्दा तृतीय

हरियाणा वाटिका/ब्यूरो

कुरुक्षेत्र/शाहाबाद, 24 फरवरी। डिवाईन पब्लिक स्कूल शाहाबाद में आयोजित खेल दिवस में नर्सरी, एलकेजी और यूकेजी के बच्चों ने उत्साहपूर्वक भाग लिया। कार्यक्रम की शुरूआत स्कूल प्रबंधक डॉ. गुरदीप सिंह हेयर ने दीप प्रज्वलित कर की। बच्चों के लिए मजेदार और रोचक खेल रखे गए। प्रधानाचार्या राजिन्द्र खुब्बड़, उपप्रधानाचार्य मनीश मलिक और स्कूल हैड मनमीत सिधु रन्धावा ने सभी बच्चों को खेलो में भाग लेने के लिए प्रोत्साहित किया। उन्होंने कहा कि खेल दिवस बच्चों के मानसिक और शारीरिक विकास के लिए भी महत्वपूर्ण होता है। इस खेल दिवस में बच्चों के दादा-दादी को आमंत्रित किया गया। सभी बच्चों के दादा-दादी व शिक्षकों ने उनका उत्साहवर्धन किया। अंत में विजेता बच्चों को मैडल देकर सम्मानित किया गया। कक्षा नर्सरी की सिम्पल रेस में प्रथम तवीश, द्वितीय जैनिश और तृतीय वृन्दा रही। बारवी रेस में प्रथम मानवी, द्वितीय जानवी, तृतीय अदिति रही। कैरेट रेस में प्रथम सानवी, द्वितीय लक्षित, तृतीय नितांश व सांराश रहे। कक्षा नर्सरी के दादा-दादी में प्रथम बुध राम (अरूल) रहे। द्वितीय जसविन्द्र कौर (काशविक) तृतीय हरबंस कौर (उमंग) रही।कक्षा एलकेजी की कोन रेस में प्रथम विरेन, द्वितीय पुजांशी, तृतीय मनीकुश व मनकीरत रहे। पार्टनर रेस में प्रथम रियांशी व आयुष, द्वितीय रवनीत व यूविन, तृतीय गर्वित व अगमजोत रहे। बैग पैक रेस में प्रथम गुरफतेह व इशिका, द्वितीय रबरीत कौर रहे। बॉल बैलसिंग रेस में प्रथम विवान, द्वितीय गुनताज, तृतीय विदांशी रहे। कक्षा यूकेजी में श्रीलेग रेस में प्रथम जानवी व रिधि, द्वितीय ऐशप्रीत व ध्रुविका, तृतीय शिवांश व सानवी रहे। बॉल रेस में प्रथम गुरताज, द्वितीय अनिक व तृतीय रवलीन रहे। ब्लेसिंग रेस (ग्लॉस आन द प्लेट) में प्रथम कियारा व अरेयांश, द्वितीय नवनीत कौर, तृतीय यंशवी व नायरा रही। टंग आफ चार रेस में प्रथम हिमांक, मयंक, रियांश, रिदम, भूविक, गुरशान, जयवीर, वंश, विभोर व हार्दिक रहे। दादा-दादी की म्यूजिकल चेयर रेस में पुष्पा रानी (सांराश) प्रथम रही व अनिल शर्मा (नविश) द्वितीय रहे।

सामाजिक संबंध सुखी और आनंदमय जीवन की एक अच्छी कुंजी : रामचंद्र जडौला

कहा : बच्चों को बुजुर्गों के प्रति सम्मान की भावना रखने के लिए प्रेरित करें

हरियाणा वाटिका/विकास कुमार

कैथल, 24 फरवरी। पूर्व डायरैक्टर हैफेड एवं प्रसिद्ध समाजसेवी रामचंद्र जडौला ने कहा कि हम सभी अपने बच्चों को बुजुर्गों के प्रति सम्मान की भावना रखने के लिए प्रेरित करें, क्योंकि अगर आप उन्हें यह सीख नहीं देंगे तो आपके बच्चे आपके साथ भी वैसा ही व्यवहार करेंगे। उन्होंने कहा कि सामाजिक संबंध सुखी और आनंदमय जीवन की एक अच्छी कुंजी है। हमें उन्हें परिवार, दोस्तों और समुदाय से जोड? के साथ उन्हें मानसिक रूप से सक्रिय रखना चाहिए। हमें बुजुर्गों का सम्मान करना चाहिए और उन्हें कभी बोझ नहीं समझना चाहिए। नई अनाज मंडी ढांड में अपने प्रतिष्ठान पर बातचीत करते हुए समाजसेवी रामचंद्र जडौला ने कहा कि बच्चे और वृद्ध एक समान हैं, दोनों के पास जाकर सुनना पड़ता है।

और उनके द्वारा दिखाए सही रास्तों पर चलने

बुजुर्गों से समाज में हमें पहचान मिलती है की प्रेरणा मिलती है। अक्सर देखा गया है कि वृद्ध अवस्था में बुजुर्ग स्वयं को अकेला महसूस करने लगते हैं।

जबकि परिवार का पालन पोषण करने में सारी उम्र गुजार देते हैं। पूर्व हैफेड डायरैक्टर रामचंद्र जडौला ने कहा कि हमारे बुजुर्ग हमारे जीवन का एक अहम हिस्सा होते हैं जो जीवन भर अपने ज्ञान और अनुभव से हमारा मार्गदर्शन करते हैं। बड़ों का हमेशा सम्मान करना चाहिए। बुजुर्गों की छाया व मार्गदर्शन भगवान के आशीर्वाद के समान है। रामचंद्र जडौला ने कहा कि जिस समाज में महिलाओं बुजुर्गों का सम्मान नहीं होता वह समाज विकास नहीं कर सकता है। इसलिए यह जरूरी है कि अपने बुजुर्ग मां-बहनों का सम्मान करें। नौजवानों से आह्वान किया कि इस ब्रह्मांड में हर किसी को इस दौर से गुजरना पड़ता है, इसलिए वह बुजुर्गों की सेवा करें।

अटेली -कनीना नगर पालिका चुनाव-2025: सेकेंड रेंडमाइजेशन से पोलिंग पार्टियों की ड्यूटी तय

हरियाणा वाटिका/ब्यूरो

नारनौल, 24 फरवरी। आगामी 2 मार्च को अटेली तथा कनीना नगर पालिका में होने वाले चुनाव के लिए आज सामान्य पर्यवेक्षक योगेश कुमार की अध्यक्षता में एनआईसी द्वारा तैयार ईडीएमएस ऑनलाइन सॉफ्टवेयर के जरिए पोलिंग पार्टियों की ड्यूटी तय करने के लिए सेकंड रेंडमाइजेशन की गई।

अटेली नगर पालिका में 12 वार्ड हैं तथा कनीना नगर पालिका में कुल 14 वार्ड हैं। आज रेंडमाइजेशन के जरिए पोलिंग स्टॉफ को संबंधित नगर पालिका में ड्यूटी तय की गई। अब 1 मार्च को पोलिंग पार्टियों को रवाना करते समय इन्हें संबंधित बूथ की जानकारी दी जाएगी।

इस मौके पर कनीना के आरओ जितेंद्र सिंह, अटेली के आरओ रमित यादव, डीआईओ प्रशांत कुमार तथा सिस्टम एनालिस्ट राजकुमार के अलावा अन्य अधिकारी भी मौजूद थे।

हरियाणा निकाय चुनाव: कांग्रेस ने जारी किया घोषणा पत्र, मतदाताओं से मांगा पूर्ण बहुमत

चंडीगढ़। हरियाणा में निकाय चुनाव को लेकर रविवार को कांग्रेस की ओर से हरियाणा का घोषणा पत्र जारी किया गया। गुरुग्राम के कांग्रेस भवन में पत्रकार वार्ता में घोषणा पत्र जारी करते हुए वरिष्ठ नेताओं ने प्रदेश के मतदाताओं से निकाय चुनावों में कांग्रेस को पूर्ण बहुमत देते हुए विजय बनाने की अपील की।

गुरुग्राम के कांग्रेस भवन में घोषणा पत्र जारी करने के दौरान पूर्व मुख्यमंत्री भूपेंद्र सिंह हुड्डा, प्रदेश अध्यक्ष उदयभान, पूर्व मंत्री कप्तान अजय सिंह यादव, प्रभारी करण दलाल, पूर्व मंत्री गीता भुक्कल, पूर्व मंत्री सुखबीर सिंह कटारिया, कार्यकारी अध्यक्ष जितेंद्र भारद्वाज, वर्धन यादव, मोहित ग्रोवर, पर्ल चौधरी, मीडिया कॉर्डिनेटर एवं शहरी कॉर्डिनेटर पंकज डावर, ग्रामीण कॉर्डिनेटर विरेंद्र यादव, पंकज भारद्वाज, सहप्रभारी ठाकुर राजाराम समेत कई नेता मौजूद रहे। पत्रकार वार्ता में हरियाणा के चुनावी घोषणा पत्र पर पूर्व सीएम भूपेंद्र सिंह हुड्डा व प्रदेश अध्यक्ष उदयभान ने विस्तार से चर्चा की। प्रदेश अध्यक्ष उदयभान ने हरियाणा निकाय चुनाव का घोषणा पत्र पढ़ा। गुरुग्राम का घोषणा कांग्रेस की मेयर पत्र सीमा पाहुजा ने पढ़ा।

10 साल में भी सरकार मूलभूत सुविधाएं नहीं दे पाईः भूपेंद्र सिंह हुड्डा

इस अवसर पर पूर्व सीएम भूपेंद्र सिंह हुड्डा ने कहा कि जनता कांग्रेस का मेयर व अधिक से पार्षद चुनकर सदन में भेजे। गुरुग्राम के विकास में कोई कमी नहीं रहने दी जाएगी। उन्होंने घोषणा पत्र सांझा करते हुए कहा कि नगर निगम, गुरुग्राम चुनाव-2025 के कांग्रेस का यह घोषणा पत्र स्थानीय मुद्दों, समस्याओं पर आधारित है। 10 साल से भाजपा की सरकार के शासन में गुरुग्राम में वे मूलभूत सुविधाएं नहीं मिल पाई, जिनके वायदे करके भाजपा सत्ता में आई है। नगर निगम पर भी भाजपा काबिज रही, लेकिन तस्वीर नहीं बदली। कांग्रेस पार्टी अपने घोषणा पत्र के माध्यम से गुरुग्राम की जनता से यह वायदा करती है कि गुरुग्राम की तस्वीर और तकदीर बदलने का काम किया जाएगा। हर समस्या का तय समय में समाधान, हर सुविधा विश्वस्तरीय दी जाएगी।

भाजपा सरकार 100 दिन में ही हो गई है विफलः उदयभान

प्रदेश अध्यक्ष उदयभान ने कहा कि भाजपा सरकार अपने पहले 100 दिन में ही विफल हो गई है। वैसे तो सरकार 10 साल से ही विफल रही

है, लेकिन सीएम नायब सिंह सैनी सिर्फ घोषणाओं तक सीमित रहे गए हैं। धरातल पर योजनाओं पर कोई काम नहीं हो रहा। उन्होंने घोषणा पत्र पर कहा कि कांग्रेस का निकाय चुनाव का घोषणा पत्र व्यापक पैमाने पर तैयार किया गया है। जनहित से जुड़े हर विषय को इसमें छुआ गया है। जनता की समस्याओं का बारीकी से अध्ययन करते हुए घोषणा पत्र तैयार किया गया है। उन्होंने गुरुग्राम की जनता से अपील की कि निकाय चुनाव में कांग्रेस का मेयर व पार्षद चुनकर विकास की राह आसान बनाएं।

मेयर प्रत्याशी ने पढ़ा गुरुग्राम का घोषणा पत्र

कांग्रेस की मेयर प्रत्याशी ने कहा कि गुरुग्राम को गंदगी मुक्त करके स्वच्छता की स्थायी सौगात दी जाएगी। शहर में गंदगी डालने के लिए स्थान निर्धारित होंगे। डोर-टू डोर कूड़ा कलेक्शन की प्रक्रिया को दुरुस्त किया जाएगा। गुरुग्राम में होने वाले जलभराव का स्थायी समाधान किया जाएगा7 जल निकासी के लिए पुराने नालों को साफ व पक्का किया जाएगा। गुरुग्राम के सिविल अस्पताल के निर्माण का जल्द काम शुरू कराया जाएगा।

उन्होंने कहा कि सेक्टर-10 सिविल अस्पताल में सुविधाएं बढ़ायी जाएंगी। माता शीतला मंदिर के निर्माण का काम जल्द पूरा कराया जाएगा। बस अड्डे का निर्माण कार्य जल्द से जल्द शुरू कराया जाएगा। सडकों को गड्ढा मुक्त करके बेहतर बनाया जाएगा। शहर के सभी चौक-चौराहों का सौंदर्यकरण किया जाएगा। चौक-चौराहों पर महापुरुषों की प्रतिमाएं लगवाई जाएंगी। गुरु द्रोणाचार्य जी के नाम से पार्क, म्यूजियम का निर्माण कराया जाएगा। गुरु द्रोणाचार्य जी के मंदिर का विस्तार किया जाएगा। आरडब्ल्यूए को कार्यों के लिए फंड दिया जाएगा। शहीदों व क्रांतिकारियों की प्रतिमाएं शहर में लगाई जाएंगी।

मेयर प्रत्याशी सीमा पाहुजा ने आगे कहा कि लेफ्टिनेंट अतुल कटारिया चौक का सौंदर्यकरण किया जाएगा। ग्रीन बेल्ट व पार्कों का सौंदर्यकरण करके लाइट्स का प्रबंध किया जाएगा। सार्वजनिक शौचालयों की संख्या बढ़ाई जाएगी। देखरेख प्रक्रिया को बेहतर किया जाएगा। ट्रैफिक व्यवस्था को दुरुस्त करने पर योजनाबद्ध तरीके से काम किया जाएगा। मल्टीलेवल पार्किंग को जल्द से जल्द शुरू किया जाएगा। गुरुग्राम के प्रवेश व निकास द्वारों पर स्वागत व धन्यवाद द्वार बनाए जाएंगे। मां शीतला मंदिर रोड पर स्वागत द्वार बनाए जाएंगे। स्ट्रीट लाइट व्यवस्था को बेहतर व दुरुस्त किया जाएगा। निर्माण कार्यों के दौरान एनओसी को लेकर विभागों में तालमेल से काम किया जाएगा। कहीं भी खुदाई का काम पूरा होता है तो तुरंत वहां पर सडक का निर्माण किया जाएगा, ताकि यातायात व्यवस्था सुचारू रह सके। इसके अलावा हर कालोनी में पेयजल, सीवरेज व जल निकासी की व्यवस्था दुरुस्त होगी। खांडसा मंडी में सफाई को लेकर विशेष रूप से काम होगा। बसई फ्लाईओवर के पास दो साल से अधिक समय से बंद पड़े नाले के काम को तत्काल पूरा किया जाएगा। सडकों का चौड़ीकरण किया जाएगा, ताकि यातायात जाम से मुक्ति मिल सके। एमजी रोड पर व्यापार सदन में बन रहे नगर निगम के भवन का काम जल्द पूरा कराया जाएगा। एमजी रोड, दिल्ली रोड, बसई रोड, ओल्ड व न्यू रेलवे रोड, पुराना दिल्ली रोड, खांडसा रोड, सेक्टर-4/7 चौक से सेक्टर-9 तक के रोड का बेहतर निर्माण कराकर सौंदर्यकरण किया जाएगा। बेसहारा पशुओं को सडकों से हटाकर गौशालाओं में भिजवाया जाएगा। नगर निगम कार्यालय में सभी तरह के कार्यों के लिए विंडो सिस्टम को बेहतर बनाया जाएगा। नगर निगम आपके द्वार कार्यक्रम चलाकर हर वार्ड में जनसमस्याएं सुनकर समाधान किया जाएगा। महिलाओं, युवाओं के लिए पार्कों व अन्य

समाज को जोड़ने का कार्य करते हैं कला व संस्कृति : डॉ गगनदीप कौर

पलवल कॉलेज में उमंग सांस्कृतिक महोत्सव सम्पन्न

कबीरा खड़ा बाजार में नाटक रहा अव्वल

हरियाणा वाटिका/एकजोत

कुरुक्षेत्र, 24 फरवरी। राजकीय कन्या महाविद्यालय पलवल में सांस्कृतिक प्रकोष्ठ द्वारा आयोजित दो दिवसीय बसंत सांस्कृतिक महोत्सव उमंग का रंगारंग समापन हो गया। प्राचार्या डॉ गगनदीप कौर ने विजेता प्रतिभागियों को प्रमाण-पत्र व नगद पुरस्कार देकर सम्मानित किया। उन्होंने कलाकारों को संबोधित करते हुए कहा कि कला व संस्कृति समाज को जोड़ने का कार्य करते हैं। संगीत साहित्य में कला मनुष्य में संवेदनाओं का निर्माण करती हैं। सांस्कृतिक प्रकोष्ठ के प्रभारी डॉ कृष्ण कुमार ने बताया कि नाट्य विधा में भीष्म साहनी द्वारा रचित कबीरा खड़ा बाजार में प्रथम, मोहन राकेश द्वारा रचित मलबे का मालिक दूसरे और धर्मवीर भारती द्वारा रचित अंधा युग तीसरे स्थान पर रहा। हरियाणवी नृत्य में रोजी ने प्रथम स्थान हासिल किया, जबकि पंजाबी नृत्य में बीकॉम की छात्राओं निर्मलप्रीत प्रथम, साक्षी द्वितीय व कमलप्रीत तृतीय रही। साधारण नृत्य विधा में बीए अंतिम वर्ष की निभा ने पहला एवं एमए हिंदी द्वितीय वर्ष की शिल्पा ने दूसरा व रजनी ने तृतीय स्थान हासिल किया। निर्णायक मंडल की भूमिका डॉ रूपा, डॉ जितेंद्र, डॉ राजबीर, डॉ हृदिश कौर व डॉ कोमल ने निभाई। इस दौरान चीफ प्रॉक्टर डॉ मीनाक्षी, डॉ बीर इंदौर कौर, डॉ सतीश गर्ग, डॉ मंजीत कौर, प्रो मोनिका व प्रीति शर्मा मौजूद रहे।

सम्पादक, स्वामी, प्रकाशक, मुद्रक नेहा वालिया द्वारा साई प्रिंटिंग प्रैस, बी-868, न्यू अशोक नगर, दिल्ली-110096 से मुद्रित एवं वालिया सदन वार्ड संख्या 10, लोहारू, भिवानी (हरियाणा) 127201 से प्रकाशित। समाचार पत्र में प्रकाशित सभी समाचारों के लिए पीआरबी एट के तहत उत्तरदायी। फोन:01252-259260, 9255149495,
ईमेल: haryanavatika@gmail.com हरियाणा वाटिका:- प्रेरणास्त्रोत- स्व. डॉ. एल सी वालिया, समूह संपादक एवं संरक्षक- श्रीमति सरला